श्रावण शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 5 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 260, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सेमीफाइनल में हारे लक्ष्य, खेलेंगे कांस्य मुकाबला 13

धनुष की रायन ने 100 करोड़ का आंकड़ा किया पार 14

## चीतल के झुंड पर आवारा कुत्तों के हमले में तीन की मौत, चार घायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पीलीभीत टाइगर रिजर्व की बराही रेंज में हुई घटना

**अमृत विचार :** जंगल से बाहर निकले चीतल के झुंड पर कुत्तों ने हमला बोल दिया। इससे चीतलों में भगदड़ मच गई। भागने में कुछ चीतल जंगल की सीमा पर फेंसिंग से टकरा गए जिससे तीन की मौत हो गई जबकि चार घायल हो गए।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में हिरन की चार प्रजातियों में से चीतल सबसे ज्यादा पाया जाता है। बराही रेंज में गेस्ट हाउस के समीप शनिवार रात चीतलों का झुंड जंगल से बाहर निकल आया। झुंड खेतों में आगे की ओर बढ़ रहा था कि कुत्तों ने हमला कर दिया। कुछ चीतल जंगल की ओर भाग खड़े हुए लेकिन तार की फेंसिंग होने से जंगल नहीं जा सके। रास्ता खोजने में कुछ चीतल बार-बार फेंसिंग से टकराते रहे। कुत्तों के नोचने एवं फेंसिंग से टकराने से तीन चीतलों की मौत हो गई जबकि चार घायल हो गए। सूचना पर बराही रेंज के स्टॉफ मौके पर पहुंचे। मृत चीतलों का पोस्टमार्टम कराया गया।



चीतल के शवों को वाहन में लादते वनकर्मी।

> चीतलों का झुंड रास्ता भटककर जंगल से बाहर निकल गया था। कुत्तों के हमले से घायल तीन चीतल तार की फेंसिंग से टकरा गए जिससे उनकी मौत हो गई। इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई है।
> – **अरुण मोहन श्रीवास्तव**, क्षेत्रीय वनाधिकारी, बराही रेंज




## ब्रिटेन को हराकर सेमीफाइनल में भारत

पेरिस, एजेंसी

**ओलंपिक हॉकी**

- शूटआउट में ब्रिटेन को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह
- जर्मनी या अर्जेंटीना से हो सकता है भारतीय टीम का मुकाबला

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों के क्वार्टरफाइनल में ब्रिटेन को शूटआउट में 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई वहीं मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम क्वार्टरफाइनल में स्पेन से 3-2 से हार गया। भारतीय हॉकी टीम का सेमीफाइनल में सामना जर्मनी और अर्जेंटीना बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल मैच के विजेता से होगा। वहीं स्पेन का सेमीफाइनल में मुकाबला नीदरलैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया मैच के विजेता से होगा।

इससे पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को पेरिस ओलंपिक के क्वार्टरफाइनल में ब्रिटेन को शूटआउट में 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। शूटआउट में भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, ललित उपाध्याय और राज पाल कुमार ने गोल दागे। वहीं ब्रिटेन के लिए जेम्स अलबेरी ने चैक वाललेस गोल किया। शानदार फॉर्म में चल रहे हरमनप्रीत सिंह ने 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई। ओलंपिक में यह उनका सातवां गोल था। वहीं ब्रिटेन के ली मॉर्टन ने दूसरे क्वार्टर के समाप्त होने से ठीक दो मिनट पहले स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।







## भिड़ंत के बाद खड्ड में गिरी स्लीपर बस और कार, 6 लोगों की मौत, 42 घायल

### इटावा जिले में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर शनिवार की रात हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- डिवाइडर फांदकर दूसरी दिशा से आ रही बस टकराई कार

**अमृत विचार :** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर शनिवार रात एक बजे थाना ऊसराहार क्षेत्र में तेज रफ्तार बेकाबू कार डिवाइडर फांदकर दूसरी ओर से रायबरेली से आ रही स्लीपर बस से जा टकराई। टक्कर लगने के बाद दोनों वाहन रोड से 40 फुट नीचे खाई में जा गिरे। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और 42 लोग घायल हो गए। पुलिस ने मानव चेन बनाकर खाई में गिरी बस और कार से घायलों को निकाला और अस्पताल पहुंचाया।

नागालैंड नंबर की स्लीपर बस रायबरेली से करीब 60 यात्री लेकर दिल्ली जा रही थी। दूसरी ओर बालाजी के दर्शन करके आगरा से लखनऊ की ओर जा रही कार बेकाबू होकर डिवाइडर पार करके दूसरी रोड पर आ गई और सामने से आ रही बस से टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों वाहन तेज धमाके के साथ सड़क किनारे करीब 40 फुट नीचे खाई में जा गिरे। चीख-पुकार मच गई। सूचना पर एसएसपी संजय वर्मा, एएसपी सत्यपाल सिंह, एसडीएम सदर राघव विक्रम, सीओ सैफई शैलेंद्र प्रताप गौतम व अन्य कई अधिकारी तथा आसपास के थानों की फोर्स भी मौके पर पहुंच गई।

फोर्स ने मानव चेन बनाकर खाई से घायलों को निकाला और सैफई मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर भिजवाया। कार में सवार कन्नौज के थाना तालग्राम क्षेत्र के गांव गदाइया ऊसर निवासी 35 साल के मोनू सिंह तथा उनकी 70 वर्षीय मां चंदा देवी, इसी थाना क्षेत्र में गांव टीसोली के 21 वर्षीय सचिन की मौत हो गई, तीन अन्य कार सवार घायल हो गए। बस में सवार लखीमपुर खीरी भड़सरिया के ओमप्रकाश, अमेठी जायस के शानू शाह तथा एक अज्ञात व्यक्ति को डाक्टरों ने अस्पताल में मृत घोषित कर दिया। बस के अन्य 42 यात्रियों को इलाज के लिए भर्ती किया गया है। इनमें ज्यादातर अमेठी, रायबरेली, इटावा, लखनऊ के हैं। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि कार के दूसरी ओर की रोड पर जाने से भीषण हादसा हुआ है। छह लोगों की जान चली गई है, 42 घायलों का इलाज किया जा रहा है।



अस्पताल में भर्ती घायल यात्री को देखते एसएसपी संजय वर्मा। ● अमृत विचार


हादसे में कार के उड़े परखच्चे।


## नीट एमडीएस की 280 सीटों के लिए 780 की सूची जारी

**लखनऊ।** नीट एमडीएस की दूसरी काउंसिलिंग में 280 सीटों पर दाखिले के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से 780 अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी कर दी गई है।

पहले चरण की काउंसिलिंग के बाद कॉलेजों में रिक्त सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय (डीजीएमई) ने कॉलेजवार रिक्त सीटों का ब्यौरा वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया है। प्रवेश के लिए रिक्त सीटों में केजीएमयू की मात्र दो सीटें शामिल हैं, शेष 278 सीटें 23 निजी डेंटल कॉलेजों की हैं। लखनऊ स्थित केजीएमयू के दंत विभाग में एक सामान्य दिव्यांग और एक एसटी, कुल दो सीटों पर दाखिला होना हैं, जबकि उप्र आयुर्विज्ञान संस्थान सैफई में कोई सीट रिक्त नहीं है।

डीजीएमई किंजल सिंह ने बताया कि पहले चरण की काउंसिलिंग में सीट आवंटन होने के बाद भी दाखिला न लेने वाले और दाखिला लेने के बाद छोड़ देने वाले अभ्यर्थियों को नियमों के तहत दूसरी काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए आवेदन करना होगा, धरोहर राशि दोबारा नहीं जमा करनी होगी।

## केदारनाथ यात्रियों की मदद को पहुंची सेना


केदारघाटी में अवरुद्ध मार्ग खोलने में जुटे सेना के जवान।

**640** तीर्थयात्रियों को चौथे दिन किया गया रेस्क्यू

**400** लोगों को पैदल केदारनाथ से लिंचौली लाए गए

ब्यूरो, देहरादून

- खराब मौसम की वजह से एमआई-17 व चिनूक हेलीकॉप्टर नहीं भर पा रहे उड़ान

**अमृत विचार :** केदारघाटी में हुई त्रासदी के बाद रेस्क्यू अभियान जारी है। चौथे दिन यात्रियों की मदद के लिए राहत-बचाव कार्य की कमान सेना ने संभाल ली। रविवार को 640 लोगों को रेस्क्यू किया गया।

केदारघाटी में 31 जुलाई को हुई भारी बारिश व बादल फटने के चलते गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे विभिन्न पड़ावों पर हजारों तीर्थयात्री व स्थानीय लोग फंस गए थे। रेस्क्यू में तेजी लाने के लिए चौथे दिन आज सेना की मदद ली गई। जनपद में तैनात 6 ग्रेनेडियर यूनिट कर्नल हितेश वशिष्ठ के नेतृत्व में सेना रास्तों को पुनर्स्थापित करने और पुल बनाने के अलावा सर्च अभियान में मदद कर रही है। वायुसेना का चिनूक हेलीकॉप्टर मौसम खराब होने से अभी तक एक भी उड़ान नहीं भर पाया है। एमआई - 17 हैलीकॉप्टर से 60 लोगों को ही रेस्क्यू किया जा सका है। ऐसे में छोटे हेलीकॉप्टरों से रेस्क्यू किया जा रहा है। रविवार को 400 लोगों को केदारनाथ से लिंचौली तक पैदल लाकर लिंचौली से इन्हें हेलीकॉप्टर से चारधाम हेलीपेड व सिरसी हैलीपेड आदि स्थानों पर लाया गया।

### एक नजर

#### सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की उन याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा जिनमें उन्होंने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में जमानत का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी. विश्वनाथन की पीठ इन दोनों याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

#### वडोदरा की सड़कों पर पहुंच रहे मगरमच्छ

**अहमदाबाद।** गुजरात के वडोदरा शहर में विश्वामित्री नदी से निकलकर मगरमच्छों के आवासीय इलाकों में घुसने की समस्या हर साल की तरह इस साल भी देखने को मिल रही है। पिछले महीने आवासीय इलाकों में पहुंचे 21 मगरमच्छों को पानी में छोड़ा गया। एक अधिकारी ने बताया कि नदी का 17 किमी हिस्सा वडोदरा से होकर गुजरता है। इसमें करीब 300 मगरमच्छ रहते हैं।

#### ईडी ने लेह से जब्त किए एक करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** ईडी ने लद्दाख एवं अन्य कुछ स्थानों पर लोगों को ठगने वाली एक फर्जी क्रिप्टोकरेंसी निवेश कंपनी के संचालकों के विरूद्ध छापेमारी में एक करोड़ रुपये जब्त किए है। ईडी ने लेह, जम्मू और हरियाणा के सोनीपत में दो अगस्त को यह तलाशी की थी।

## रेपो दर को 6.5% यथावत रख सकता है रिजर्व बैंक

मुंबई, एजेंसी

- कटौती से पहले आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर सकता है बैंक

आरबीआई गुरुवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को एक बार फिर 6.5% पर बरकरार रख सकता है। विशेषज्ञों ने अनुमान जताया कि केंद्रीय बैंक दर में कटौती करने से पहले अधिक व्यापक आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर सकता है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक ने ब्याज दर पर यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया है और संकेत दिया है कि आने वाले महीनों में मौद्रिक नीति में ढील दी जा सकती है।

विशेषज्ञों ने कहा कि महंगाई का दबाव बने रहने के बीच आरबीआई ब्याज दर पर अपना रुख बदलने से पहले अमेरिकी मौद्रिक नीति पर बारीकी से नजर रखेगा। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) भी दर में कटौती से परहेज कर सकती है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी की बैठक 6-8 अगस्त के बीच होनी है। दास 8 अगस्त को दर निर्धारण समिति के फैसले की घोषणा करेंगे। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि आगामी नीतिगत समीक्षा में आरबीआई यथास्थिति बनाए रखेगा।

## घर की दीवार ढही, दबने से 9 बच्चों की मौत

सागर, एजेंसी

- मध्य प्रदेश के सागर जिले में हुआ हादसा, दो अन्य घायल
- जर्जर मकान के पास टेंट में बैठकर बना रहे थे शिवलिंग


शाहपुर गांव में दीवार गिरने के बाद मलबा हटाती जेसीबी। ● एजेंसी

मध्य प्रदेश के सागर जिले में रविवार को एक जर्जर मकान की दीवार ढह जाने से नौ बच्चों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना रहली विधानसभा क्षेत्र के शाहपुर गांव में एक मंदिर परिसर के पास एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हुई। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शाहपुर नगर पंचायत के मुख्य निगम अधिकारी और उप अभियंता को निलंबित कर दिया है। उन्होंने राज्य भर के नगर निकायों को जर्जर भवनों की पहचान करने और कार्रवाई का भी निर्देश दिया।

सागर के मंडल आयुक्त वीरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि शाहपुर में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान दीवार ढहने की घटना में 10 से 15 साल के नौ बच्चों की मौत हो गई एवं दो अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। भाजपा के स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने बताया कि जर्जर मकान के पास एक टेंट में शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान दीवार ढह कर टेंट पर गिर गई। उन्होंने बताया कि कई बच्चे टेंट और मलबे के नीचे दब गए। भार्गव ने बताया कि घटना में जान गंवाने वाले कई बच्चे अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। जिलाधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि बच्चे मंदिर के पास लगाए गए टेंट में बैठे हुए थे तभी बारिश के कारण मकान की दीवार ढह गई। उन्होंने बताया कि हादसे में दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सात अन्य ने अस्पताल ले जाते समय या इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। आर्य के अनुसार दो घायल बच्चों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है और वे खतरे से बाहर हैं।

## मोबाइल में रील देखने पर किशोरी को गंजा कराया

- मां ने दो रिश्तेदारों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में शर्मनाक घटना सामने आई है। पढ़ाई में ध्यान न देने पर रिश्तेदारों ने किशोरी का सिर गंजा करा दिया। वह एक साल से रिश्तेदारी में रह रही थी। टीवी और मोबाइल में रील देखने पर उसे ऐसी सजा दी गई। शामली जिले के कोतवाली क्षेत्र निवासी मां साहिबा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी 15 वर्षीय बेटी चाहत उर्फ जन्नत को मुरादाबाद के गलशहीद क्षेत्र निवासी रिश्तेदार अदनान के घर पढ़ाई के लिए भेजा था। बेटी यहां रहकर एक साल से पढ़ाई कर रही थी, लेकिन पढ़ाई-लिखाई से किशोरी का ध्यान भटक गया और वह ज्यादातर समय टीवी और मोबाइल देखने में बिताने लगी। उसकी हरकतों से गुस्साए अदनान ने नाई से उसका सिर गंजा करा दिया। बेटी ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। नाराज मां ने अदनान और उसकी पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। गलशहीद थाना प्रभारी सौरभ त्यागी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## गर्भवती को निर्वस्त्र घुमाने में 14 दोषियों को 7 वर्ष की कैद

जयपुर, एजेंसी

- तीन महिला आरोपियों को पांच पांच साल की कैद
- राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले की अदालत ने दी सजा

राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले की एक अदालत ने पिछले साल सितंबर में धारियावाड़ में 20 वर्षीय गर्भवती महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले में उसके पति सहित 14 पुरुषों को शनिवार को सात साल की कैद की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि धारियावाड़ कांड मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ किए गए अपराध के समान ही एक जघन्य अपराध था। विशेष लोक अभियोजक मनीष नागर ने बताया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामकन्या सोनी ने धारियावाड़ कांड में दोषी पाई गई तीन महिलाओं को पांच साल की जेल की सजा सुनाई।

अदालत ने पीड़िता के पति कान्हा मीणा के अलावा खेतिया मीणा, मोतिया मीणा, पुनिया मीणा, केसरा मीणा, सूरज मीणा, पिंटू मीणा, नाथूलाल मीणा, मानाराम मीणा, नेतिया मीणा, रूपा मीणा, गौतम मीणा, रामलाल मीणाा, रमेश मीणा को सात-सात साल कैद, जबकि तीन महिला दोषियों-इंद्रा मीणा, मिरकी मीणा और झुमली मीणा को पांच-पांच साल कैद की सजा सुनाई।

## अयोध्या सामूहिक दुष्कर्म मामले पर वार-पलटवार की राजनीति गरमाई

### उप चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी को घेरने में जुटी भाजपा, कांग्रेस से सपा में आया मोईद, 50 करोड़ की संपत्ति का है मालिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या में 12 साल की बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म को लेकर रविवार को राजनीतिक वार-पलटवार और तेज हो गए। भाजपा 10 सीटों पर होने वाले उप चुनाव में जीत के लिए इस मुद्दे पर सपा को घेरने में जुट गई है। इस मुद्दे के जरिए भाजपा खिसक रहे पिछड़ा वोट बैंक को साधने में कोई कसर छोड़ना नहीं चाह रही है।

इसमें आरोपी सपा नेता मोईद खान पर कार्रवाई के बजाय सपा प्रमुख अखिलेश यादव की ताजा बयानबाजी आग में घी का काम कर रही है। इस मामले में कांग्रेस का नाम भी जुड़ रहा है। इस बीच, जिला प्रशासन ने आरोपी मोईद खान की पूरी कुंडली शासन को भेजी है। जांच में उसकी संपत्ति करीब 50 करोड़ आंकी गई है। बताया गया है कि मोईद शुरुआती जीवन में रोजी-रोटी के लिए मोहताज था। लेकिन भदरसा कस्बे के विस्तारीकरण के साथ प्रापर्टी डीलिंग कर कुछ कांग्रेस नेताओं के साथ कार्य करने लगा था। सपा में आने के बाद वर्ष 2012 में भदरसा दंगे ने उसे दबंग बना दिया और कमाई करोड़ों में होने लगी। अधेड़ आरोपी मोईद खान व कर्मचारी राजूखान पर दो महीने पहले मासूम से दुष्कर्म करने को लेकर चिकित्सा जांच में लड़की के गर्भवती होने की पुष्टि अहम सबूत है।

#### कोर्ट ले संज्ञान, घटना का न हो राजनीतिकरण : अखिलेश



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए मांग की कि सरकार पीड़िता को अच्छी चिकित्सीय सुविधा दिलाए। उसके जीवन की रक्षा की ज़िम्मेदारी सरकार की है। न्यायालय से आग्रह है कि स्वत: संज्ञान लेकर स्थिति की संवेदनशीलता व गंभीरता को देखते हुए अपने पर्यवेक्षण में पीड़िता की हर संभव सुरक्षा सुनिश्चित करवाएं। ऐसी घटना का राजनीतिकरण बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए।

#### धमकी के बाद पीड़िता के हर निवाले की हो रही जांच

सपा नेताओं द्वारा अस्पताल में पीड़िता को धमकी दिए जाने का मामला सामने आने के बाद पीड़िता के हर एक निवाले पर नजर रखी जा रही है। पानी भी बोतल बंद दिया जा रहा है। पौष्टिक आहार बढ़ा दिया गया है। दूध-दलिया व पोहा के अलावा वह तमाम चीजें दी जा रही है, जिसकी पीड़िता मांग कर रही है।

#### सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी के अलावा 11 अन्य के कब्जे चिह्नित

भदरसा सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी द्वारा जमीन पर कब्जा करके बनाए गए कई अन्य निर्माण चिह्नित किए गए हैं। रविवार को प्रशासन को श्मशान की भूमि के साथ सरकारी जमीन पर कब्जा व निर्माण मिला। श्मशान की भूमि पर भवन और सरकारी भूमि पर कॉम्लेक्स बने हैं। आरोपी के मकान में रही पुरानी पुलिस चौकी भी अवैध मिली। 11 अन्य के भी कब्जे चिह्नित किए गए हैं।

#### सपा सरकार में अपराधी छुट्टा सांड़ थे : राजभर



सुभासपा प्रमुख व पंचायतीराज मंत्री ओपी राजभर ने कहा कि अयोध्या में सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सरकार का बुलडोजर अपना काम कर रहा है। सरकार कार्रवाई में कहीं भी पीछे नहीं है। दुख की घड़ी में सबको वहां जाना चाहिए। सपा की सरकार को लोग गुंडा की सरकार के नाम से जानते थे। सपा सरकार में अपराधी छुट्टा सांड़ की तरह घूमते थे।

## सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए खुला स्पर्श केंद्र

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** इंडियन वेटरेंस ऑर्गनाइजेशन की ओर से सेवानिवृत्त सैनिकों की मदद के लिए कैंट क्षेत्र स्थित ब्रिगेड कैंटीन परिसर में स्पर्श केंद्र शुरू किया गया है। जिलाध्यक्ष सत्यवीर सिंह ने बताया कि स्पर्श केंद्र पर कोई भी पूर्व सैनिक पेंशन संबंधी समस्या के समाधान के लिए आ सकता है। पेंशन संबंधी समस्या के निराकरण के लिए पूर्व सैनिकों को पीपीओ नंबर और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर लाना जरूरी है। केंद्र पर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट, मैनुअल लाइफ सर्टिफिकेट, आधार जोड़ना और बदलना, पैन जोड़ना, पेंशन स्लिप दिलाना, पीपीओ कापी प्राप्त करने, पेंशन नहीं मिलने की शिकायत दर्ज करने समेत अन्य कठिनाइयों को दूरा किया जा सकता है।

### खिरनीबाग मैदान में शिव पुराण कथा सुनने उमड़े भोले बाबा के भक्त

# हनुमान के रूप में होती है शिव की आराधना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान की ओर से सावन के महीने में शुरू की गई श्री शिव महापुराण कथा में श्रोता उमड़ने लगे हैं। खिरनीबाग जीआईसी मैदान में चल रही कथा में चतुर्थ दिवस संत अतुल कृष्ण भारद्वाज ने आदिदेव भगवान भोलेनाथ विभिन्न स्वरूपों का वर्णन सुनाकर श्रोताओं को धन्य किया। उन्होंने कहा कि ओंकार ही परमात्मा का स्वरूप है।

माता सती के जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि ब्रह्मांड में जो ध्वनि हमेशा गुंजायमान रहती हैं, उसे ही श्रीमद्भगवद्गीता में ओंकार को एकाक्षर ब्रह्म कहा गया है। कथा व्यास अतुल कृष्ण भारद्वाज ने



श्री शिव महापुराण कथा में कथा व्यास का आशीर्वाद लेते विधायक हरि प्रकाश वर्मा।

- **जलालाबाद विधायक ने लिया कथा का आनंद**

कहा कि दक्ष के तप से प्रसन्न होकर मां भगवती ने उन्हें दर्शन दिए और कहा कि वह तप से प्रसन्न हैं और उनके यहां पुत्री के रूप में जन्म लेंगी। तब मेरा नाम सती होगा। दक्ष सती को पाकर धन्य हुए और सती की तपस्या उपरांत सती का विवाह भगवान शिव के साथ हुआ। विष्णु व शिव दोनों का सम्मिलित रूप होने के कारण हरिहर वैष्णव तथा शैव दोनों के लिए पूज्य है। कथा व्यास भारद्वाज ने बताया विष्णु पुराण में भी विष्णु को ही शिव कहा गया है, जबकि शिव पुराण के अनुसार शिव के ही हजार नामों मे से एक है शिव। हनुमान के रूप में भी उनकी आराधना की जाती है।

### इन्होंने किया व्यास पीठ का पूजन

व्यास पीठ का पूजन एवं आरती जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा, एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ. सुरेश कुमार ने सपत्नीक, संजीव राठौर, बृजेश सक्सेना, मधु सक्सेना, रचना अवस्थी, रजनी भानु सिंह, हरकेश शुक्ला, आयुष मिश्रा, वेदप्रभा वाजपेई, रामकुमार, अभिनव तिवारी, गौरव मिश्रा, विशाल आदि ने की। मुख्य आयोजक हरिशरण बाजपेयी, जितेंद्र नाथ तिवारी, नीरज बाजपेई ने विधायक हरि प्रकाश वर्मा को कथा व्यास के माध्यम से अंग वस्त्र भेंट कराकर सम्मानित किया।



खिरनीबाग मैदान में चल रही शिवमहापुराण कथा में हुई आरती में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# जलाभिषेक के लिए उमड़ता रहा कांवड़ियों का रेला, गूंजे जयकारे

## सावन के तीसरे सोमवार को छोटी काशी गोला में आराध्य देव का अभिषेक करने को भक्तों में दिखा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सावन के तीसरे सोमवार को अपने आराध्य देव महादेव का जलाभिषेक करने के लिए एक दिन पहले अर्थात रविवार को भक्तों में जबरदस्त उल्लास, उत्साह और जोश दिखाई दिया। महानगर में जहां कांवड़ियों के जत्थे सुबह से देर रात तक छोटी काशी गोला में गंगा जल से अभिषेक करने के लिए उमड़ते रहे, वहीं कांवड़ियों का विश्राम स्थल सुभाष चौराहा (हथौड़ा चौराहा) रहा, जो दोपहर बाद से पूरी रात भोले बाबा के भजनों और जयकारों से गूंजता रहा। रविवार को सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां, मेटाडोर, दो पहिया वाहनों से श्रद्धालु गोला गोकर्णनाथ के लिए कूच करते रहे। चौराहा पर दिनभर लोगों ने कांवड़ियों की सेवा में भंडारे लगाए और फल वितरित किए।

- **विश्राम स्थल सुभाष चौराहा पर दिखा मेले जैसा माहौल**
- **समाजसेवियों ने बांटे फल लगाए लंगर**

सावन महीने में सोमवार के महत्व को देखते हुए भगवान भोलेनाथ के भक्तों में अब जोश और उत्साह बढ़ना शुरू हो गया है। फर्रुखाबाद स्थित घटियाघाट गंगा जी से जल भरकर हजारों युवा और बुजुर्ग कांवड़ लेकर निकल पड़े हैं। कांवड़ियों के जत्थे महानगर और बाईपास होते हुए अपने आराध्य देव की जय-जयकार करते हुए जलाभिषेक को कूच कर रहे हैं। चूंकि गोला गोकर्णनाथ का प्राचीन मंदिर पौराणिक मान्यता से जुड़ा है, इसलिए सभी भक्त गंगा जल से भोले बाबा का अभिषेक करने को निकल पड़े हैं। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर महिलाएं भी दिखाई पड़ रही हैं।

सुभाष चौराहा पर नगर निगम की ओर से पानी का टैंकर खड़ा कर दिया गया है, साथ ही पंडाल भी लगाया गया है, जिसमें भंडारा चल रहा है। समाजसेवी लोग भंडारा कर रहे हैं। वहीं, लंगोटी वाले बाबा धर्मस्थल के समीप भी दिनभर भंडारा चला। इसके अलावा लोग फलों का वितरण भी खूब कर रहे हैं। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर शिव-पार्वती के स्वरूप में सजे युवक भजनों पर नृत्य कर आनंदित हो रहे हैं, उनके साथ भजनों पर युवा भी मस्ती से झूम रहे हैं। कांवड़ यात्रियों से महानगर की सड़कें भी जयकारों से गूंज रही हैं।



सुभाष चौराहे पर डीजे में बज रहे भजनों पर डांस कर मस्ती करते भोले बाबा के भक्त। ● अमृत विचार




भंडारा में पेट पूजा करते कांवड़िया और अन्य श्रद्धालु। ● अमृत विचार



ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर तिरंगा झंडा और धार्मिक ध्वज लगाकर गोला के लिए निकलते श्रद्धालु।



छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ जाते कांवड़िया। ● अमृत विचार



भजनों पर थिरकते शिव-पार्वती के स्वरूप में सजे कलाकार।

# वरुण अर्जुन कॉलेज ने तिलहर में लगाया निःशुल्क हड्डी रोग शिविर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से रविवार को नगर पालिका टाउन हॉल तिलहर में निःशुल्क हड्डी रोग शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में मरीजों की ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की जांच की गई। सभी मरीजों को परामर्श व दवाइयां भी निःशुल्क दी गई और जांचों व सिटी स्कैन और एमआरआई के डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए।

मेडिकल कॉलेज के पीआरओ रईसुद्दीन ने बताया कि इस प्रकार के निशुल्क शिविर प्रत्येक रविवार को लगते रहेंगे। उन्होंने हड्डी रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, साइटिका, पैरों की कमजोरी, पैरों का सुन्नपन, झनझनाहट, गर्दन का दर्द, रीढ़ का दर्द, जन्म से टेढ़े-मेढ़े हाथों पैरों का इलाज, हड्डी का संक्रमण, हड्डी की टीबी आदि का सफल इलाज सस्ते दरों पर उपलब्ध है। परिवार स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी दी, जो अस्पताल के द्वारा 200 रुपये में बनाया जाता है और 1 वर्ष के लिए मान्य है। शिविर में हड्डी रोग के विशेषज्ञ डॉ. विवेक मिश्रा की टीम के साथ पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल कॉलेज के मेडिकल पीआरओ रईसुद्दीन मौजूद रहे।



वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के शिविर में जांच करता स्टाफ।

### तीन स्कूली वाहन, एक बस की हुई फिटनेस

**शाहजहांपुर।** सरकार की मंशानुरूप सभी स्कूली वाहनों व टैक्सी गाड़ियों की फिटनेस, परमिट के लिए परिवहन विभाग की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में रविवार को एआरटीओ शांति भूषण पांडेय के निर्देश पर नियामतपुर स्थित एआरटीओ कार्यालय में फिटनेस कैंप लगाकर फिटनेस, परमिट जारी किए गए हैं। जिसमें जिन स्कूलों को नोटिस भेजे गए थे, उनमें तीन स्कूली वाहनों की फिटनेस व एक प्राइवेट बस की फिटनेस की गई। इसके साथ ही अन्य स्कूल प्रबंधकों को जल्द से जल्द फिटनेस, परमिट कराने को कहा गया।

### उपचुनावः एसपी ने दिए दिशा निर्देश

**शाहजहांपुर।** पुलिस लाइन प्रेक्षागृह में एसपी अशोक कुमार मीणा ने जिला पंचायत के रिक्त पदों पर होने वाले चुनाव को लेकर अधिकारियों और थाना प्रभारियों को दिशा निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया कि छह अगस्त को उप चुनाव है। पुलिस बल की ब्रीफिंग की गई और दिशा निर्देश दिए गए।

# पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत, कई जगह लगे स्टॉल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सावन का आधा माह हो चुका है और इसी के साथ ही शिवभक्त कांवड़ियों का रैला भी सड़कों पर दिखाई देने लगा है। कोई कांवड़ में गंगाजल लेने जा रहा है, तो कोई कांवड़ में गंगाजल लेकर छोटी काशी लौट रहा है। वहीं कांवड़ियों के स्वागत के लिए जगह-जगह स्टॉल लगने शुरू हो गए हैं, जिसमें उत्साहित भक्त प्रसाद पा रहे हैं।

जलालाबाद। रविवार को कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया और भंडारे में भोजन एवं फल, हलवा पूड़ी खिलाई गई। कोला मोड़ मुख्य मार्ग पर नव युवक कांवड़िया मंगलदल पशुरामपुरी द्वारा भंडारे का आयोजन शुक्रवार से लगातार शिव इच्छा तक किया गया। जिसमें अनिल गुप्ता ,अजय गुप्ता,विवेक गुप्ता, पापू गुप्ता, अनिल भारद्वाज,राजू भारद्वाज, अनूप गुप्ता,विश्वास गुप्ता ,सुनील गुप्ता ,वीर गुप्ता विट्टू,समस्त शिव भक्त शामिल रहे। प्रशासन की ओर से एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार, सीओ अजय राय ने व्यवस्थाओं को देखा।

अल्हागंज। पांचाल घाट फर्रुखाबाद से गंगाजल भरकर गोला गोकर्णनाथ धाम जा रहे कांवड़ियों का केडी सिंह कॉलेज सुगसुगी में कांवड़ियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत कर हलवा वितरित किया गया। इस दौरान जय भोले के जयकारे लगते रहे। इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक संतोष सिंह परमार, प्रदीप परमार, मनोज पाठक, रणविजय सिंह, कल्लू सिंह, शिवांशु परमार, श्यामवीर सिंह, विजय दुबे, ओमप्रकाश पांडेय, अंशू सिंह, सौरभ सोमवंशी, अमित सिंह परमार, विवेक सिंह, शिवरतन सिंह, आंनद सिंह, धनंजय सिंह, सत्यम सिंह, लखन, विकास, नितिन, कौशल आदि थे।



कांट में प्रसाद ग्रहण करते कांवड़िया। ● अमृत विचार



जलालाबाद में कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा करते लोग। ● अमृत विचार

### कांवड़ियों की सेवा कर रहे शिव भक्त

**कांट।** जलालाबाद-शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर नगर में कांवड़ियों की सेवा करने के लिए मां दुर्गा जन कल्याण सेवा समिति व नहर कोठी, शाहजहांपुर रोड पर राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के जिलाध्यक्ष संदीप हिंदू और कार्यकर्ताओं की ओर से रविवार को कांवड़ियों के जाने वाले मुख्य मार्ग पर एक दिवसीय भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें कांवड़ियों को प्रसाद ग्रहण कराया गया। सावन माह में बड़ी संख्या में कावड़ियां फर्रुखाबाद से गंगाजल लेकर जिले के प्राचीन शिवमंदिरों व शिव की नगरी और गोला गोकर्णनाथ में भगवान शिव पर जलाभिषेक करने जाते हैं। जिसके चलते फर्रुखाबाद शाहजहांपुर हाईवे पर कांवड़ियों के जत्थे जाते हुए देखे जा सकते हैं। जत्थों के लिए शिव भक्त खाने पीने आदि की व्यवस्था करते हैं, ताकि रास्ते में उन्हें कोई दिक्कत न हो और शिवभक्त भूखे प्यासे न रहे। इस मौके पर मां दुर्गा जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा, शिवम भारद्वाज, रूबल, विपिन कुमार प्रजापति, विशाल भारद्वाज, सौरभ भारद्वाज, आयुष भारद्वाज, महेश वर्मा, फिरोज, हर्षित शर्मा, महेश शर्मा विकास, संजीव भारद्वाज, गगन, यश, बलवीर वर्मा, विकास पाठक, कपिल सिंह आदि शिवभक्त मौजूद रहे।





अल्हागंज क्षेत्र में हलवे का प्रसाद ग्रहण करते कांवड़िया।

## सार-संक्षेप

### सहयोग संस्था की कार्यकारिणी का विस्तार



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सामाजिक संगठन सहयोग संस्था की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। रविवार को संगठन ने प्रेसवार्ता आयोजित कर भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। संरक्षक अनिल गुप्ता ने बताया कि सहयोग संस्था के गठन का उद्देश्य सर्वसमाज की आपदाकाल में मदद, पर्यावरण संरक्षण के लिए शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक अधिक से अधिक पौध रोपित करना और जरूरतमंदों की मदद करना है। संरक्षक शाहनवाज खां ने बताया कि संस्था कन्याओं के विवाह के साथ शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करेगी। संस्थाध्यक्ष नेहा यादव ने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द को और मजबूत करने की दिशा में भी संगठन कार्य करेगा। महासचिव अधिवक्ता अनूप कुमार ने आभार व्यक्त किया। इससे पहले हुई कोर कमेटी की बैठक में जितेंद्र सिंह, सफीकुद्दीन अंसारी को विधिक सलाहकार व निखिल महेंद्रू को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नुजहत अंजुम, सोमेश यादव को उपाध्यक्ष, डॉ. योगेंद्र सक्सेना, कुलविंदर सिंह, राजविंदर राज को सक्रिय सदस्य के रूप में नामित किया गया। अनुराग पाल, कवि ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञान, महेंद्र दुबे, शालू यादव, शिवम वर्मा, हरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### गोला से जल चढ़ाकर लौटे कांवड़ियों ने किया भंडारा



**तिलहर, अमृत विचार :** नगर से हरिद्वार गए कांवड़ यात्रियों के जत्थे ने हरिद्वार से जल लाकर गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी में भोले बाबा का जलाभिषेक किया। इसके बाद नगर लौटने पर हर वर्ष की भांति मोहल्ला निजामगंज स्थित घोड़ी वाले बाबा मंदिर में रविवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया। देर रात तक कन्याओं , ब्राह्मणों के बाद अन्य सभी भक्तों ने भंडारा छका। इस मौके पर महिलाओं ने भजन कीर्तन भी किया। कार्यक्रम में कांवड़ यात्रा के महंत सुनील गुप्ता चोटी बाला , शोभित गर्ग , तुषार रस्तोगी , ब्रजेश गुप्ता , अवधेश कुमार समेत तमाम भोले भक्त शामिल रहे।

### छात्रा से छेड़छाड़, पकड़े जाने पर भागा आरोपी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली इलाके की कांशीराम कॉलोनी नहर रोड पर कोचिंग से लौट रही छात्रा से छेड़छाड़ की गई। पिता के मुताबिक, आरोपी कई दिनों से पीछा कर रहे थे। थाने में शिकायत के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। चौक कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली छात्रा दो अगस्त को शाम 6 :30 बजे कोचिंग पढ़कर वापस आ रही थी। तभी नहर रोड के पास अब्दुल्लागंज निवासी फैजान, आसिम, अमान और एक नाबालिग ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। छात्रा को रोककर अश्लील हरकतें करने लगे। पीछे से आए छात्रा के पिता ने एक आरोपी को मौके पर पकड़ लिया। भीड़भाड़ एकत्रित होने पर पकड़ा गया आरोपी हाथ छुड़ाकर भाग गया। इंस्पेक्टर चौक कोतवाली राजीव तोमर ने बताया कि मोहम्मद फैजान, आसिम, अमान और एक नाबालिग के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।












## आज का मौसम



33.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

### हत्यारों का नाम लेते और आंखों के सामने घटना होने का वीडियो वायरल होने पर हरकत में आई थी पुलिस

# पूछताछ के लिए बालिका को थाने में बैठाया, फजीहत हुई तो छोड़ना पड़ा

**रवि प्रकाश हत्याकांड**

संवाददाता, बंडा/ शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रवि प्रकाश सिंह हत्याकांड में हत्यारों का नाम लेते और आंखों के सामने हुई घटना का जिक्र करने वाली जिस बालिका का वीडियो वायरल हुआ उसे पूछताछ को हिरासत में लेने पर पुलिस की कार्यशैली पर लोगों ने सवाल उठाना शुरू कर दिए। उनका कहना था पूछताछ करनी तो पुलिस घर पर ही कर सकती थी। थाने लाने की क्या जरूरत थी। कुछ इस तरह के सवाल पुलिस को लेकर उठे तो पूछताछ के बाद बालिका को छोड़ दिया। इधर, इस मामले में सात नामजद आरोपियों में पुलिस केवल एक आरोपी को जेल भेज पाई है, बाकी नामजद जांच के दायरे में हैं। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी और बालिका से पूछताछ के बाद भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंचने पर पुलिस खुद कठघरे में खड़ी नजर आ रही है।

- अब तक एक आरोपी भेजा जा चुका है जेल, बाकी अभी जांच के दायरे में



मृतक रविप्रकाश।

बंडा के गांव देवकली निवासी राजवीर सिंह साधन सहकारी समिति पर चौकीदार थे। गांव के आशीष सिंह, भारत सिंह, शेर सिंह, सुंदर सिंह, ऋषिपाल सिंह, सेठपाल व अरविन्द से जमीनी विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी विवाद के चलते राजवीर सिंह के 28 वर्षीय पुत्र रवि प्रकाश सिंह की आरोपियों ने नौ जुलाई की रात चारपाई से बांधकर पीट पीटकर हत्या कर दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रविप्रकाश के शरीर में चोट के निशान पाए गए थे। पिता की तहरीर पर पुलिस ने उक्त सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

इसके बाद बंडा पुलिस ने 11 जुलाई को एक आरोपी शेर सिंह को जेल भेज दिया था। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के नाम पर जांच की बात कह मामला पुलिस ठंडे बस्ते में डाले थी। इसी बीच आरोपियों के ही परिवार की एक 13 वर्षीय बालिका ने पुलिस की जांच के दायरे पर पानी फेर दिया।

बालिका का रवि प्रकाश हत्याकांड को लेकर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह तीन लोगों का नाम लेने के साथ ही कह रही है सभी ने रवि प्रकाश को चारपाई से बांधकर पीटा, इस घटना को उसने खुद अपनी आंखों से देखा। वीडियो वायरल होते ही बंडा पुलिस ने बालिका को हिरासत में लिया और थाने ले आई। इसका पता चलते ही क्षेत्र के लोगों में पुलिस के खिलाफ रोष व्याप्त हो गया। लोगों का कहना था कि बालिका से पूछताछ करने के लिए उसे थाने लाने की क्या जरूरत थी, उसके परिवार वालों के सामने घर में ही वायरल वीडियो या घटना के संबंध में जानकारी की जा सकती थी। अवोध बालिका के मन में पुलिस की छवि बेहतर नहीं बनेगी बल्कि उसके मन में पुलिस को लेकर डर घुस जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई पर जब लोगों ने सवाल उठाए तो पुलिस ने हाथ खींच लिए और बालिका को उसके घर भिजवा दिया गया।

**बंडा पुलिस की भूमिका पर उठ रहे सवाल**

25 दिन से ज्यादा बीत जाने के बाद भी आज तक पीड़ित राजवीर अपने बेटे के हत्यारों को उनके किए की सजा दिलाने के लिए दर दर की ठोकरें खा रहा है। पुलिस ने अभी तक एक आरोपी को पकड़ा है, बाकी छह आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की है। इससे पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। रवि प्रकाश हत्याकांड में बंडा पुलिस पर पहले भी मृतक के पिता राजवीर ने भी जमीनी विवाद को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाया था और पुत्र की हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की थी। अंत में वहीं हो गया, जिसकी उसे आशंका थी, अब पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है।

> वायरल वीडियो के मामले में बालिका को पूछताछ के लिए थाने लाया गया था, जिसे घर भिजवा दिया गया है।
> **-राकेश कुमार मौर्या,** थाना प्रभारी

> बालिका को थाने में बैठाए रखना गलत है, थाना प्रभारी को बात करके बालिका को तत्काल उसके घर भिजवाया जाएगा।
> **-पंकज पंत,** सीओ पुवायां

## एक नजर

### देवस्थान जाने वाले रास्ते पर कब्जा, शिकायत की



**जलालाबाद।** क्षेत्र के गांव दुलरामई के संत ऋषिदास ने एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में स्थित देवस्थान में उनका आश्रम व मंदिर बना है। मंदिर जाने के लिए एक सरकारी चक मार्ग है। पड़ोसी गांव के दो लोगों ने रास्ते पर कब्जा कर रखा है। तहसीलदार के निर्देश पर एक बार उस रास्ते में मनरेगा योजना के तहत मिट्टी डलवाने के लिए सीमांकन किया गया था। आरोप लगाया कि विकासखंड के कुछ अधिकारियों की चकमार्ग पर कब्जा करने वालों से मिलीभगत होने के कारण उसका निर्माण नहीं हो पा रहा है। एसडीएम ने संबंधित को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### चाकू मारकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** कलान थाना क्षेत्र के मोहल्ला सरस्वती नगर निवासी कमल ने बताया 29 जुलाई को शाम उसके दरवाजे पर कुतिया आ गई। उसने पशु से कहा कि यहां से भाग और वह चली गई। पड़ोस में रह रही मधुबाला ने समझा कि उसने उसके लिए अपशब्द कहे है। इस बात पर विवाद हो गया। महिला ने अपने पति भोले शंकर व पुत्र शिवम को बुला लिया। आरोपी उसके दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने कमल को चाकू मारकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### रंजिशन युवक को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव ऐलमनगर निवासी सत्यवीर ने बताया कि गुरुवार की शाम छह बजे वह अपने घर के रास्ते से निकल रहा था। गांव के सत्यपाल, महावीर, मनोज, दुर्वेज, आजाद ने उसे घेर लिया और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# सड़क दुर्घटना में दो कांवड़ियों की मौत

### पांचाल घाट से जल लेकर गोला जा रहा था पीलीभीत का रामऔतार, बाइक ने मारी टक्कर

संवाददाता, कांट/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पीलीभीत से कांवड़ियां कांट-जलालाबाद रोड पर फर्रुखाबाद पंचाल घाट से गंगा जल लेकर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से गोला छोटी काशी जा रहे थे। जमुनिया गांव के सामने ट्रॉली रुकी तो एक कांवड़िया उतरकर सड़क के किनारे खड़ा हो गया। इसी बीच बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे कांवड़िया घायल हो गया। उसकी बरेली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इधर बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। वहीं बरेली निवासी कांवड़िया गोला से जल चढ़ाकर लौटते समय मोहम्मदी में ट्रॉली से गिरकर घायल हो गया। पुलिस घायल कांवड़िया को भावलखेड़ा सीएचसी लेकर पहुंची जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

पीलीभीत के बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव मलिकापुर के करीब तीन दर्जन कांवड़ियां ट्रैक्टर-ट्रॉली से फर्रुखाबाद पंचाल घाट पर गंगा जल लेने गए थे। शनिवार की रात नौ बजे सभी पंचाल घाट से छोटी काशी गोला जा रहे थे। कांट थाना क्षेत्र के गांव जमुनिया के सामने ट्रॉली को रोककर कांवड़ियां आराम करने लगे। रामऔतार(50) ट्रॉली से उतरकर सड़क के किनारे खड़ा था। इसी बीच तीवग्रति से आ रही बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर बाइक पर सवार दोनों युवक भी घायल हो गए।

- जमुनिया गांव के सामने ट्रैक्टर-ट्रॉली रुकी तो उतरकर सड़क के किनारे खड़ा हो गया था कांवड़िया

सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंच गए और घायल रामऔतार व बाइक सवार घायलों को कांट सीएचसी पर भेज दिया। डॉक्टर ने घायल कांवड़िया को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां से उसे बरेली रेफर कर दिया गया।

साथी अजीत उसे बरेली के एक अस्पताल में ले गया। इलाज के दौरान उसकी रविवार सुबह मौत हो गई। इधर मृतक के परिवार वाले बरेली पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि अजीत की तहरीर पर बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

**रोजा।** बरेली के थाना फतेहगंज पूर्वी के गांव झाड़ निवासी अनिल मौर्या(21) पुत्र तोता राम मौर्या गांव की ट्रैक्टर-ट्रॉली से गोला गोकर्णनाथ कांवड़ लेकर गए थे। रविवार की सुबह गोला से बरेली लौट रहे थे। मोहम्मदी रोड पर खीरी जिले के पसगवां क्षेत्र के गांव ताजपुर के सामने अनिल ट्रॉली से गिरकर घायल हो गया। पीआरबी घायल को भावलखेड़ा सीएचसी पर लाई। उसे मृत घोषित कर दिया गया। रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सीएचसी पहुंचे और मृतक के परिजनों को सूचना दी। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पसगवां थाना क्षेत्र की घटना है।

### बाइकों की भिड़ंत में होमगार्ड-पीआरडी जवान समेत चार घायल

**कलान, अमृत विचार :** कलान से परौर थाने ड्यूटी के लिए रविवार सुबह बाइक से होमगार्ड अशोक वर्मा और पीआरडी जवान सत्यपाल परौर मार्ग होते हुए जा रहे थे। जैसे ही बाइक परौर थाने की तरफ मुड़ी, तभी हैदरपुर गांव की तरफ से आ रही बाइक भिड़ गई, जिस पर सवार अरविंद और उसकी मां इरमानश्री घायल हो गईं। वहीं होमगार्ड व पीआरडी जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी होने पर परौर थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने घायलों को कलान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा। जहां से हैदरपुर निवासी इरमानश्री और अरविंद व होमगार्ड अशोक वर्मा को इलाज के बाद घर भेज दिया। वहीं पीआरडी सत्यपाल को शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

## शहर में दो स्थानों से बाइक चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर में दो स्थानों से बाइक चोरी हो गयी है। रोजा और चौक कोतवाली में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

रोजा थाना क्षेत्र के गांव जमुका निवासी पवन कुमार ने बताया कि एक जुलाई को बाइक से सब्जी लेने केरुगंज मंडी आया था। वह बाइक खड़ी कर सब्जी की आढ़त पर गया। लौटकर आया तो बाइक गायब थी। उसने खोया मंडी में सीसीटीवी कैमरे की फुटेज दिखवाई तो देखा कि उसकी बाइक एक युवक लेकर जा रहा है। उन्होंने चौक कोतवाली में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

इधर रोजा थाना क्षेत्र के गांव निवाजपुर निवासी मयंक मोहन ने बताया कि 22 जुलाई को नई बाइक खरीदी थी। शुक्रवार को दिन में 11 बजे बाइक एक शोरूम के बाहर खड़ी कर अंदर चले गए। बाहर आने पर बाइक गायब मिली। उन्होंने बाइक की तलाश की, लेकिन नहीं मिली। मयंक ने रोजा थाना में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस बाइक की तलाश कर रही है।

## आत्महत्या के लिए उकसाने पर पत्नी समेत पांच पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** ससुराल वालों ने एक युवक को रुपये के लेनदेन को लेकर आत्महत्या करने के लिए प्रेरित किया था। ससुराल वालों के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने पर पत्नी समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कलान थाना क्षेत्र के गांव सनाय निवासी बबलू गौतम ने बताया कि उसका भाई डब्लू ने 20 जुलाई को अपनी ससुराल मड़िया गोसाई थाना जलालाबाद गया था। उसने दो साल पहले मकान बनवाने के लिए ससुर खुशीराम को चार लाख रुपये उधार और एक भैंस 70 हजार रुपये की खरीदकर दी थी। भाई अपने ससुर से काफी समय से रुपयेमांग रहा था। 23 जुलाई को डब्लू की पत्नी रूबी का बबलू गौतम के पास फोन आया।

- कलान के डब्लू ने ससुराल में 21 जुलाई को फांसी लगाकर दे दी थी जान

उसने बताया कि डब्लू घर से चले गए है। उसका शव 25 जुलाई को ससुराल में गांव के बाहर पेड़ से लटका मिला था। बताया कि ससुर रुपये नहीं लौटा रहा था और रूबी डब्लू से तलाक चाह रही थी। आरोप है उसके भाई की पत्नी का प्रेम प्रसंग किसी और से चल रहा था। ससुराल वालों ने उसके भाई को इतना परेशान किया कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके भाई की शादी के 11 साल हो गए और कोई संतान नहीं है। जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया पत्नी रुबी, ससुर खुशीराम समेत पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### अपराधी छह माह के लिए जिला बदर

शाहजहांपुर। रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी सीपी शुक्ला ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट ने अपराधी संतोष सिंह निवासी रौसरकोठी थाना रामचंद्र मिशन को छह माह के लिए जिला बदर किया है। अभियुक्त पर विभिन्न धाराओं के 17 केस दर्ज है। पुलिस ने रविवार को उसके मकान पर नोटिस चस्पा कर जिले की सीमा से बाहर कर दिया।

## कमरे में रस्सी के फंदे पर लटककर बुजुर्ग ने दी जान

संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सिकंदरपुर कला गांव में शनिवार की रात बुजुर्ग ने कमरे में कुंडे से रस्सी का फंदा गले में डालकर जान दे दी। परिवार वालों ने उनका शव सुबह लटका हुआ देखा। परिवार वालों ने बताया कि वह बीमार रहते थे। चार दिन पहले बरेली से दवा दिलाकर लाए थे। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाकर नमूना लिया।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर कला निवासी जंडैल सिंह(83) मकान में अकेले में रहते थे। उसके तीन पुत्र ओमवीर, रघुनंदन, रामवीर पड़ोस में अलग रहते हैं। तीनों बेटे अपने पिता को खाना दिया करते थे। शनिवार की रात आठ बजे खाना खाकर वह अपने घर में सोने चले गए। सुबह आठ बजे तक सोकर नहीं उठे तो बेटों ने जाकर देखा कि उसके पिता कमरे में कुंडे से रस्सी से मृत अवस्था में लटके हुए थे। गांव वाले एकत्रित हो गए। ओमवीर ने थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक अमित चौहान मौके पर पहुंची और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बेटों ने पुलिस को बताया कि उसकी मां की मृत्यु हो चुकी है। उसके पिता अकेले रहते थे। तीनों भाई खाने-पीने का ख्याल करते थे। ओमवीर ने बताया कि उसके पिता कई माह से बीमार थे। चार दिन पहले बरेली से दवा दिलाकर लाए थे। बेटों का कोई आरोप नहीं है। प्रभारी निरीक्षक अमित चौहान ने बताया कि बेटों का कोई आरोप नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- बीमार रहते थे जंडैल सिंह, चार दिन पहले बरेली से लाए थे दवा

## गोली मारकर घायल करने के मामले में रिपोर्ट

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** मिर्जापुर थाना क्षेत्र के सिंगहायुसुफपुर निवासी सुनील कुमार ने भाई सुरेश को गोली मारकर घायल करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि गांव के लोगों का मेड़ काटने को लेकर उसके भाई सुरेश से विवाद हुआ था। शनिवार शाम करीब 3 बजे सुरेश खेत की रखवाली कर रहा था। इसी दौरान बड़े उर्फ बड़कुन्नू व रामकुमार ने आकर जान से मारने की नीयत से तमंचे से गोली मार दी।

गोली दाहिने पैर की जांघ में लगी है। गोली लगने से सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# घर से नगदी समेत लाखों के जेवर ले गए चोर

संवाददाता, निगोही

- कबीरपुर झोतूपुर में दीवार फांदकर अंदर घुसे चोर परिजनों को सुबह जागने पर हुई जानकारी
- तीन लाख के जेवर, 18 हजार कीमत के कपड़े, 62 हजार की नगदी पर हाथ साफ किया

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कबीरपुर झोतूपुर में शनिवार रात दीवार फांदकर घर के अंदर घुसे चोर नगदी समेत लाखों के जेवर चोरी कर ले गए। परिजनों को जानकारी रविवार सुबह जागने पर हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर घटना की जानकारी ली। गांव के बाहर खेत से एक खाली बक्सा बरामद हुआ। पुलिस ने मामले की जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया।

गांव कबीरपुर झोतूपुर निवासी प्रेमपाल ने बताया कि वह पत्नी बच्चों के साथ शनिवार रात घर में सोया हुआ था। रात में किसी समय चोर दीवार फांदकर घर में घुस आए और कमरे में पहुंच गए। जहां बक्से और अलमारी का ताला तोड़कर उसमें से पत्नी के जेवरों में एक जोड़ी सोने के झाले, सोने



कमरे में बिखरा पड़ा सामान।

के टॉप्स, पांच पेंडल, मंगलसूत्र, तीन जोड़ी पायल, एक करधरनी, एक बिछुआ, खड्डुआ, बच्चों की करधनी और नौ साड़ी, 18 हजार रुपये कीमत के कपड़े और 62 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली।

पीड़ित ने बताया कि जेवरों की कीमत लगभग तीन लाख रुपये है। जेवर, कपड़े, नगदी आदि सामान समेटने के बाद चोर मुख्य गेट का दरवाजा खोलकर भाग गए। सुबह करीब पांच बजे जब आंख खुली तब मेन गेट खुला देखा। उसने अनहोनी की आशंका में कमरे की तरफ देखा तो उसके भी दरवाजे खुले थे, अंदर जाने पर देखा तो बक्से-अलमारी से बाहर सामान बिखरा पड़ा था, जेवरों की खाली डिब्बी और कुछ कपड़े इधर-उधर बिखरे पड़े थे। चोरी की जानकारी होने पर गांव के तमाम लोग आ गए। पीड़ित प्रेमपाल को इधर-उधर तलाश करने पर प्यारे के खेत में बक्सा पड़ा मिला। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। गांव पहुंची पुलिस मौका मुआयना कर पीड़ित परिवार से घटना के बारे में जानकारी कर लौट गई। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। जिस पर पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### बंद मकान से नकदी व जेवरात चोरी

**मिर्जापुर।** क्षेत्र के आलमगंज निवासी आकाश का घर चोरों ने दिन में ही खंगाल डाला। थाने में दिए प्रार्थना पत्र में आकाश ने बताया कि शनिवार दिन में घर पर कोई नहीं था। इस दौरान चोर ने सोने के झाले, दस हजार की नगदी व चार्जिंग पर लगा फोन चोरी कर लिया। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

> चोरी की घटना की जानकारी है, मामले की जांच कराई जा रही है, जल्द ही चोरों की सुरागरसी कर घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।
> **- अशोक कुमार सिंह,** थानाध्यक्ष

# कंप्रेशर पाइप फटने से लगी आग, लाखों का नुकसान



आगजनी से हुए नुकसान को देखते कर्मचारी। ● अमृत विचार



आगजनी की घटना के बाद एकत्र लोग लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शहर में कन्हैया हौजरी में पहली मंजिल पर बने कमरे में एसी का कंप्रेशर फट जाने से आग लग गई। अचानक धुआं निकलने पर कार्यरत कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां पहुंच गई। एक घंटे की मशक्कत के बाद कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया। कमरे में रखा आग से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला तारीन बहादुरगंज में कन्हैया हौजरी की दुकान है। यहां पर कपड़े आदि का थोक का काम होता है।

- कन्हैया हौजरी में पहली मंजिल के कमरे में लगी थी आग, कमरा बंद कर गया था परिवार
- तीन वाहन पहुंचे, दमकल कर्मियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

एक मंजिल पर करन गुप्ता परिवार के साथ रहते है। वह अपने परिवार के साथ रविवार की दोपहर साढ़े तीन बजे कमरे में ताला बंद कर कहीं गए हुए थे। थोड़ी देर बाद कर्मचारियों ने कमरे के अंदर से धुंआ उठता देखा। कर्मचारी गए तो देखा कि कमरे के बाहर धुंआ भरा हुआ था। उन्होंने काउंटर पर बैठे उनके भाई पंकज गुप्ता को बताया कि एक मंजिल पर आग लगी हुई है। उन्होंने आग लगने की जानकारी अग्निशमन कार्यालय को दी। दमकल के तीन वाहन पहुंचे और कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। पानी का पाइप कन्हैया हौजरी दुकान से होता हुआ एक मंजिल पर ले जाया गया। कर्मचारियों ने कमरे की खिड़की का शीशा व दरवाजा तोड़ दिया। एक घंटे में मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। कन्हैया हौजरी मालिक पंकज गुप्ता ने बताया कि उनका भाई करन गुप्ता कमरे बंद करके परिवार के साथ बाहर गए थे। कमरे में रखा बेड, बेड शीट, सोफा आदि सामान जल गया और लाखों रुपये का नुकसान बता जा रहा है। इधर अग्निशमन अधिकारी वीडी पटेल ने बताया कि एसी का कंप्रेशर फटने से आग लग गई थी। तीन गाड़ियां आग बुझाने पहुंची थी।

## विदेश भेजने के नाम पर की ठगी

**पुवायां, अमृत विचार :** विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने के आरोप में पुलिस ने विनोद पुत्र ओमप्रकाश निवासी नत्थापुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बिल्सिया दौलतपुर गांव के कामता प्रसाद में 3 अगस्त को समाधान दिवस में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की थी। बताया कि वह पढ़ा लिखा नहीं है। गांव नत्थापुर के विनोद पुत्र ओमप्रकाश से उसकी पहचान थी। जनवरी 2023 में विनोद ने उसके पुत्र अनुज को ओमान भेजने के लिए डेढ़ लाख रुपये मांगे थे, जिसके बाद उसने विनोद को एक लाख इकत्तीस हजार रुपये दे दिये, जिसमें से इकत्तीस हजार रुपये अपने बैंक खाते से विनोद के खाते में ट्रांसफर किये। शेष पैसा आलेनबी निवासी करनापुर व सर्वेश निवासी पकड़िया मल्हपुर के सामने दिया। आरोपी विनोद कुमार सन 2023 में कामता के पुत्र अनुज को दिल्ली ले गया और 18 दिन बाद घर वापस आया। काफी दिन बीत जाने के बाद भी जब अनुज को विदेश नहीं भेजा तो उसे ठगी का एहसास हुआ। 16 जुलाई को विनोद ने कामता के घर जाकर धमकी देते हुए कहा कि अगर रुपये वापस मांगे तो वह अनुज को जान से मार देगा।

# गंगा में उफान, स्टेट हाईवे पर पहुंचा पानी

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** गंगा की बाढ़ एक बार फिर विकराल होने लगी है। बाढ़ का पानी स्टेट हाईवे के ऊपर से निकलने लगा है। एक दर्जन से अधिक गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। पैलानी सहित तमाम गांव में बाढ़ का पानी घुस गया।

दो दिन तक शांत रहने के बाद एक बार फिर गंगा का जलस्तर बढ़ने से मुसीबत बढ़ने लगी है। रविवार को एक बार फिर बाढ़ का पानी ढाई घाट मार्ग पर चौरा गांव के पास करीब ढाई फिट ऊपर चलने लगा है। जिससे आवागमन प्रभावित होने लगा है। बाढ़ का पानी पैलानी उत्तर ग्राम पंचायत के मजरा आजादनगर गांव में घुस गया है।

- आजादनगर चौरा इस्लामनगर समेत कई गांवों में पहुंचा पानी

इस्लामनगर, बांसखेड़ा, मस्जिदनगला, पैलानी, चितार, बसोलानगला, चौरा, कमथरी समेत कई गांवों के चारों ओर पानी भर गया है। बाढ़ से फिलहाल फर्रुखाबाद जिले के क्षेत्र ज्यादा प्रभावित है। मिर्जापुर का आजादनगर व इस्लामनगर पर फिलहाल बाढ़ का असर दिख रहा है। चौरा से नगलाबसोला मार्ग पर भी बाढ़ का पानी तेजी से चलने लगा है।




पैलानी गांव में घुसा बाढ़ का पानी। ● अमृत विचार




स्टेट हाईवे पर चौरा गांव के पास चल रहे पानी के बीच निकलते लोग। ● अमृत विचार

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड ऐंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000


बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर


डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

# चारपाई पर सो रही वृद्धा को सर्प ने डसा, झाड़फूंक में गई जान

## परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से कर दिया इंकार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** सर्पदंश के बाद झाड़फूंक के चक्कर में पड़कर वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम पहुंची और मामले की जानकारी की। परिजनों ने वृद्धा के शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।


मृतका बलविंदर कौर।


घटना की जानकारी करती पुलिस।

क्षेत्र के गांव टोडरपुर निवासी हरदीप सिंह की मां बलविंदर कौर(65) शनिवार रात घर में चारपाई पर सो रही थी। चारपाई के पास एक बेंच पड़ी थी, जिस पर रात में किसी समय सांप आकर बैठ गया। सोते समय करवट बदलने के दौरान महिला का हाथ बेंच पर लगा, तभी सर्प ने बलविंदर के हाथ की अंगुली में डस लिया। जिससे वह जाग गई और पुत्र हरदीप सिंह को आवाज दी। परिजन उसे अस्पताल न ले जाकर कस्बा बंडा के सुनासीरनाथ क्षेत्र में एक झाड़ फूंक करने वाले के यहां ले गए। जहां झाड फूंक के बाद महिला के ठीक होने की बात बताई। परिजन महिला को घर लेकर चले गए। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। छह महीने पहले मृतका के पति दयाल सिंह की मौत हो गई थी। घर में उसका बेटा हरदीप सिंह था। दूसरा बेटा गगनदीप बाहर रहकर मजदूरी करता है। मौत से घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस व हल्का लेखपाल अतुलेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम करने से इंकार कर दिया।

> पुलिस को मौके पर भेजा गया था। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया उसके बाद परिजनों ने महिला का अंतिम संस्कार कर दिया है। **– संजय कुमार,** थानाध्यक्ष, खुटार

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- • वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, • प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, • नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, • पीलिया का इलाज, • दिमागी बुखार, • मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

## रंजिशन युवक को पीटकर किया बेहोश

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर घुरघुटी निवासी लक्ष्मण ने बताया कि शुक्रवार को उसका भाई रामप्रताप तहसील जलालाबाद किसी कार्य से आया हुआ था। वह तहसील से दोपहर तीन बजे घर लौट रहा था। रामपुर पुल के पास गांव के सुरजीत, अनुज, विनोद, शिवम, सरवन ने उसके भाई को घेर लिया और उसपर डंडों आदि से हमला कर दिया। वह पिटाई से बेहोश होकर गिर गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## ब्लैक में बेच रहे थे देशी शराब के ट्रैटा, गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह को शनिवार रात नौ बजे सूचना मिली कि रोडवेज के सामने टेंपो स्टैंड परिसर में काला रंग का बैग लिए एक युवक खड़ा है, जो देशी शराब के ट्रैटा ब्लैक में बेच रहा था। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पकड़ा गया अभियुक्त शिवम निवासी ददऊ थाना सेहरामऊ दक्षिणी है। पुलिस ने उसके कब्जे से सोल्जर देशी शराब के 16 ट्रैटा बरामद कर आरोपी का चालान कर दिया।

## अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली के मोहल्ला बाला तिराही निवासी विनीत वर्मा ने बताया कि 26 जुलाई की शाम उसका भाई पवन कुमार बरेली मोड़ पर सड़क पार करके नए मकान में उधौपारा जा रहा था। अज्ञात वाहन ने उसके भाई को टक्कर मार दी, जिससे उसका भाई घायल हो गया। इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस विवेचना कर रही है।

## सटोरिया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह को शनिवार शाम सात बजे सूचना मिली कि स्टेशन रोड पर एक स्थान पर एक युवक सट्टे की नंबर मोबाइल पर लिख रहा है और सट्टा खेलने वालों से मोबाइल पर बात कर रहा है। पुलिस ने सटोरिये को पकड़ लिया। पकड़ा गया सटोरिया इरफान निवासी तारीन जलालनगर थाना सदर बाजार है। पुलिस ने उसके कब्जे से 2410 रुपये तथा मोबाइल बरामद किया है। पकड़े गए अभियुक्त ने बताया कि वह मोबाइल से लगाता है। पुलिस ने सटोरिये का चालान कर दिया।

## एक नजर

### महिला को पुत्र समेत किया अगवा, रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : अल्हागंज थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि 27 जुलाई को वह घर पर नहीं था और काम करने गया था। उसकी 22 वर्षीया पत्नी व दो साल का बेटा घर पर थे। वह शाम को घर लौटा तो पता चला कि उसकी पत्नी व बेटे को निगोही थाना क्षेत्र का शोभित अगवा कर ले गया है। दोनों को अगवा कराने में अन्य लोगों का भी सहयोग है। पत्नी घर में बक्से में रखे 50 हजार रुपये, सोने के झाले, मंगलसूत्र, चांदी का हथफूल, पायल ले गयी है। अल्हागंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### जनप्रतिनिधि के बेटे पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार की शाम पांच बजे वह अपने प्लाट पर मिट्टी डाल रही थी। इसी बीच एक जनप्रतिनिधि का बेटा अपने तीन साथियों के साथ तमंचा लेकर आया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया, उसके कपड़े फाड़ दिए। सीओ प्रयांक जैन ने बताया कि महिला ने छेड़छाड़, दुष्कर्म के प्रयास की तहरीर दी थी। जांच में महिला के आरोप झूठे निकले।

# सावन के गीतों पर थिरकीं महिलाएं, झूलों का लिया आनंद

## अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महिला महासभा और लायंस क्लब शक्ति ने धूमधाम से मनाया तीजोत्सव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महिला महासभा के बैनर तले रविवार को महानगर के एक होटल में तीजोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने हरे रंग के परिधान में सजधज कर, आकर्षक श्रृंगार कर समारोह में प्रतिभाग किया।

तमाम रोचक गेम खेले और सावन गीतों पर नृत्य किया। इस मौके पर प्रतियोगिता के आधार पर ही तीज क्वीन का चयन किया गया। तीजोत्सव का आरंभ संरक्षक शोभा गुप्ता व रम्मन गुप्ता ने शिव-पार्वती जी का पूजन व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। ऐश्वी गुप्ता ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। वन मिनट गेम में रीता रानी प्रथम, संतोष गुप्ता द्वितीय व निशि गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। सरप्राइज गेम में सीमा गुप्ता व गीता गुप्ता ने स्थान पाया। सबसे रोचक तीज क्वीन प्रतियोगिता रही, जिसमें नेहा गुप्ता और संगीता गुप्ता विजेता घोषित की गईं। सुरभि गुप्ता द्वितीय व नेहा गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को ताज पहनाकर और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कुमुद गुप्ता ने हरियाली तीज के महत्व पर प्रकाश डाला।



लायंस शक्ति के तीजोत्सव में तीज क्वीन सोनिया को पुरस्कृत करतीं क्लब की सदस्य। ● अमृत विचार

- रोचक गेम खेलकर जीते पुरस्कार, सरप्राइज गेम और डांस से किया मनोरंजन

महानगर अध्यक्ष रीता रानी गुप्ता ने कहा कि हरियाली तीज में मुख्य रूप से हरे रंग का बहुत महत्त्व है। यह त्योहार महिलाओं को ही समर्पित रहता है। गेम खिलवाने में संयोजक प्रभा गुप्ता का सहयोग रहा। अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गौरव अग्रवाल तथा मंडल अध्यक्ष महेंद्र राणा गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। सुधा गुप्ता, प्रियम गुप्ता, पूजा गुप्ता, सुनीता गुप्ता, सीमा गुप्ता, रीता गुप्ता, अदिति गुप्ता, सुलेखा गुप्ता, गीता गुप्ता, सुरभि गुप्ता, प्रीती गुप्ता, अदिति गुप्ता, सोनी गुप्ता, रीता गुप्ता, रेनू गुप्ता, प्रभा गुप्ता आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

### सोनिया बनी तीज क्वीन, मिले पुरस्कार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लायंस क्लब शक्ति की ओर से हरियाली तीज उत्सव क्लब हर्षोल्लास से मनाया गया। सभी महिलाओं का स्वागत तीज के प्रतीक मेहंदी, बिंदी, हथफूल आदि श्रृंगार सामग्री भेंटकर किया गया। अध्यक्ष करिश्मा टंडन की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि महापौर अर्चना वर्मा और विशिष्ट अतिथि सोनिया राठौर और शिखा जैन ने दीप जलाकर किया। इसके पश्चात महिलाओं ने तमाम प्रकार के रोचक गेम खेलकर और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सावन के गीतों पर खूब डांस किया। चंचल, शेफाली, शुभांगी, अंशुल के संयुक्त संचालन में चले कार्यक्रम महिलाओं ने सरप्राइज भी गिफ्ट जीते। इस मौके पर सोनिया को तीज क्वीन खिताब से नवाजा गया। अर्चना को उपविजेता चुना गया। इनके अलावा ऐनी को फैबोलस क्वीन और मोनिका को बेस्ट स्माइल का पुरस्कार मिला। तीजोत्सव में चार्टर अध्यक्ष गुरजीत कौर, सचिव लायन कमल नारंग, कोषाध्यक्ष प्रियंका, अनुप्रिया समेत बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।



अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महिला महासभा के तीजोत्सव में पुरस्कार के साथ खेलों की विजेता। ● अमृत विचार

### बिजली कटौती से गर्मी में परेशान हुए उपभोक्ता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गर्मी में रविवार को सुबह आठ बजे से लेकर 12 बजे तक करीब आठ बार बिजली की आवाजाही बनी रही। दोपहर में करीब 3: 20 बजे बिजली गुल हो गई। फिर 4: 15 बजे आई। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। देहात क्षेत्र में 18 से 15 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। तमाम गांव ऐसे भी हैं, जहां दिन में एक से दो घंटे बिजली मिल रही। वहीं परौर में बिजली की लो वोल्टेज की समस्या है, लाइन में फॉल्ट आ जाने पर सही होने में हफ्तों का समय लग जाता है। परौर में 100 किलोवाट का ट्रांसफार्मर राजमहल परौर के सामने लगा है। 63 केवी का ट्रांसफार्मर गोदाम के पास, 10 केवी का ट्रांसफार्मर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास और 25 केवी का ट्रांसफार्मर थाना परौर के पास लगा है। 10-10 केवी दो ट्रांसफार्मर अंदर कस्बा परौर में लगे हैं, जबकि इन ट्रांसफॉर्मर पर लोड कम से कम 250 कनेक्शन का है। क्षमता से अधिक भार पड़ने के कारण ट्रांसफॉर्मर अक्सर खराब हो जाते हैं। गांव के अजीत सिंह उर्फ डब्बू , गुड्डू खान, रवि सिंह, रणधीर सिंह, अवधेश कुमार शुक्ला, राजीव सिंह चौहान, राजीव सिंह प्रजापति, वीरपाल सिंह उर्फ लाला, मदनपाल सिंह ने 250 केवी का ट्रांसफार्मर लगवाए जाने की मांग की है।

# वरुण अर्जुन के शिविर में 815 मरीजों को दी निःशुल्क दवाइयां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- तिलहर के गढ़िया रंगीन गांव में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन
- विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह (प्रिंस) ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से रविवार को तिलहर क्षेत्र के ग्राम गढ़िया रंगीन के पूसेराम मशीनरी स्टोर पर मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन कटरा क्षेत्र के विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह (प्रिंस) ने फीता काटकर किया। कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ देकर व शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। ग्राम प्रधान लालू प्रजापति को भी स्वास्थ्य शिविर में विशेष सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। शिविर में कुल 910 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 35 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, जिनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में निःशुल्क किया जायेगा। 67 की दिल की जांच (ईसीजी), 275 की ब्लड शुगर व 397 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच की गई।



विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस का स्वागत करते वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल। ● अमृत विचार

815 मरीजों को दवाइयों का वितरण भी किया गया। विधायक ने मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल से उनके क्षेत्र में शिविर लगाने का अनुरोध किया, जिस पर डॉ. अशोक अग्रवाल ने आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वह लगातार जिले के सभी क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाते रहेंगे। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर से प्रत्येक जरूरतमंद को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। शिविर में पूसेराम प्रजापति, लालू प्रजापति, करन प्रजापति आदि का विशेष सहयोग रहा। कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. भानु अवस्थी, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह, मेडिकल कॉलेज के पीआरओ विपिन शर्मा, सतीश चंद्र व भानु गंगवार और पैरामेडिकल स्टाफ आदि मौजूद रहे।

### ये डॉक्टर रहे मौजूद

शिविर में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा के चिकित्सक डॉ. दिवस कुमार, डॉ. सावन कुमार, डॉ. आनंद कुमार यादव, डॉ. विक्की कुमार, डॉ. कुरपा, डॉ. निधि, डॉ. आदिल, डॉ. नवनाथ, डॉ. बी सांगी, डॉ. योगेश पाठक, डॉ. प्रियांशु पांडेय, डॉ. राहुल पंवार, डॉ. मेदेहा उमर, डॉ. भाव्या, डॉ. राजेन्द्र सिंह, डॉ. रमन चोपड़ा आदि रहे।

### मेगा ब्लॉकः देरी से पहुंची सियालदह एक्सप्रेस



रेल पटरी पर कार्य करते मजदूर।

**रोजा, अमृत विचारः** स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य को लेकर छह घंटे का ब्लॉक लिया गया। अधिकारियों ने रविवार को कंट्रोल से ब्लॉक मांगा।

कंट्रोल ने सुबह साढ़े दस बजे छह घंटे का ब्लॉक दिया। इस दौरान रेल पटरी पर कार्य किया गया। कार्य को लेकर डाउन लाइन की त्रिवेणी, राज्यरानी, गुवाहाटी एक्सप्रेस को निरस्त कर दिया गया। अप लाइन की मुगलसराय एक्सप्रेस, वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस, जननायक एक्सप्रेस को निरस्त कर दिया गया। इधर डाउन तथा अप लाइन की सियालदह एक्सप्रेस विलंब से पहुंची। ट्रेन के इंतजार में प्लेटफार्म पर कर्मचारियों को बैठकर गुजारनी पड़ी।

# हिंयुवा की कार्यकारिणी का विस्तार

संवाददाता, खुटार

- बैठक में कार्यकर्ताओं को बांटी गई जिम्मेदारियां
- कमल को शाहजहांपुर और रोहित को लखीमपुर का प्रभार

**अमृत विचार :** हिंदू युवा संगठन की बैठक रविवार को खुटार के ब्लॉक सभागार में हुई। जिसमें संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार एवं खुटार ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए रोहित कुमार वाल्मीकि को लखीमपुर, कमल दीक्षित को शाहजहांपुर प्रभारी व प्रदेश संगठन मंत्री, नानपारा के अखिलेश कुमार को बहराइच जनपद का प्रभारी, अंकित भदौरिया को प्रदेश महामंत्री, घनश्याम गुप्ता, साहिल गर्ग, अभिषेक शुक्ला ''रोहित'' को प्रदेश उपाध्यक्ष, राजू गुप्ता को प्रदेश मंत्री, अजय बाजपेयी को प्रदेश सह मंत्री, शोभित तिवारी को प्रदेश कोषाध्यक्ष, निर्भय मिश्र, राहुल अवस्थी को प्रदेश विधि सलाहकार मनोनीत किया गया। बैठक का संचालन नीरज मिश्रा ने किया। इस मौके पर सचिन मिश्रा, मोहित शर्मा, नितिन शर्मा, विवेक सिंह, विजय गुप्ता, अभी गुप्ता, शैलेश कटियार, चंदन सिंह, शिवम कटियार आदि मौजूद रहे।



पदाधिकारी को मनोनयन पत्र सौंपते हिंदू युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र।

### सीतेश ब्लॉक प्रभारी ,अतुल शर्मा बने अध्यक्ष

खुटार ब्लॉक की कार्यकारिणी में सीतेश तिवारी को ब्लॉक प्रभारी, अतुल शर्मा को ब्लॉक अध्यक्ष, विजय गुप्ता, अमित कुशवाहा, निश्चय त्रिपाठी, अचल मिश्रा, सचिन मिश्रा को ब्लॉक उपाध्यक्ष, राजन सिंह को ब्लॉक महामंत्री, अकुल शर्मा को सह संगठन मंत्री, सोमेश मिश्रा को मंत्री, अमन सिंह चौहान को सह मंत्री जयकिशन गुप्ता को मीडिया प्रभारी, आलोक शुक्ला को विधि सलाहकार मनोनीत किया गया। जबकि अमित पाल, राज सक्सेना, अंश शुक्ला, अशोक भारद्वाज, गुड्डू चौहान, आशीष शुक्ला, शशिकांत अर्कवंशी, दीपराज गुप्ता को ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया।



ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### विधायक ने वितरित किए मुआवजा राशि के पत्र



**जलालाबाद, अमृत विचार :** बाढ़ से हुए नुकसान के मुआवजा राशि के राहत पत्र रविवार को विधायक हरि प्रकाश वर्मा ने लोगों को वितरित किए। बीते माह भीषण बाढ़ आई थी, जिससे तहसील क्षेत्र के लगभग 34 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए थे। प्रशासन ने बाढ़ से हुए नुकसान का सर्वे कराया था। उसी के तहत गांव अल्लाहदपुर बैहारी कसारी, बझेड़ा कोला, महुआडांडी आदि गांवों के 330 किसानों को 14 लाख 41 हजार के बाढ़ से हुए नुकसान के राहत पत्र विधायक हरि प्रकाश वर्मा ने वितरित किए। कार्यक्रम में एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार, सीओ अजय कुमार राय, नायब तहसीलदार रोहित कुमार, सतेंद्र कटियार आदि रहे।

### सपाइयों ने मृतका के परिजनों का सौंपा एक लाख का चेक



**निगोही, अमृत विचार :** हाथरस में दो जुलाई को सत्संग के दौरान भगदड़ में निगोही की रेलवे गौटिया निवासी रामा देवी की मौत हो गई थी। रामादेवी के परिजनों को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निजी कोष से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। पार्टी प्रतिनिधि मंडल ने पार्टी की मुखिया की ओर से भेजा गया चेक मृतका के पति हरिसरन राठौर को दिया। इस दौरान पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा, डॉ. राजपाल कश्यप, पूर्व विधान परिषद सदस्य ज्योत्सना कश्यप, सैयद रिजवान, जिलाध्यक्ष तनवीर खां आदि शामिल रहे।

### सांसद के कर्मचारी पर जान से मारने की नीयत से फायर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** फीलगनर में सांसद के प्लाट की रखवाली कर रहे कर्मचारी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया और जेसीबी से प्लाट की बुनियाद खोद दी। जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी वीरपाल सिंह ने बताया कि वह सांसद अरुण सागर के बेटे अंकित सागर के फीलनगर में स्थित निर्माणाधीन प्लाट पर रखवाली करते हैं। उसने बताया कि शनिवार दोपहर तीन बजे भानू प्रताप निवासी नगरिया, श्याम पाल निवासी पोसिंल थाना कटरा, पच्चू निवासी नगरिया जेसीबी लेकर आए और जबरदस्ती बुनियाद खोदने लगे। उसने आरोपियों से पूछा कि बुनियाद क्यों खोद रहे हो तो आरोपियों ने जाति सूचक शब्द कहे और गालियां देने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उनके ऊपर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर किए। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**खुटार, अमृत विचार :** शनिवार रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति तमंचे के साथ बंडा रोड पर रजमना मोड़ के पास घूम रहा है। सूचना मिलने पर एसआई मनीष शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास एक 312 बोर तमंचा और 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में उसने अपना नाम राजेश निवासी थाना पुवायां क्षेत्र के गांव गदनिया बताया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

# बर्दाश्त नहीं किया जाएगा फार्मासिस्टों का शोषण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** पुराना जिला अस्पताल परिसर में रविवार को डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई। बैठक में एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय नागर ने कहा कि संगठन का अधिवेशन 14 सितंबर को तय होना हुआ है।

जिन फार्मासिस्टों का स्थायीकरण नियमानुसार दो वर्ष की सेवा पूर्ण करने के उपरांत हो जाना चाहिए था लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण नहीं हो पाया है। इस पर रोष व्याप्त है। जनपद में तैनात फार्मेसिस्टों का तरह-तरह से उत्पीड़न किया जा रहा है। उनसे अतिरिक्त कार्य जबरदस्ती लिया जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फार्मासिस्टों से उनकी ड्यूटी से संबंधित ही कार्य लिया जाए। बैठक में डॉ. आशीष भदौरिया, मोहम्मद मुजाहिद, मोहम्मद अली, शैलेंद्र कुमार, संदीप गुप्ता, मोहम्मद इलियास, प्रमोद कनौजिया, शिवपाल सिंह, राजीव कुमार सिंह, डॉ. सुभाष कनौजिया, राजीव कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अजय नागर। ● अमृत विचार

- जिला अस्पताल में डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन की बैठक में बोले प्रांतीय उपाध्यक्ष

**लोग परेशान** — गर्मी में छत पर नहीं हो सो पाते लोग, रात में भी कर देता है हमला

# मिश्रीपुर में बंदर का आतंक, पांच लोगों को कर चुका जख्मी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** ब्लॉक भावलखेड़ा के क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर में एक बंदर ने आतंक मचा रखा है। एक सप्ताह में पांच लोगों को काट कर जख्मी कर चुका है। क्या दिन क्या रात, मौका लगते ही हमला बोल कर जख्मी कर देता है। ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मचारियों से बंदर पकड़वाकर दूसरी जगह छुड़वाएं जाने की मांग की है।


ग्रामीण बताते हैं कि यह अकेला बंदर गांव के सभी लोगों को परेशान कर रहा है, पता नहीं यह कहां से आ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस बंदर को लगभग एक सप्ताह से देखा जा रहा है। कुछ लोगों ने उसे खाने पीने की कुछ वस्तु देने की कोशिश की तो उस पर झपट पड़ा और काट कर जख्मी कर दिया। दिन में भी लोग अपने कपड़े सुखाने के लिए छत पर जाने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें हमलावर बंदर का भय सताता रहता है। इस समय हो रही भीषण गर्मी के कारण लोग अपनी छतों पर सोने के लिए भी तरस रहे हैं। शुक्रवार को नन्हे खां रात के वक्त छत पर मच्छरदानी में सो रहे थे, तभी वह बंदर मच्छरदानी के अंदर घुस गया और हमला कर जख्मी कर दिया। नूरी मस्जिद के पास रामदीन वर्मा रहते हैं, शनिवार दोपहर रामदीन वर्मा अपने कमरे में अन्दर सो रहे थे, कि अचानक बंदर कमरे में घुस आया और रामदीन को जख्मी कर दिया। इस बंदर ने एक हफ्ते के अंदर रामदीन वर्मा, शाकिब खां, मनोज कश्यप, नन्हे खां, शानू खां पर अचानक से हमला कर जख्मी कर दिया। इस बंदर के आतंक से मिश्रीपुर के गांववासी भयभीत हैं।



बंदर के हमले से घायल रामदीन वर्मा।

- ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मचारियों से बंदर पकड़वाकर दूसरी जगह छुड़वाएं जाने की मांग की

### बोले ग्रामीण



हम लोगों के दिन का सुकून और रात की नींद हराम हो चुकी है। यह बंदर अब तक पांच लोगों को अपना निशाना बना चुका है, जिसके आतंक से पूरा गांव बड़ा ही भयभीत व परेशान है। जल्द से जल्द इस बंदर को पकड़ा जाए। **– अजय पाल**



हम शाम के वक्त अपनी पढ़ाई करने के लिए छत पर जाते थे, लेकिन पांच लोगों को अपना शिकार बनाकर आतंक मचा रखा है। जल्द से जल्द इस बंदर को पकड़ा जाए, जिससे लोगों के अंदर का भय खत्म हो पाए। **–अनिकेत पाल**



अकेले बंदर ने अपना आतंक इतना मचा रखा है, जिससे लोग काफी भयभीत व परेशान हैं, अभी तक पांच लोगों को यह बंदर जख्मी कर चुका है। इसके डर से लोग अपने घरों से भी निकलने में कतरा रहे हैं। **–मोनू**

# वरुण अर्जुन कॉलेज के शिविर में 24 लोगों ने कराया पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से संचालित ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र कटरा में रविवार को निःशुल्क नेत्र रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग व सामान्य रोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 24 मरीजों ने पंजीकरण कराया और जांच के बाद दो मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया।

जिन्हें मेडिकल कॉलेज की बस से वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल लाया गया। जहां पर सभी चयनित मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद के मरीजों को लेंस, ऑपरेशन, दवाइयां एवं खाने की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। शिविर में मरीजों को आई ड्रॉप एवं दवाइयां वितरित की गई। चिकित्सकों ने लोगों को नियमित नेत्र परीक्षण के लिए जागरूक किया व अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। बताया कि कैंप के माध्यम से आई गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड मुफ्त में किया जाएगा। कैंप में मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग की महिला चिकित्सक डॉ. शुभांगी सिंह, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के डॉ. कीर्ति पटेल व सामान्य रोग के चिकित्सक डॉ. अंजनी नायडू, नेत्र टेक्नीशियन वसुधा यादव, पैरामेडिकल स्टाफ एवं मेडिकल कॉलेज के पीआरओ मोहित थापा मौजूद रहे।



वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के शिविर में जांच करते चिकित्सक।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक,
रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याददाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# ये है शहर का हाल...जख्म दे रहीं जर्जर सड़कें, दर्द दे रहे जिम्मेदार

## प्राचीन धार्मिक स्थल जाने वाली सड़कें हो या फिर पॉश कॉलोनी की, सभी जगह बुरा हाल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** शहर की सड़कें बदहाल हैं और सिस्टम बेपरवाह। कहीं सड़कों पर गड्ढे हैं तो कहीं पूरी सड़क ही उधड़ी पड़ी है। जिस कारण राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, आए दिन वाहन पलटने की घटनाएं भी सामने आती हैं। दूसरी ओर नगर पालिका के जिम्मेदार आमजन की इस समस्या को लेकर पूरी तरह से बेखबर बने है। इन मार्गों की बदहाली मरम्मत के अभाव में वैसे तो पहले से ही थी, लेकिन बीते दिनों बारिश और बाढ़ से हालात बिगड़े तो स्थित और बद से बदतर हो गई। अफसरों की बेपरवाही का अंदाजा तो इस बात से भी लगाया जा सकता है बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी सड़कें गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए थे। लेकिन इक्का दुक्का सड़के ठीक कराकर इतिश्री कर ली गई है। सड़कों की मरम्मत का काम पूरी तरह ठप होने से राहगीरों के साथ-साथ कांवड़ियों के लिए यह काफी कष्टदायक हो रहा है। पॉश कॉलोनियों से लेकर आम गली मोहल्लों का बुरा हाल है। चुनाव के वक्त मतदान बहिष्कार के पोस्टर लगाने पर अफसर और जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया पर किसी ने सुध नहीं ली। कुछ दिन पहले ही पॉश अशोक कॉलोनी के लोगों ने चेयरमैन से शिकायत कर सड़कों के सुधार की मांग की थी। इसके अलावा बल्लभनगर कॉलोनी की सड़क भी कई जगह से उखड़ चुकी है और गड्ढे हैं। सब कुछ जानते हुए भी जनप्रतिनिधि बेपरवाह बने हुए हैं।

- **जिम्मेदारों ने पहले मरम्मत कराने में बरती लापरवाही, अब बारिश और बाढ़ के बाद और बदतर हुए हालात**



शहर के बल्लभनगर कॉलोनी की जर्जर सड़क। ● अमृत विचार

### माल गोदाम रोड



रेलवे स्टेशन से रामलीला रेलवे क्रासिंग की तरफ जाने वाली माल गोदाम रोडका हाल किसी से छिपा नहीं है। अभी कुछ दिन पहले ही इस सड़क का निर्माण कराया गया था। जिसमें निर्माण में खेल करने की शिकायत पहुंची तो जांच कराई गई। इसके बाद डीएम ने सुधार कराने के निर्देश भी दिए थे। मगर कार्रवाई के नाम पर औपचारिकता निभाई गई। जिस कारण सड़क और जर्जर हो चुकी है।



### देशनगर चौराहा

गैस चौराहा से मां यशवंतरी देवी मंदिर को जाने वाले मार्ग की हालत भी कई जगह से जर्जर हो चुकी है। इस मार्गपर कई जगह से सड़क उखड़ चुकी है। देशनगर चौराहा के पास तो गहरे गड्ढे भी हो गए है। दिन भर मंदिर जाने वाले श्रद्धालु, कचहरी जाने को निकले अधिवक्ता और स्कूली बच्चों की आवाजाही रहती है। व्यस्ततम और प्राचीन मंदिर को जाने वाले मार्ग का हाल भी बेहाल पड़ा है।



### शाहजी मियां दरगाह मार्ग

दरगाह पर विदेशों से भी जायरीनों का आना होता है। इस मार्ग पर पाइन लाइन की खुदाई के बाद से हालात बदतर बने हैं। पाइन लाइन डालने के बाद जिम्मेदारों ने सड़क को ठीक नहीं किया। जगह –जगह गड्ढे हैं तो सड़क भी उखड़ती जा रही है। जिससे राहगीरों को हादसे का डर बना रहता है।

### नेहरू पार्क मार्ग

टनकपुर हाईवे को जोड़ते हुए नेहरू पार्क को जाने वाला मार्ग भी इन दिनों बदहाली के आंसू बहा रहा है। हाईवे और शहर के बीच आवाजाही करने वालों की संख्या अधिक रहती है।स्कूली बच्चों के वाहन भी इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। कम समय में ही ये मार्ग पर जर्जर हो चुका है। सड़कों के जख्मों पर मरहम नहीं लग सका और दर्द राहगीरों को झेलना पड़ रहा है।





### बुजकसवान मोहल्ले की इंटरलॉकिंग सड़क

मोहल्ला आसफजान में सड़क कई जगह से धंस रही है। जिसका स्थानीय लोग निजी खर्च पर सुधार करा चुके हैं। मोहल्ला बुजकसवान की इस इंटरलॉकिंग सड़क को देख यहां की सड़क की हकीकत का भी पता लगाया जा सकता है। इसके अलावा अन्य गलियों का हाल भी कुछ इसी तरह है।



### अवध नगर कॉलोनी

सड़कों की दुर्दशा की बात हो और अवध नगर कॉलोनी का नाम न लिया जाए। ऐसा हो ही नहीं सकता। सालों से कॉलोनी के 100 से अधिक परिवार जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने की आस लगाए हैं। अभी लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान तो कई गलियों में सड़क नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर भी लगा दिए गए थे। जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने आश्वासन देकर शांत किया मगर हालात जस के तस बने हैं।

### शिकायत करते रहो, अफसर सुनते ही नहीं



सड़कों की हालत पहले ही खस्ताहाल थी। बारिश और बाढ़ के बाद तो बेहद खराब स्थिति हो चुकी है। शिकायत कई बार हुई। जिम्मेदारों को संज्ञान लेकर सुधार कराना चाहिए ताकि कुछ राहत मिल सके। **– अनिल शर्मा**



प्राचीन मां यशवंतरी देवी मंदिर मार्ग जर्जर हो चुका है। कई जगह गहरे गड्ढे से हादसे का डर रहता है। कचहरी आने–जाने वालों की आवाजाही भी रहती है। शिकायत के बाद भी सड़क की दयनीय बनी स्थिति है। **– भीमसेन**



सड़क बनाने में जमकर लापरवाही बरती गई या फिर कोई और वजह रही। इसे लेकर तो स्पष्ट नहीं कहा जा सकता। मगर जर्जर सड़कों का सुधार कराने में जरुर अनदेखी की जा रही है। **– रामविलास**



शहर की अधिकांश सड़कों की हालत एक जैसी है। बारिश और बाढ़ का भी असर रहा है। मगर अब इसका सुधार कराने के लिए भी ध्यान दिया जाना चाहिए। जर्जर सड़कों पर हादसे का डर रहता है। **– जयराम**

# संगठित नहीं हुए तो ऐसे ही होता रहेगा उत्पीड़न



बैठक में मौजूद भाकियू भानू पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **भाकियू भानू की बैठक में एकजुटता की अपील की गई**

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन भानू की गोष्ठी रविवार को अमरिया तहसील क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर चक्रतीर्थ में हुई। जिला अध्यक्ष भजनलाल क्रोधी ने इसकी अध्यक्षता की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीलीभीत की जनता किसान मजदूर हर वर्ग परेशान है। शासन के आदेशों की प्रशासनिक स्तर पर अनदेखी की जा रही है। किसानों से संगठित होने की अपील की गई। प्रदेश संगठन मंत्री रमेश दादा ने कहा कि किसानों को एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने की जरूरत है। जब तक किसान संगठित नहीं होगा तब तक उसका शोषण होता रहेगा। जिला उपाध्यक्ष बाबूराम वर्मा, तहसील अध्यक्ष पीलीभीत नंदकिशोर राठौर ,जिला संगठन मंत्री मोहम्मद अहमद, रामप्रसाद राजपूत, ओमप्रकाश राजपूत ,शिवचरण लाल, बालमुकुंद प्रजापति , रघुवर सिंह ,डोरीलाल पाल ,ओमप्रकाश मौर्य, दौलत सिंह, मनोहर लाल ,सूर्य प्रकाश शर्मा ,रामगोपाल प्रजापति, गोमती देवी आदि रहे।

# छुट्टा पशु से टकराकर बरखेड़ा मार्ग पर बाइक सवार घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** कस्बे के वार्ड नंबर एक कुंदनपुर प्रथम के रहने वाले विनोद कुमार ने बताया कि वह चाट का ठेला लगाते हैं।

शनिवार की देर शाम वह कस्बे में ही स्थित एक किराना की दुकान पर घरेलू सामान खरीदने गए थे। सामान खरीदने के बाद वह कस्बे में ही ब्लॉक तिराहे की तरफ जा रहे थे कि इसी बीच बरखेड़ा पीलीभीत मुख्य मार्ग पर प्राथमिक विद्यालय नंबर एक के पास छुट्टा पशु अचानक से बाइक से टकर गया। इसे वह बाइक लेकर गिर गया और घायल हो गए। विनोद को सीएचसी भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार चल रहा है।

# डीएम के सामने सीएमओ और एएमए ने रखा पक्ष

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **दुकानें जिपं की है या फिर स्वास्थ्य विभाग की, डीएम करेंगे तय**
- **हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन पर छोड़ा दुकानों के निर्णय का फैसला**

> मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय परिसर में बनी दुकानों के संबंध में दोनों पक्षों को बुलाया गया था। दोनों पक्षों को बारीकि से सुना गया है। फिलहाल इस मामले में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। – संजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी

**अमृत विचार:** जिला पंचायत द्वारा 54 लाख खर्च कर बनाई गई दुकानों के मामले में हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन को दुकानों के संबंध में निर्णय लेने की बात कही है। इसको लेकर डीएम ने दोनों पक्षों को बुलाकर उनका पक्ष सुना। फिलहाल अभी डीएम की ओर से इस मामले में कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

तत्कालीन सपा सरकार के दौरान जिला पंचायत ने पुराने जिला अस्पताल की जमीन को अपना बताते हुए एक कांप्लेक्स बनाने का प्रस्ताव पास कर लिया था। जिला पंचायत ने आनन-फानन में 54 लाख रुपये खर्च कर 31 दुकानों का निर्माण करा दिया था।

तत्कालीन जिला पंचायत सदस्य रमा गैरोला के विरोध के बाद भी जब भूमि पर इन दुकानों का निर्माण जारी रहा तो उन्होंने इस मामले में हाईकोर्ट में रिट दायर कर दी। हाईकोर्ट ने दोनों विभागों के प्रमुख सचिवों को प्रपत्रों के आधार पर निर्णय लेने का आदेश दिया। इस मामले में शासन स्तर पर दोनों पक्ष की सुनवाई हुई। जांच के बाद दस्तावेजों में जमीन स्वास्थ्य विभाग की निकली। तब जिला प्रशासन ने इन दुकानों को तुड़वाने और दुकानों के निर्माण पर खर्च हुई 54 लाख की धनराशि की जिम्मेदार लोगों से रिकवरी कराने की योजना बनाई।

उस दौरान दुकानों के शटर निकालने के साथ उन्हें ध्वस्त करने की तैयारी की गई कि इस बीच हाईकोर्ट ने स्थगनादेश पारित करके यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दे दिए। इसके बाद दुकानों के ध्वस्तीकरण के खिलाफ जिला पंचायत द्वारा हाईकोर्ट में रिट दायर की गई। इस मामले में हाईकोर्ट ने दुकानों के मामले में जिला प्रशासन को निर्णय लेने के आदेश दिए है।

इधर डीएम संजय कुमार सिंह ने दोनों पक्षों को बुलाकर उनका सुना। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएमओ डॉ. आलोक कुमार एवं जिला पंचायत की ओर से अपर मुख्य अधिकारी हरमीक सिंह ने अपना-अपना पक्ष रखा। फिलहाल इस मामले में डीएम संजय कुमार की ओर से अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। संभवत जल्द ही दुकानों के स्वामित्व को लेकर निर्णय लिए जाने की बात कही गई है।

# घर के बाहर बैठी वृद्धा पर छुट्टा पशु ने किया हमला

दियोरियाकलां, अमृत विचार: घर के बाहर बैठी वृद्धा पर छुट्टा पशु ने हमला कर दिया। शोर पर जमा हुए ग्रामीणों ने बमुश्किल बचाया। परिजन ने घायल को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। ब्लॉक बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पैनिया हिम्मत की रहने वाली 80 वर्षीय वीरमती पत्नी लीलाधर घर के बाहर बैठी हुई थी। इस बीच एक छुट्टा पशु आया और हमला कर दिया। वृद्धा बचाव कर पाती, इससे पहले ही पटकी लगा दी। जिससे पेट में काफी चोट आई। चीख पुकार सुनकर लोग जमा हुए और बचाया। परिजन आनन-फानन में बरेली ले गए और निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां हालत गंभीर बनी हुई है।

**नाराजगी** | विरोध प्रदर्शन के बीच दुकानों की खिड़की से मांस फेंक दुकान को खुला छोड़ा भागे मीट विक्रेता

# मीट की दुकान खुलने पर अंतर्राष्ट्रीय बजरंग दल का हंगामा

संवाददाता, पूरनपुर



मौके पर मौजूद कार्यकर्ता और जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

- **विरोध के बीच पहुंची पुलिस ने की जांच पड़ताल, दी तहरीर**

> एक दुकान पर मांस बिक्री करने से संबंधित शिकायत मिली है। जांच कर मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित कोई मामला नहीं है। **– राजीव कुमार शर्मा**, कोतवाल पूरनपुर

**अमृत विचार:** सावन माह में कस्बे में मीट की दुकान खुली होने की सूचना पर अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंच गए और हंगामा करने लगे। यह देख दुकानदार मांस फेंक खिड़की से कूदकर भाग गए। कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन की सूचना पर पहुंचे पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

दरअसल,उ शासन स्तर से सावन माह में मुख्य सड़कों पर संचालित मांस बिक्री की दुकान बंद करने के निर्देश हैं। बताते हैं कि रविवार को राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि स्टेशन चौराहे से माधोटांडा और शेरपुर रोड पर मौजूद मीट की दुकानों में पीछे की खिड़की से मांस की बिक्री की जा रही है।

जानकारी लगने पर संगठन के शिवम भदौरिया विधिओम सिंह, उत्कर्ष मिश्रा, हरमीत सिंह आदि कार्यकर्ता पहुंच गए। संगठन के लोगों के पहुंचने पर बंद दुकानों में मांस बेच रहे दो लोग खिड़की से कूद कर भाग गए। उन्होंने दुकान में रखा मांस फेंक दिया। राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि पुलिस देरी से पहुंची। इस पर कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे। उन्होंने कार्रवाई के लिए पुलिस को दी तहरीर में कहा कि सावन में मांस बिक्री की दुकान बंद करने के आदेश के बावजूद दुकानों पर मिलीभगत के चलते मीट की बिक्री की जा रही है। इसके वीडियो उनके पास मौजूद है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि दुकान में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान भी किया जा रहा था। कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर सूचना देने के एक घंटे बाद पहुंचने का आरोप लगाया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने मीट बेचने वाले और राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# ग्राम पंचायतों में सरकारी भवनों से हटाए जाएंगे कब्जे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **डीपीआरओ ने सोमवार शाम तक सभी एडीओ पंचायतों से मांगी रिपोर्ट**
- **कहा- यदि कहीं कब्जा नहीं है तो उसका भी देना होगा प्रमाणपत्र**

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायतों में यदि किसी सरकारी भवन पर अवैध कब्जा है तो उसे जल्द ही कब्जा मुक्त कराया जाएगा। शासन के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने सभी एडीओ पंचायतों को पत्र भेजकर सोमवार शाम तक रिपोर्ट तलब की है। जनपद में 720 ग्राम पंचायतें हैं। इन ग्राम पंचायतों में पंचायत राज विभाग की ओर से पंचायत भवन, कॉमन सर्विस सेंटर आदि का निर्माण कराया गया है।

बताते हैं कि शासन के संज्ञान में आया है कि कुछ ग्राम पंचायतों में सरकारी भवनों पर अवैध कब्जा किया है, जिससे ग्रामीणों को उनके ही गांवों में सुविधाएं नहीं मिल रही है, जिनके लिए शासन की ओर से इन भवनों का निर्माण कराया गया है। इस तरह की शिकायतें सामने पर अब ग्राम पंचायतों में सरकारी भवनों पर अवैध कब्जों को लेकर शासन सख्त रुख अपनाने के मूड में है। इधर, शासन से मिले निर्देश के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार ने जनपद के सभी सहायक विकास अधिकारी पंचायत से इस मामले में रिपोर्ट तलब की है। जिला पंचायत राज अधिकारी की ओर से जारी पत्र में कहा गया कि सरकारी भवनों पर यदि कहीं किसी व्यक्ति का अवैध कब्जा है तो इसकी सूचना तत्काल उपलब्ध कराएं। विकास खंड की किसी ग्राम पंचायत में पंचायत भवन, कॉमन सर्विस सेंटर आदि पर कोई अवैध कब्जा तो नहीं है, यदि नहीं है तो सोमवार शाम तक इसका प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं कि सरकारी भवनों पर किसी प्रकार का कोई कब्जा नहीं है।

यदि किसी भवन में अवैध कब्जा है तो इसकी विस्तृत आख्या साक्ष्य सहित उपलब्ध कराएं। जिला पंचायत राज अधिकारी ने भ्रामक सूचना देने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। इस मामले में जल्द ही जिला प्रशासन द्वारा समीक्षा भी जाएगी।

### पांच महीने बाद लिफ्ट और एस्केलेटर के लिए शुरू हुई खोदाई, रेल प्रशासन का दावा-दिसंबर तक पूरा होना है काम

# ....ऐसे तो जल्द होने से रहा पीलीभीत जंक्शन का पुनर्विकास

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पीलीभीत जंक्शन को एयरपोर्ट लुक देने और यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मुहैया कराने की मंशा जल्द पूरी होती नहीं दिख रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने पांच माह पूर्व रेलवे स्टेशन के पुर्नविकास कार्यों का शिलान्यास तो कर दिया। मगर, काम के नाम पर स्टेशन भवन को तोड़फोड़ कर छोड़ दिया गया। इधर अब पांच माह बाद मात्र लिफ्ट और एस्केलेटर को लेकर खुदाई का कार्य शुरू किया गया है, मगर काम करने की रफ्तार इतनी सुस्त है कि इसे पूरा होने में महीनों में लग जाएंगे। जबकि उस दौरान रेल अफसरों ने दिसंबर तक कार्य पूरा होने का दावा किया था।

- **अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 16.7 करोड़ से होने हैं कार्य**



रेलवे प्लेटफार्म पर लिफ्ट व एस्केलेटर निर्माण को लेकर शुरू की गई खुदाई।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गत वर्ष इज्जतनगर मंडल की 10 रेलवे स्टेशनों का चयन किया गया था। इसमें पीलीभीत के रेलवे जंक्शन को शामिल किया गया था। योजना के तहत 16.7 करोड़ रुपए की लागत से रेलवे जंक्शन का पुनर्विकास का खाका तैयार किया गया। चयन होने के बाद रेलवे स्टेशन के भवन के अधिकांश हिस्से को ध्वस्त दिया गया।

बीते 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीलीभीत जंक्शन के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास किया था। उस दौरान रेल अफसरों ने पुर्नविकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के विस्तार के साथ प्लेटफार्म पर लिफ्ट एवं एस्केलेटर की सुविधा मुहैया कराई जानी है। अत्याधुनिक पार्किंग की व्यवस्था के साथ यात्रियों की सुविधा के लिए मॉर्डन टॉयलेट ब्लाक का निर्माण होना है। यात्री प्रतीक्षालय के सुधार के साथ कार्यालयों को प्लेटफार्म के लेवल तक उठाया है। वहीं रिफ्रेशमेंट रूम का विस्तार प्रतीक्षालय तक किया जाना है। स्टेशन पर जलापूर्ति के लिए 30 हजार लीटर के वॉटर टैंक का निर्माण किया जाना है। मोबाइल चार्जिंग के लिए जगह-जगह चार्जिंग प्वांइटस एवं ओवरब्रिज, प्लेटफार्म और सर्कुलेटिंग एरिया में एलईडी साइनेज लगाए जाने हैं। उस दौरान रेल अफसरों ने दिसंबर तक कार्य पूरा होने का दावा भी किया था।

#### काम शुरू, मगर रफ्तार बेहद धीमी

इधर शिलान्यास के पांच माह बाद रेलवे स्टेशन परिसर में पुर्नविकास कार्य की शुरुआत की गई है। जीआरपी थाने के पश्चिम में लिफ्ट और एस्केलेटर को लेकर चंद मजदूरों के सहारे खुदाई का कार्य शुरू कराया गया है, मगर काम की रफ्तार बेहद धीमी है। यदि इसी रफ्तार से चला तो इसे पूरा होने में महीनों में लग जाएंगें। खास बात यह है कि पुर्नविकास कार्यों के मामले में स्थानीय रेल अफसरों को भी कोई जानकारी नहीं है कि काम तेजी से क्यों नहीं हो रहा है।

> अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर पुर्नविकास कार्य कराए जाने हैं। कुछ काम शुरू हुआ है। तय समय पर काम पूरा किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।
>
> **– राजेंद्र सिंह**, जनसंपर्क अधिकारी, इज्जतनगर मंडल

## राजस्व टीम ने खाता गांव में अवैध कब्जा हटवाया



अवैध कब्जा हटवाने पहुंची टीम। ● अमृत विचार

**पूरनपुर,अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के गांव खाता में बंजर भूमि के अंश पर अवैध रूप से गांव के वेदराम पुत्र लल्लू यादव ने अवैध कब्जा कर लिया था। शिकायत पर रविवार को कानूनगो और लेखपाल पुलिस फोर्स के साथ गांव पहुंचे।

टीम ने जेसीबी से सरकारी जमीन पर अवैध रूप से किया गया कब्जा हटवाया। इसके अलावा गांव में ही एक अन्य सार्वजनिक रास्ते पर भी घूरा डालकर कब्जा किया गया था। टीम ने पैमाइश के बाद सार्वजनिक रास्ते को भी कब्जा मुक्त कराया। जानकारी लगते ही ग्रामीणों की भीड़ लग गई। एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि शिकायत पर राजस्व टीम को भेज कर कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए। टीम ने दोनों स्थानों से अवैध कब्जा हटवा दिए हैं।

## क्षितिज ने रोशन किया पीलीभीत का नाम



मुंबई में शो के दौरान सिटी सिंगर्स क्लब के सदस्य।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** सोनी टेलीविजन पर प्रसारित हुए सिंगिंग रियलिटी शो सुपरस्टार सिंगर-थ्री के फाइनल में शिरकत करने के बाद सिटी सिंगर्स क्लब पीलीभीत की टीम वापस लौट आई है। रविवार को क्लब के अध्यक्ष डॉ. एसके मित्रा के आवास पर सिटी सिंगर्स क्लब की बैठक हुई। जिसमें मुंबई में हुए फाइनल शो पर चर्चा करते की गई। कहा कि फाइनल में जिस तरह से क्षितिज सक्सेना की धमाकेदार परफॉर्मेंस हुई है उसकी पूरे देश में सराहना हो रही है। यह जनपद वासियों के लिए गर्व का विषय है। क्षितिज के गीतों पर सभी जमकर थिरके। क्षितिज की परफॉर्मेंस जाने माने मीत ब्रदर्स के साथ हुई थी। उन्होंने अपने अगले गाने में क्षितिज को लेने का वादा किया। पीलीभीत में भी मीत म्यूजिक अकैडमी खोलने का आश्वासन दिया। फाइनल में प्रख्यात गायक अभिजीत भट्टाचार्य, जज नेहा कक्कड़ आदि ने सिटी सिंगर क्लब के सदस्यों से मुलाकात की है। अंत में क्षितिज का उत्साह वर्धन करने गए अध्यक्ष डॉ. एसके मित्रा, सेक्रेटरी अमित शेखर, ज्ञानेंद्र सिंह, शैलेंद्र मिश्रा, देवेंद्र कन्हैया, दिव्या मित्रा, अनिल अरोरा, डॉ. भरत कंचन डॉ. आस्था कंचन, डॉ. पीएन सक्सेना, डॉ.ममता सक्सेना, डॉ. ज्ञानप्रकाश, डॉ.रश्मि प्रकाश को सम्मानित किया गया।

# नगर पालिका के कर्मचारियों का गंदा खेल

# नौगवां नगर पंचायत में फेंक रहे शहर की गंदगी

### नगर पंचायत प्रशासन ने पीलीभीत नगर पालिका के ईओ को लिखा पत्र, फोटो और वीडियो भी हुए वायरल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** नगर पालिका के कर्मचारियों का एक और खेल सामने आया है। शहर से उठाए गए कूड़े को डंपिंग ग्राउंड के बजाय नगर पंचायत पकड़िया नौगवां क्षेत्र में हाईवे किनारे जहां-तहां डाला जा रहा है। नगर पंचायत प्रशासन ने निगरानी कराने के बाद नगर पालिका के एक कर्मचारी को रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर अपने क्षेत्र में गंदगी न फेंकने की चेतावनी दी है। नगर पालिका कर्मचारियों की धांधली के फोटो और वीडियो भी वायरल हुए हैं। जिससे नगर पालिका प्रशासन की खूब किरकिरी हो रही है।

बता दें कि शहर में कूड़े का उठान करने के लिए नगर पालिका की ओर से करीब संसाधन के तौर पर नए पुराने मिलाकर करीब 45 वाहन मौजूद हैं। पालिका के मुताबिक इसमें मात्र छह ट्रैक्टर-ट्राली, 26 लोडर, एक जेसीबी, एक कैटल कैचर और एक सीवर टैंक साफ करने वाली मशीन है। जोकि प्रतिदिन शहर में कूड़े का उठान करती है। इस कूड़े का उठान करने के बाद उसके निस्तारण के लिए वर्ष 2018 में डंपिंग ग्राउंड बनाने के लिए मीरापुर में जगह ली गई थी। जहां कूड़ा डाला जा सके। शहर की बात करें तो प्रतिदिन करीब 50 टन से अधिक कूड़ा निकलता है। नगर पालिका की ओर से कुछ समय तो मीरापुर में कूड़ा भिजवाया गया। अब चालक कूड़े का उठान करने के बाद हाईवे पर सड़क किनारे उसका ढेर लगा रहे हैं। नगरपालिका की कूड़े वाली ट्रॉलियां बीते कई दिनों से नगर पंचायत नौगवां पकड़िया क्षेत्र में बरेली हाईवे किनारे, पूर्णागिरि ढाबा के पास, देवहा नदी के नीचे, एमआरएफ सेंटर के पास ढेर लगा रही हैं। जिससे उठने वाली दुर्गंध से लोगों का रहना मुश्किल हो रहा है। इतना ही नहीं कुछ दिन पहले नगरपालिका के चालकों ने नगर पंचायत की ओर से बन रहे टाइगर तिराहा के सामने जा रहे रास्ते पर बन रहे नवनिर्मित बरात घर के पास कूड़े का ढेर लगाना शुरु कर दिया। जिसको नगर पंचायत के कर्मचारियों ने रोक लिया। उसने बताया कि वह किसी निजी प्लाट में कूड़ा डालने के लिए आया था। जिसका वीडियो फोटो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें कर्मचारी नगरपालिका के ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ खड़ा दिख रहा है। मामला संज्ञान में आने पर चेयरमैन संदीप कौर और ईओ एजाज अहमद ने इसकी शिकायत नगरपालिका ईओ लाल चंद भारती और सफाई निरीक्षकों से की। ईओ की ओर से नगरपालिका को पत्र भी लिखा गया है।



नगर पंचायत क्षेत्र में बरात घर जाने वाले रास्ते पर लगा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार

- **डंपिंग ग्राउंड के बजाय हाईवे किनारे डाल रहे हैं कूड़ा, टाइगर तिराहे के पास लगे ढेर**

> नगर पंचायत क्षेत्र में नगरपालिका के ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक के द्वारा बीते कई दिनों से कूड़ा लाकर डाला जा रहा था। जिसकी शिकायतें मिल रही थी। पूर्व में फोटो वीडियो भी वायरल हुए थे। इसको लेकर नगरपालिका को पत्र भेजकर सुधार करने के निर्देश दिए हैं। अगर दोबारा वाहन कूड़ा डालते हुए मिला तो जुर्माना वसूला जाएगा।
>
> **– एजाज अहमद**, ईओ नौगवां पकड़िया





नगर पंचायत नौगवां पकड़िया क्षेत्र में कूड़ा डालकर आती नगर पालिका की ट्रैक्टर-ट्रॉली।

#### छह साल में रास्ता बना न शुरू हुई मशीनें

भले ही नगरपालिका ने लाखों रुपये खर्च कर मीरापुर में कई एकड़ जमीन को खरीद ली हो, लेकिन अभी तक उस पर काम पूरा नहीं हो सका है। वर्ष 2018 से अभी तक वहां सिर्फ टिनशेड और चारदीवारी बन सकी है। जबकि कूड़े को अलग-अलग करने वाली रिसाइकिल मशीन का कोई अता पता नहीं है। इतना ही नहीं वहां कूड़े वाले वाहनों को भेजना तो शुरू कर दिया। लेकिन अभी तक वहां जाने वाले रास्ते का निर्माण पूरा नहीं हो सका। बाढ़ में रास्ता और खराब हो चुका है। ऐसे में चालक वहां वाहन ले जाने से कतरा रहे हैं। इस वजह से भी सड़कों पर कूड़े के ढेर लग रहे हैं। दूसरा कारण चालकों को अब पर्याप्त मात्रा में डीजल भी नहीं मिल रहा है।

## निजी अस्पताल के चिकित्सक ने दंपती पर दर्ज कराई एफआईआर

**बीसलपुर, अमृत विचारः** निजी अस्पताल से गलत दवा दिए जाने की शिकायत झूठी पाए जाने पर अब दंपती की मुश्किल बढ़ गई है। चिकित्सक ने शिकायत करने वाले दंपती के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने की बात कह रही है।

नगर के वाले डॉक्टर सुनील अग्रवाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह इंटरनल मेडिसिन से पोस्ट ग्रेजुएट हैं। पिछले 25 वर्षों से वह प्रैक्टिस करते आ रहे हैं।

मोहल्ला बाजार कटरा के मुकेश गुप्ता 11 फरवरी की रात साढ़े नौ बजे उनके क्लीनिक पर आए और बताया कि वह ब्लड प्रेशर के काफी पुराने मरीज हैं। मगर, दो महीने से उन्होंने इसकी दवा नहीं खाई है। इस पर उन्हें ब्लड प्रेशर की दवा लिखकर दी और दूसरे दिन सुबह से खाने की बात बता दी गई। इसके साथ ही खानपान का विशेष तौर पर यान रखने की बात कही। उनके मुताबिक कुछ ही देर में जब ओपीडी पूरी हो चुकी थी तभी आरोपी की पत्नी ने क्लीनिक पर आकर बताया कि दवा खाने से उनके पति की तबीयत बिगड़ गई है। आरोप है कि इतना कहने के बाद उनके स्टाफ से जमकर अभद्रता की गई। इसके बाद मुकेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल, मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य सचिव, डीएम समेत कई जगह कर दी। सोशल मीडिया फेसबुक पर भी पीड़ित के खिलाफ फर्जी पोस्ट बनाकर डाली। जबकि शिकायत जांच के बाद निस्तारित की जा चुकी है। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि आरोपी दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### नहर में डूब रहे युवकों को बचाया

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** अलग-अलग स्थानों पर मानसिक मंदित समेत दो युवक नहर में डूबने लगे। टूटा पुल के पास एक मानसिक मंदित रविवार सुबह नहर में कूद गया। उसे डूबता देख कुछ तैराकी जानने वाले लोग कूद गए और युवक को बचा लिया। इसके अलावा दोस्तों के साळथ हरदोई ब्रांच नहर के डूडा पुल की तरफ नहाने पहुंचा युवक नहाते वक्त डूबने लगा। शोर पर लोग जमा हुए और उसे सुरक्षित बाहर निकाला। जिसके बाद युवक को लेकर उसके दोस्त वापस चले गए।

### पिता ने गांव के युवक पर दर्ज कराई दुष्कर्म की रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** खेत में गोबर डालने गई युवती से दुष्कर्म और उसके गर्भवती होने के मामले में पुलिस ने अब कार्रवाई की है। पिता से मिली तहरीर पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री 13 दिसंबर 2023 को खेत में गोबर डालने गई थी। इस बीच गांव का ही पिंटू पीछे से घर आ गया। उसने बेटी को पकड़ा और दुष्कर्म किया। डर के चलते पुत्री ने किसी को यू बात हीं बताई। अब पुत्री गर्भवती हो गई है। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करा रहे हैं।

## दहेज मांग पूरी नहीं होने पर महिला की जान लेने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **सेवानिवृत्त कांस्टेबल की बेटी ने ससुरालवालों पर लगाए आरोप**
- **कोतवाली में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता के साथ मारपीट करते हुए उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। रुपये लेने के बाद भी ससुराल वालों ने विवाहिता की जान लेने की कोशिश की और फिर बेघर कर दिया। पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बड़ा खुदागंज की तूबा खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह लखीमपुर खीरी जनपद के कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सिकटिया निवासी सलमान खान से 27 नवंबर 2018 को हुआ था। कुछ समय बाद ससुराल वालों ने दहेज में पांच लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। इसके पूरा न होने पर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। शादी के तीन माह बाद पीड़िता ने अपने पिता से रुपये लेकर दे दिए।

पिता पुलिस विभाग में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत रहे थे। रुपये लेने के बाद भी ससुराल वालों ने प्रताड़ित करना नहीं छोड़ा और जेवर भी छीन लिए। 24 सितंबर 2020 पिता का निधन हो गया। इसमें उसके ससुराल वाले भी आए और पांच लाख रुपये की दोबारा से मांग करना शुरू कर दी। ससुराल वालों ने दबाव बनाकर उसकी मां का जबरन पर्सनल लोन कराकर रुपये ले लिए। इसके बाद भी मांगें जारी रही। सात सितंबर 2022 को डेढ़ लाख और दो जनवरी 2023 को 60 हजार पीड़िता की मां से आरोपी पति ने ट्रांसफर करा लिए। लेकिन इसके बाद भी ससुराल वालों ने 20 अप्रैल 2024 को उसे जान से मारने की नीयत से गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। किसी तरह पीड़िता ने अपने परिवार वालों को मामले की सूचना दी। इसके बाद परिवार वाले पहुंचे तो बेघर कर दिया। जिसके बाद से मायके रह रही है। पुलिस ने पति सलमान खान, ससुर अतीउल्ला खां, सास शम्मो खान, शहबाज और रेहान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
FACULTY
Required for
BA (Hindi, English, Drawing, Home Science Political Science, History, Geography)
B.Sc. (H.Sc.) BBA
Qual. & Exp. As per Govt/ University norms.
Apply within 10 days
pushpinstitute@gmail.com
Pushp Institute, Pilibhit
(Aff. to Rohilkhand Uni. BLY)

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर के
चर्म रोग विभाग में विदेशी व अत्याधुनिक मशीनों द्वारा निम्नलिखित रोगों के इलाज की सुविधा
अनचाहे बालों को हटाना
दाग, धब्बे, मुहाँसे के निशान, चोट के निशान हटाना
त्वचा का कायाकल्प
सफेद धब्बे का इलाज
मस्सों को हटाना, तिल को हटाना
गंजेपन व बालों के झड़ने का इलाज
कील, मुहासे का इलाज
जन्मजात निशान हटाना व अन्य सभी प्रकार के चर्म रोगों का उपचार विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा
अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें :- मो. 7521001988, 7521001989

## ओवरलोड वाहनों से वसूला 4.85 लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **डीएम के निर्देश पर एआरटीओ ने चलाया गया चेकिंग अभियान**

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के निर्देश पर शनिवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ओवरलोडिंग, मानकहीन स्कूली वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की।

उत्तराखंड की तरफ से आ रहे रेता, बजरी, गिट्टी लदे बड़े वाहनों को चेक किया गया। आठ वाहनों में क्षमता से अधिक माल का परिवहन होते पाया गया। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए थाना गजरौला, गढ़वाखेड़ा पुलिस चौकी और पूरनपुर चीनी मिल पुलिस चौकी में सीज कर दिया गया।

इन वाहनों पर 4.85 लाख रुपये प्रशमन शुल्क वसूला गया। स्कूली वाहन भी चेक किए गए। खामियां मिलने पर पांच वाहनों को थाना माधोटांडा, पुलिस चौकी बिरहनी और पूरनपुर चीनी मिल पुलिस चौकी में खड़ा कराया गया। ये वाहन सीज किए गए थे। एआरटीओ ने बताया कि समस्त स्कूली वाहनों के परमिट एवं फिटनेस आदि प्रपत्र वैध होने चाहिए। बिना फिटनेस एवं परमिट के कोई भी स्कूली वाहन मार्ग पर संचालित ना किया जाए।

वर्तमान में 276 स्कूली वाहन पंजीकृत हैं। इसमें से 14 वाहनों की फिटनेस समाप्त हो गई थी। जिनको नोटिस भेज कर यथाशीघ्र फिटनेस वैधता पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। चार वाहनों की वैधता पूर्ण करा ली गई है, जबकि दस अन्य के लिए तीन दिन का समय दिया गया है।



वाहनों को चेक करते एआरटीओ वीरेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

आवश्यकता है
सहायक प्रशासनिक अधिकारी
कम्प्यूटर ऑपरेटर
कम्प्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग एवं सी.सी.टीवी. मैंटेनेंस हेतु
लैब टेक्नीशियन
अनुभवी व्यक्ति की
वेतन-योग्यतानुसार
शीघ्र संपर्क करें :-
HR ऑफिस, रूम नं. 102, OPD गेट के पास
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर में
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक
मो. 7521001986, 7521001994

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### खेत पर पौध उखाड़ी विरोध पर पीटा

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** गांव सिम्भुआ के मंजीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपने ताऊ को धान की पौध दी थी। इसके बाद चाचा खेत में खड़ी धान की पौध उखाड़ने लगे। जब विरोध किया तो आरोप है कि चाचा ने अपने साथियों संग हमला कर दिया। धारदार हथियार लेकर घर में घुस आए और गाली गलौज कर पिटाई कर दी। बचाने आई मां बलविंदर कौर, ड्राइवर जोवन सिंह को भी पीटा। एसओ विशेष कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### नशे की हालत में गाली गलौज और मारपीट की

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** नशे की हालत में गाली गलौज के बाद मारपीट की गई। गांव कुसुमा के सौरभ सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके गांव का आरेक्ट सिंह, पंकज सिंह शराब के नशे में धुत होकर आए और शनिवार रात गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की गई। आसपास के लोगों के जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। कोतवाल राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### कहासुनी के बाद युवक को पीटा

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** काम निपटाकर लौट रहे युवक की मामूली कहासुनी के बाद पिटाई कर दी गई। गांव दियोराजपुर के महेंद्र पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शनिवार को दियोरिया कला से काम करके घर लौट रहे थे। गांव के ही रामौतार श्रीकृष्ण, सुनील, अनिल ने रास्ते में रोक गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।



रविवार को गौरीशंकर मंदिर में जल चढ़ाने के लिए पहुंचा कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार



कछला घाट से कांवड़ लेकर आते कांवड़िये। ● अमृत विचार



बीसलपुर पहुंचे कांवड़िये। ● अमृत विचार

# सावन का तीसरा सोमवार आज, शिव भक्ति में डूबे भक्तों की शिवालयों में जुटेगी भीड़

## रविवार दोपहर बाद से ही होने लगी कांवड़ियों की वापसी, मंदिरों में देर रात चली तैयारियां

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर किए सख्त इंतजाम
- बढ़ी संख्या में कांवड़ियों के जत्थे गंगाजल लेने के लिए रवाना हुए

**अमृत विचार :** सावन के तीसरे सोमवार पर शिवालयों में शिवभक्तों का सैलाब उमड़ेगा। इससे पहले रविवार को पूरे दिन हाईवे से कांवड़िये गुजरते रहे। बढ़ी संख्या में कांवड़ियों के जत्थे गंगाजल लेने के लिए रवाना हुए। इस दौरान कई स्थानों पर कांवड़ियों का स्वागत कर जलपान कराया गया। मंदिरों में रविवार को पूरे दिन भीड़ जुट रही।

रविवार दोपहर बाद कांवड़ियों के जत्थे गंगाजल लेकर वापस लौटना शुरू हो गए। जिनको मंडी समिति में ठहराया गया। वहीं, सोमवार की भीड़ को देखते हुए मंदिरों में सजावट के अलावा सुरक्षा के प्रबंधन भी सख्त किए गए हैं ताकि कोई परेशानी न हो। देर शाम तक पुलिस प्रशासन की ओर से कांवड़ियों की सुरक्षा के लिहाज से मुख्य मार्गो पर फोर्स लगा दी गई। रविवार को शहर के गौरीशंकर मंदिर, अर्द्धनारीश्वर मंदिर और दूधिया नाथ मंदिर में सुबह से पूजा अर्चना करने को भक्तों की भीड़ रही। कांवड़ियों के जत्थे सुबह पांच बजे से पहुंचना शुरु हो गए। इससे पहले कई जत्थे शनिवार रात को रवाना हो गए थे। मोहल्ला फीलखाना से करीब 200 श्रद्धालुओं का जत्था शनिवार देर रात कावंड़ लेने के लिए बदायूं के कछला घाट के लिए रवाना हुआ। कावंड़ियों ने भैरव देव को दुग्धाभिषेक करते हुए कछला घाट को रवानगी की। वहीं, कई बैकुंठ कावंड़ लेकर आए कावंड़ियों ने रविवार को ही बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस वजह से दिन भर मंदिर में भीड़ रही।

सोमवार को लेकर भी मंदिर कमेटी और पुलिस प्रशासन तैयारियों में जुटा रहा। तीसरे सोमवार को करीब दो हजार से अधिक कावंड़ियों के जलाभिषेक करने का अनुमान लगाया है। इसलिए सुरक्षा व्यवस्था के भी सख्त बंदोबस्त किए गए हैं। मंदिर के बाहर टेंट लगवाकर वहां मेज के जरिए गैलरी बनवाई गई है। ताकि महिला और पुरुष की अलग-अलग लाइन रह सके। कावंड़ियों के लिए भी अलग से रास्ता बनाया गया है। ताकि डाक कावंड़ वाले आसानी से मंदिर में प्रवेश कर सके।

मठ के अदंर मंदिर के सेवादार के साथ इस बार पुलिस फोर्स को भी लगाने की रणनीति तैयार की गई। साथ ही सीसीटीवी कैमरे लगाकर उन्हें डिस्पेल से जोड़ा गया है ताकि हर गतिविधि पर नजर रह सकें। सत्य नारायण मंदिर के पास बैरियर लगाया गया है। ताकि कोई वाहन अदंर प्रवेश न कर सके। साथ ही पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है।

### हर तरफ जत्थे, वाहनों की धीमी रही रफ्तार

गंगा घाटों से जल लेने के बाद कांवड़ियों के जत्थे रविवार दोपहर बाद से लौटना शुरु हो गए। इस वजह से हाईवे की हर तरफ कांवड़ियों का ही रेला दिखाई दिया। जिस वजह से वाहन भी रफ्तार में नहीं चल सके। बरेली हाईवे पर सुबह से ही कछला जाने और आने वाले कांवड़ियों की भीड़ दिखाई देती रही। डीजे पर भोले के भजन और बाइकों पर लहराते भगवा रंग का झंडा लेकर कांवड़ियों ने शहर में प्रवेश किया। जहां कई जगह पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया। रविवार को पहुंचने वाले कांवड़ियों को मंडी समिति में बनाए गए विश्राम स्थल में ठहराया गया। जहां कांवरिया सेवा दल की ओर से उनके फलाहार की व्यवस्था की गई है।

### कांवड़ियों पर बरसाए फूल और बांटे फल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** बरेली मार्ग पर कछला से गंगाजल लेकर आ रहे कावड़ियों का किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने अपनी टीम के साथ पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। देवहा पुल पर स्थित हनुमान मंदिर में विश्राम के लिए कांवड़िये रुके। इस दौरान उनको फलों का वितरण किया गया। बृजेश पाठक, राजीव कुमार, मोहनलाल, सियाराम आदि थे।



गौरीशंकर मंदिर में बाबा भैरव को दूधभिषेक करते कावंड़िया। ● अमृत विचार

### सपा सरकार में होता था उत्पीड़न, भाजपा में बरसते हैं फूलः संजय



**पीलीभीत, अमृत विचार :** राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने रविवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में पहुंचकर जल लेकर आए और कछला घाट के लिए रवाना हो रहे कांवड़ियों का हौसला बढ़ाया। पुष्प वर्षा कर स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया गया। राज्यमंत्री ने मीरपुर, मकरंदपुर, बेनीपुर, चांददांडी, कल्याणपुर समेत कई गांवों में कावड़ यात्रा का हरी झंडी दिखाई और रवाना करते हुए वक्त स्वागत किया। राज्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार में कांवड़ियों का उत्पीड़न किया जाता था जबकि भाजपा सरकार में फूल बरसाए जाते हैं। सपा की सरकार में कांवड़ यात्रा पर तरह–तरह के प्रतिबंध लगाए जाते थे। कांवड़ियों का उत्पीड़न किया जाता था, भाजपा सरकार में कांवड़ियों को न सिर्फ सुरक्षा मुहैया कराई जाती है बल्कि शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा करते हुए अभिनंदन किया जाता है। उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा धर्म और आस्था से जुड़ा एक बड़ा कार्यक्रम है। उन्होंने कावड़ यात्रियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि भगवान भोलेनाथ उनकी यात्रा को शुभ करें और इस यात्रा के माध्यम से मनोकामनाएं पूर्ण करें। बड़ी संख्या में कांवड़िये एकत्र थे। इस मौके पर ललौरी खेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष पूरनलाल गंगवार, चौधरी दिग्विजय सिंह आदि मौजूद

## सार-संक्षेप

### अभियान के तहत किया पौधारोपण



**पूरनपुर, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी के कार्यकर्ता रविवार को एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत पौधारोपण करने पहुंचे। जिलाध्यक्ष शेखर पांडेय ने कहा कि पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण आवश्यक है। सभी को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में ऑक्सीजन के कमी के कारण हुई मौतों को देखते हुए यह अभियान बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दौरान लोगों को पौधे लगाने के लिए जागरूक किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष शेखर पांडेय, तहसील अध्यक्ष प्रमोद वर्मा, नगर अध्यक्ष रमेश राठौर, अवलोक मिश्रा, मुकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### मोहल्ला डालचंद में चला हस्ताक्षर अभियान



**पीलीभीत, अमृत विचार :** अल्पसंख्यक कांग्रेस की ओर से जातिगत जनगणना कराने और आरक्षण से 50 प्रतिशत की पाबंदी हटाने की मांग के समर्थन में सात अगस्त से हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को मोहल्ला डालचंद में कार्यकर्ता अभियान के तहत पहुंचे और लोगों को इसकी जानकारी दी। प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर अनीस ने अगुवाई की। इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला चेयरमैन इश्तियाक अहमद अंसारी, शहर चेयरमैन सिद्दीक अहमद उस्मानी, जुम्मा उस्मानी, आरिफ उस्मानी, अमन अंसारी, मोहम्मद नोमान अंसारी, फिरोज अंसारी, फातिमा बी, साइन जहां, कैसर जहां, रुखसाना, हिना, मो. आरिफ, मो. सलीम, मो. असलम आदि मौजूद रहे।

### बर्डेट पब्लिक स्कूल में सेमिनार का समापन



**पूरनपुर, अमृत विचार :** रपुरकलां रोड पर स्थित दि बर्डेट पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय शैक्षिक सेमिनार के समापन पर रिसोर्स पर्सन अरशद खान ने शिक्षकों को पढ़ाने की आसान तकनीक बताई। उन्होंने कहा कक्षा में संवाद तकनीक को शामिल करते हुए आदर्श व्यवहार का प्रदर्शन करें। प्रबंधक एडवोकेट असद खान ने कहा कि सेमिनार में साझा की गई रणनीतियों से बेहतर शैक्षिक परिणाम प्राप्त किया जा सकते हैं। इस सेमिनार में स्वामी एजुकेशनल पब्लिक स्कूल, अकल एकेडमी गोमती, बीके पब्लिक स्कूल, किडजी स्कूल, विद्या निकेतन स्कूल, गुरु नानक गुरदास एकेडमी सकरिया, आर बी इंटर कॉलेज, गोल्डन फ्लावर स्कूल, माय विंग्स स्कूल, नदीम जूनियर हाई स्कूल, अकाल एकेडमी भीरा, आदि स्कूलों के शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान शिक्षकों ने शिक्षा को क्षेत्र में उच्चतम शिखर पर ले जाने के सुझाव भी रखे। प्रधानाचार्य देवेंद्र कौर, जस्टिन जोत कौर, प्रबंधक असद खान, प्रधानाचार्य सुरेश सिंह, सचिन वर्मा, इमरान सहित कई शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### दूसरे पति ने शादी के तीन साल बाद किया बेघर

**गजरौला, अमृत विचार :** पहले पति की मौत के बाद महिला ने दूसरी शादी की। मगर, दूसरे पति ने दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और घर से निकाल दिया। क्षेत्र के ग्राम पिपरिया भजा की रहने वाली कमलजीत कौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी गांव सकरिया के सर्वजीत सिंह से हुई थी। पति की पंजाब में हुए एक्सीडेंट में मौत हो गई। उसका बीमा क्लेम के करीब तीस लाख रुपये परिजन को मिले। पीड़िता की दूसरी शादी नवदिया सुल्तानपुर के गुरमुख सिंह से हो गई। तीन साल बाद चार बीघा जमीन खरीदी और मकान बनवाया। बच्चे के लिए एफडी करा दी। आरोप है कि दूसरे पति व उसके परिवार वालों ने मारपीट की। संदूक तोड़कर उसमें रखे जरूरी कागजात और साइन किए गए ब्लैंक चेक भी निकाल लिए। इसके बाद पीड़िता को घर से निकाल दिया। 24 जुलाई को मायके में फसल कटवाने भाइयों के साथ जा रही थी। तभी रास्ते में आरोपियों ने मारपीट की। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### भतीजे के साथ गई युवती को पुलिस ने किया बरामद

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका दूर का रिश्तेदार अक्सर गांव में आता था। उसका परिवार की एक युवती से प्रेम प्रसंग हो गया। जबकि युवती उसकी मौसी लगती है। युवक बीते दिनों युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। इसके बाद से कुछ पता नहीं चल सका है। एसओ विशेष कुमार ने बताया कि युवक और युवती आपस में रिश्तेदार हैं। युवती को बरामद कर लिया गया है युवती के बयान के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# स्वतंत्रता दिवस पर शुरू होगी तिरंगा यात्रा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



संघ कार्यालय पर हुई बैठक में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- संघ कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक, तय की गई जिम्मेदारी

**अमृत विचारः** शहर स्थित संघ कार्यालय पर रविवार को बैठक हुई। जिसमें 15 अगस्त को तिरंगा स्वाभिमान यात्रा निकाले जाने की तैयारियां की समीक्षा करते हुए जिम्मेदारी तय की गई।

बताया कि बीते सालों की तरह इस बार भी स्वतंत्रता दिवस पर पीलीभीत में विशाल तिरंगा स्वाभिमान यात्रा निकाली जाएगी। इसे सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंप दी गई। हिंदू जागरण मंच युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष आशीष लोधी ने बताया कि तिरंगा स्वाभिमान यात्रा की शुरुआत सुबह दस बजे रेलवे स्टेशन परिसर से होगी। शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए श्री गौरीशंकर मंदिर जाकर यात्रा संपन्न होगी। हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष यशवंत सिंह, जिला महामंत्री केशव वैश्य, सूरज वर्मा, अमित चतुर्वेदी, विनय सक्सेना, जॉली गुप्ता, जितेंद्र छाबड़ा, पवन राजपूत, अमित अवस्थी, अनुराग विश्वकर्मा, सौरभ जायसवाल, ऋषि कनौजिया, नितिन गुप्ता, गौरव राना आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने अमरिया क्षेत्र की तीन गोशालाओं का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एक-एक टिनशेड का निर्माण एवं पौधरोपण कराने के दिए निर्देश
- छिटपुट खामियां मिलने पर शीघ्र ही सुधार लाने की दी चेतावनी



अमरिया क्षेत्र में गोशाला के निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते डीएम संजय कुमार सिंह।

**अमृत विचारः** डीएम ने अमरिया क्षेत्र में तीन गोशालाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भूसे-चारे समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मामूली खामियां मिलने पर संबंधितों को सुधार लाने की चेतावनी दी।

डीएम संजय कुमार सिंह ने पिछले माह जिले की सभी गोशालाओं का उप जिलाधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों से निरीक्षण करवाया था। उप जिलाधिकारियों ने निरीक्षण के बाद रिपोर्ट डीएम को सौंपी दी थी। अब डीएम स्वयं गोशालाओं की हकीकत जानने को औचक निरीक्षण कर रहे हैं। रविवार को डीएम संजय कुमार सिंह ने अमरिया ब्लॉक की हर्रायपुर, माधौपुर एवं विलासपुर गोशाला का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निराश्रित गोवंशों के लिए भूसे, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम को बताया कि हर्रायपुर गोशाला में 192, माधौपुर में 182 एवं विलासपुर में 186 निराश्रित गौवंशों को संरक्षित किया गया है। गोशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा और चोकर उपलब्ध हैं।

इस दौरान डीएम ने गोशालाओं में एक-एक टिनशेड का निर्माण कराने के निर्देश दिए। पशु चिकित्सक ने गोवंशों की नियमित देखरेख करने के निर्देश देने के साथ गोवंशों के ईयर टैगिंग के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने गोशाला परिसरों में पौधरोपण करने के भी निर्देश दिए। मामूली खामियां मिलने पर तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम अमरिया अजीत प्रताप सिंह, पशु चिकित्सक समेत गोशालाओं का स्टाफ मौजूद रहा।

### छुट्टा गोवश पकड़ने का चला अभियान

जनपद में रविवार को छुट्टा गोवंशों को पकड़ने का अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बेहटी में 10, सिमरा महीपत में 10, बकैनिया में 06, बिलासपुर में 06, करेली में 14 एवं कजरी निरंजनपुर गौशाला में 04 निराश्रित गोवंशो को संरक्षित किया गया।

### विवाहिता को घर से निकाला, छह लोगों पर रिपोर्ट

**पूरनपुर, अमृत विचारः** सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव दौलतपुर की रहने वाली शिल्पी भारती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी पांच फरवरी को शाहजहांपुर जनपद के खुटार थाना क्षेत्र के मोहल्ला पश्चिमी गढ़ी के अमित कुमार भारती से हुई थी।

दहेज में कार और पांच लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने 24 मार्च को मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद से वह मायके में रह रही हैं। पिता ने 15 जुलाई को गांव में समझौते के लिए पंचायत बुलाई। बिना दहेज के ससुरालियों ने ले जाने से इन्कार कर दिया। पुलिस ने मामले में पति अमित कुमार भारती, ससुर सुनील कुमार, सास माया देवी, मौसिया ससुर बृजलाल, ममिया ससुर ओमप्रकाश, फूफा ससुर सियाराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

राहत | प्राचार्य बोलीं- जूनियर रेजिडेंट को दिया जाएगा ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं का प्रशिक्षण

# मेडिकल कॉलेज के अधीन होंगे दो सरकारी अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




मेडिकल कॉलेज का भवन। ● अमृत विचार

- हाल में ही मिली है एनएमसी से मेडिकल कॉलेज को एमबीबीएस की 100 सीटों की मान्यता

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज को मान्यता मिलने के बाद अब एमबीबीएस की सीटों का आवंटन हो चुका है। एडमिशन को लेकर तैयारी चल रही है। काउसिलिंग शुरु होते ही छात्र-छात्राएं आना शुरु हो जाएंगे। इन बच्चों को ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के कल्चर से रुबरु कराने के लिए एक पीएचसी और सीएचसी को मेडिकल कॉलेज में शामिल किया है। पूर्व में एनएमसी टीम ने यहां निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को भी चेक किया था।

जनपद में संचालित संयुक्त चिकित्सालय को वर्ष 2020 में मेडिकल कॉलेज का दर्जा दिया गया था। इसके बाद निर्माण के लिए 284.60 करोड़ का बजट स्वीकृत करते हुए पूरनपुर हाईवे पर खाग गांव में 15 एकड़ जमीन पर इसका निर्माण कराया गया। एक अप्रैल 2023 को प्रथम एलओपी (लेटर ऑफ परमिशन )के संयुक्त चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज के अधीन कर दिया था।

इसको लेकर एकेडमिक भवन, लैब, प्रशासनिक भवन, प्रोफेसर, कर्मचारी आवास का निर्माण पूरा करा लिया गया है। जिला अस्पताल परिसर में 200 बेड अस्पताल का काम भी पूरा होने की कगार पर है। लंबे समय से मान्यता के लिए चल रहे प्रयास के बाद शैक्षिक सत्र 2024-25 में आखिरकार एनएमसी टीम ने मान्यता दे दी है। मान्यता मिलने के बाद कॉलेज के लिए 100 सीटें आवंटित कर दी गई है।

इधर, 24 जून को निरीक्षण करने के लिए आई एनएमसी टीम ने डॉक्टरी की पढ़ाई करने के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं को ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को रुबरु करने के लिए सीएमओ के अधीन पीएचसी कुकरीखेड़ा और सीएचसी न्यूरिया को मेडिकल कॉलेज के अधीन किया गया है। जहां डॉक्टरी की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को वहां प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। प्राचार्य डा. संगीता अनेजा ने बताया कि पीएचसी कुकरीखेड़ा और सीएचसी न्यूरिया को अधीन करने के लिए एनएमसी ने निरीक्षण किया था। यहां छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**पूरनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुरकलां के सिवान अपनी बहन सानिया और गांव के ही शोएब के साथ 30 जुलाई को पीलीभीत गए थे। दोपहर बाद तीनों बाइक से घर वापस लौट रहे थे। गजरौला थाना क्षेत्र में रिछौला पुलिस चौकी के पास अनियंत्रित गति से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। हादसे में तीनों घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर तीनों को रेफर कर दिया गया। फिर परिजन ने तीनों को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया। शोएब की हालत नाजुक होने पर उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में शोएब की मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# हादसे में कांवड़ियों के घायल होने पर हंगामा, सीओ ने कराया शांत

## बीसलपुर-बरेली मार्ग पर कांवड़ियों ने सड़क पर जाम लगाकर की नोरबाजी, सीओ पुलिस बल के साथ पहुंचे तब दोनों पक्षों में सुलह के बाद शांत हुआ मामला

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** बदायूं के कछला घाट से जल लेकर लौटे दो कांवड़ियों को बरेली रोड पर भडरिया तिराहे पर कार ने टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गए। हादसे के बाद गुस्साए अन्य कांवड़ियों ने सड़क पर जाम लगाकर विरोध जताया। इसकी सूचना मिलने पर सीओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी कर शांत कराया। बाद में वार्ता के बाद दोनों पक्षों में सुलह हो गई।

ब्लॉक बरखेड़ा के ग्राम डंडिया लक्ष्छी के रहने वाले श्रीकृष्ण और शशांक अन्य कांवड़ियों के साथ शनिवार को कावंड़ यात्रा पर गए थे। बदायूं के कछला घाट से गंगाजल लेकर कावड़िये रविवार को वापस आ रहे थे बीसलपुर के बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक किया जाना था। शाम करीब चार बजे बरेली रोड पर भड़रिया तिराहे पर पहुंचते ही बीसलपुर की ओर से बरेली की तरफ जा रही कार की टक्कर से कावंड़िया श्रीकृष्ण और शशांक घायल हो गए। इसके बाद अन्य कांवड़िये गुस्सा गए। मार्ग पर जाम लगाकर नारेबाजी शुरू कर दी। दोनों तरफ वाहन की कतार लग गई। जानकारी मिलने पर सीओ प्रतीक दहिया, कोतवाल अशोक पाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। बोलेरो चालक पिथौरागढ़ के सतीश चंद्र ने कांवड़ियों से क्षमा याचना करते हुए उनके इलाज में हरसंभव मदद करने की बात लिखित में दी। अफसरों ने दोनों पक्षों से वार्ता की और फिर जाम खुलवाया जा सका। फिर पुलिस ने जाम में फंसे वाहनों को भी निकलवाया।


घायल कांवड़ियों का इलाज करती सीएचसी से पहुंची टीम। ● अमृत विचार

### हालात बिगड़ते देख मौके पर कराया इलाज

हादसे में घायल हुए दोनों कावंड़ियों के इलाज के लिए मौके पर ही व्यवस्था की गई। सीओ ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से वार्ता की। जिसके बाद सीएचसी से स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और घायल कावंड़ियों का इलाज किया गया। हालांकि गंभीर चोट नहीं आई थी। आश्वासन पर कांवड़िये भी शांत हो गए।


बीसलपुर बरेली मार्ग पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

### खुराफात कर तोड़ दिया कार का शीशा



साथियों के हादसे में घायल होने के बाद कांवड़िये जाम लगाकर प्रदर्शन कर रहे थे। मौके पर भीड़ जमा हो गई थी। बताते हैं कि इस बीच किसी ने खुराफात कर दी। एक कार का शीशा ईट मारकर तोड़ दिया गया। हालांकि ये किसने किया, इसकी जानकारी कोई नहीं दे सका। पुलिस ने भी इसे लेकर जानकारी की। सुलह होने पर मामला रफा-दफा किया जा सका।

# कांवड़ियों पर हूटिंग करने के बाद मारपीट राजमार्ग पर हंगामा

**उघैती/बदायूं, अमृत विचार :** हरिद्वार से जल लेकर आ रहे जा रहे कांवड़ियों के साथ बिजनौर राजमार्ग पर बाइक सवार युवकों ने मारपीट की। जिससे गुस्साए कांवड़ियों ने राजमार्ग पर हंगामा शुरू कर दिया। एसडीएम प्रवर्धन शर्मा और पुलिस मौके पर पहुंची और कांवड़ियों को समझाकर शांत कराया।

जिला कासगंज की कोतवाली सोरों क्षेत्र के गांव भरतपुर निवासी विपिन कुमार, अतुल, रामौतार साथियों के साथ हरिद्वार से कांवड़ लेकर वापस लौट रहे थे। बदायूं-बिजनौर राजमार्ग पर कस्बा उघैती से निकलते ही बाइक सवार दो युवकों ने कांवड़ियों से हूटिंग शुरू कर दी। तंज कसने लगे। इस बीच सभी कांवड़िया गांव टिटौली के पास पहुंच गए। यहां बाइक सवार दोनों युवकों ने कांवड़ियों को रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में विपिन और अतुल घायल हो गए। जिसके बाद बाइक सवार युवक फरार हो गए। गुस्साए कांवड़िया बिजनौर राजमार्ग पर बैठ गए। सूचना मिलने पर उघैती के थानाध्यक्ष राजेश कौशिक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस्लामनगर और बिल्सी थानों की पुलिस भी आ गई। गांव टिटौली में आरोपियों की तलाश कराई गई। थानाध्यक्ष के समझाने के बाद भी कांवड़िया नहीं माने। कुछ समय के बाद एसडीएम प्रवर्धन शर्मा पहुंचे। उन्होंने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर कांवड़ियों को शांत कराया। जिसके बाद पुलिस कांवड़ियों को जिले की सीमा तक छोड़कर आई।

# पहले फेंका आटा-चावल, फिर पत्थर चलाए...तीन कांवड़िये घायल

संवाददाता, बीसलपुर

- गुस्साए साथी कांवड़ियों ने ईदगाह चौराहा पर जाम लगाकर की नारबोजी, पुलिस ने कराया शांत
- नशे की हालत में निकला आरोपी तो कार्रवाई से इनकार करने की बात कहकर चले गए कांवड़िये

**अमृत विचार:** कार की टक्कर से कांवड़ियों के घायल होने के मामले को शांत कराने के कुछ देर बाद ही एक और विवाद हो गया। कांवड़ियों के जत्थे पर पहले आटा और चावल फेंका गया। विरोध करने पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। जिसमें तीन कावंड़ियों को चोट आई। गुस्साए कावंड़ियों ने कोतवाली के नजदीक ईदगाह चौराहा पर जाम लगाकर नारेबाजी की। एएसपी ने पहुंचकर जानकारी जुटाई। हालांकि बाद में युवक के नशेड़ी निकलने पर कावंड़िये शांत हो गए। आरोपी पुलिस की हिरासत में है।

कोतवाली के ग्राम खिरकिया से कांवड़ियों का जत्था जल लाने के लिए कछला घाट गया था। रविवार शाम को कांवड़ियों की वापसी हुई। वह जलाभिषेक करने के लिए बीसलुपर के गुलेश्वर नाथ मंदिर जा रहे थे। कोतवाली के नजदीक ईदगाह चौराहा की तरफ कावंड़िये पहुंच गए।

आरोप है कि इस दौरान किसी ने चावल और आटा कावंड़ियों पर फेंकना शुरू कर दिया। जिसका कावंड़ियों ने विरोध किया तो पत्थर चला दिए। जिसमें अरुण कुमार, राजेश समेत तीन कावंड़िये घायल हो गए। घटना के बाद कावंड़िये गुस्सा गए और जाम लगाकर नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना मिलने पर सीओ प्रतीक दहिया, कोतवाल अशोक पाल पुलिस बल के साथ पहुंचे। कावंड़ियों ने सख्त कार्रवाई की मांग की।

एएसपी विक्रम दहिया ने पहुंचकर जानकारी की।जिसके बाद पुलिस ने दबिश दी और आरोपी को पकड़ लिया। बताते हैं कि वह नशे की हालत में मिला। मानसिक रुप से भी अवस्थ बताया गया। जिसके बाद कांवड़िये शांत हुए और जाम खोल मंदिर के लिए रवाना हो गए।पुलिस ने भी राहत की सांस ली। हालांकि आरोपी को पुलिस हिरासत में लिए रही


जाम लगाकर प्रदर्शन करते वक्त साथी को आई चोट दिखाते कावंड़िये। ● अमृत विचार

# पौत्र ने दादा पर फावड़े से किया वार, दम तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- न्यूरिया क्षेत्र चौड़ाखेड़ा गांव में दो अगस्त की रात हुई घटना

**अमृत विचार :** झोपड़ी में सो रहे वृद्ध पर उसके पौत्र ने फावड़े से सिर वार कर दिए। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज लेकर आए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने वृद्ध को बरेली रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। छोटे पुत्र की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घटना दो अगस्त की रात को हुई। न्यूरिया क्षेत्र के गांव चौड़ाखेड़ा के रहने वाले प्रमोद कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पिता मुन्ना लाल (72) घर के नजदीक स्थित भाई महेंद्र पाल के मकान के सामने बनी झोपड़ी में रहते थे। दो अगस्त की रात पिता झोपड़ी में सो रहे थे। रात करीब दो बजे पिता के चिल्लाने की आवाज आई। इसपर परिजन जाग गए। टार्च की रोशनी में देखा तो बड़े भाई बाबू राम का पुत्र प्रदीप हाथ में फावड़ा लिए खड़ा था। इसपर परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे तो आरोपी भाग गया। चारपाई पर लहूलुहान पड़े पिता को उठाया।

इसके बाद रात को ही इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उन्हें बरेली रेफर कर दिया। अगले ही दिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना के बाद न्यूरिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसओ न्यूरिया प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि पुत्र की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# रंजिश के चलते घर में घुसकर मारपीट मामले में रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** खेलते वक्त बच्चों के बीच हुए झगड़े के मामले में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। जिसमें परिवार के लोग घायल हो गए। इस पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जहानाबाद क्षेत्र के गांव सहगवां नगरिया के महमूद अली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 जुलाई शाम पौने छह बजे उनका पौत्र आहित पड़ोस में रहने वाले शाकिर अली के बेटे के साथ खेल रहा था। खेलते वक्त दोनों बच्चों में आपस में झगड़ा हो गया। इस पर शाकिर अली के बेटे ने अपनी मां से शिकायत कर दी। शाकिर अली अपनी पत्नी के इशरत जहां, रानी और नासिर के साथ घर में घुस आए और गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी। आसपास के लोगों ने बचाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# तेंदुआ ने किया गाय के बछड़े का शिकार

संवाददाता, मझोला

**अमृत विचारः** खिरका फार्म में दूसरे दिन दोनों तेंदुआ दिन भर नहीं दिखे और रात होते ही गाय के बछड़े को हमला कर अपना निवाला बनाया। इसके बाद दोनो तेंदुआ नजदीक के खेत में जाकर छिपे। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत है। ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ खासा नाराजगी का महौल है। इधर, घटनाक्रम का पता चलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को अलर्ट कर दिया है।

बता दें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल के खिरका फार्म हाउस पर शनिवार रात दो तेंदुआ दिखने से दहशत थी। इसका पता चलने के बाद रविवार को दिन भर लोग अलर्ट रहे लेकिन तेंदुआ ने इस दौरान दस्तक नहीं दी। बताते है कि रविवार की रात करीब साढ़े आठ बजे दोनों तेदुआ अचानक निकले और गाय के बछड़े को अपना निवाला बनाया। इसके बाद दोनों तेंदुआ खेत की तरफ चले गए। नजदीक में ही रानी कालोनी, बहरुआ कालोनी, गगनापुर गांव समेत आबादी क्षेत्र है। इस घटनाक्रम का पता चलते के बाद से तेंदुआ की दस्तक से लोग घबरा गए हैं। उनको डर सता रहा है कि तेंदुआ फिर से कहीं हमला कर किसी को शिकार न बना ले। ग्रामीणों की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम रात में ही गांव पहुंच गई और ग्रामीणों से जानकारी जुटाई। वन दरोगा सोनी सिंह ने बताया कि शिकार करने के बाद तेंदुआ धान के खेत में चला गया है। ग्रामीणों को जागरूक किया गया है। उच्चाधिकारियों को जानकारी दे दी गई है। निगरानी कराई जा रही है।


तेंदुआ के हमले की सूचना पर टीम के साथ पहुंची वन दरोगा सोनी सिंह।

- दिनभर नहीं हुई किसी तरह की चहल कदमी, रात को किया हमला
- ग्रामीण दहशत में, तेंदुआ की दो बताई जा रही संख्या

# किशोरी का वीडियो सोशल मीडिया पर किया वायरल

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** किशोरी का वीडियो बनाकर एक युवक ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जानकारी लगने पर किशोरी के परिजनों ने विरोध किया। इस पर युवक ने घर में घुसकर मारपीट की। पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना सेहरामऊ क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के अमित ने 28 जुलाई को उसकी बेटी का मोबाइल से वीडियो बना लिया। युवक ने वह वीडियो वायरल कर दिया।

इसकी जानकारी जब परिजनों को लगी तो युवक के पास जाकर विरोध किया। आरोप है अमित ने अपने साथी रमन और रवि कुमार के साथ मिलकर महिला और उसके बेटे को लाठी डंडे से पीटा। धमकी दी कि वह बेटी की शादी नहीं होने देंगे। इसको लेकर किशोरी के परिजन भयभीत हैं। पुलिस ने अमित, रमन और रवि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश पर क्षेत्र की एक महिला ने गांव के ही सोनपाल, गीता देवी और अनीता देवी के खिलाफ एससीएसटी एक्ट, छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि उसके पति की ब्लड कैंसर से मौत हो चुकी है। आरोपी सोनपाल लगातार कॉल् कर परेशान करता था।तीन मई को आरोपी घर में घुस गया और तमंचे के बल पर दुष्कर्म किया। पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है।

# अमरिया सीएचसी में कई गैरहाजिर मिले

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरिया और जल जीवन मिशन पंसोली मुस्तकिल का भी औचक निरीक्षण किया।

उपस्थिति रजिस्टर की जांच में 15 नियमित स्टाफ व 21 स्टाफ संविदा का पाया गया। जिसमें से नियमित कर्मचारियों में राजेश सिंह, शंकर सिंह, डा. मोहम्मद अनस, डा. अनिकेत गंगवार जबकि संविदा स्टाफ में 11 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इस पर अनुपस्थित डॉक्टर/ कर्मचारियों वेतन काटने के निर्देश दिए। इसके साथ ही साधारण प्रसव की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।


सीएचसी में निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर देखते डीएम संजय कुमार सिंह।

शौचालय एवं इमरजेंसी वार्ड में गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई। इसके अलावा जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल योजना के संबंध में जानकारी की। ग्रामीणों ने बताया कि अभी कुछ घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिए कि जिन घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है उनको ठीक करना सुनिश्चित करें।

### चौकी इंचार्ज से भिड़ गया शराब के नशे में धुत युवक

**बदायूं, अमृत विचार :** पुराने विवाद के निस्तारण के दौरान शराब के नशे में धुत एक युवक हंगामा करने लगा। रोकने पर वह चौकी इंचार्ज से भिड़ गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार थाना उसहैत क्षेत्र के गांव श्रीओम पुत्र भगवान सिंह व सुखपाल सिंह पुत्र सेवाराम और रामकिशोर पुत्र चोखे लाल के बीच काफी पहले से विवाद चलता आ रहा है। मामला अक्सर ही थाने पहुंचा था। जिसके चलते पुलिस ने मामले के निस्तारण के लिए दोनों पक्ष को बातचीत के लिए बुलाया था। दोनों पक्षों में बातचीत चल रही थी। रामकिशोर पक्ष का गांव लिलवां निवासी बबलू पुत्र बुधपाल शराब के नशे में धुत होकर आया। श्रीओम और उनके परिजनों से गलत बातें करने लगा। मना करने पर वह उग्र हो गया। गाली-गलौज शुरू कर दी। चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने उसे समझाने की कोशिश की तो वह चौकी इंचार्ज से भिड़ गया।

# पूर्व मंत्री भगवान सिंह शाक्य से 6.83 लाख रुपये की धोखाधड़ी

बदायूं कार्यालय

- अपने ऑयल प्लांट पर फिल्टर प्रेस लगवाने को पूर्व मंत्री ने विभिन्न माध्यम से भिजवाए थे रुपये

**अमृत विचार :** ऑयल प्लांट पर फिल्टर प्रेस लगवाने के नाम पर पूर्व मंत्री के साथ 6 लाख 83 हजार 500 रुपये की धोखाधड़ी हुई है। पूर्व मंत्री ने विभिन्न माध्यमों से फिल्टर प्रेस के लिए रुपये भिजवाए। काफी समय इंतजार करने के बाद भी न तो फिल्टर प्रेस आई और न ही रुपये वापस किए गए। पूर्व मंत्री ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच कर रही है।

पूर्व मंत्री भगवान सिंह शाक्य सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शिवपुरम में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया कि वह ककराला रोड स्थित गांव हादीपुर के पास उनका देवकी पेट्रोकैम नाम से ऑयल प्लांट है। उनकी फर्म भी इसी नाम से है। उन्हें अपने प्लांट पर फिल्टर प्रेस लगवानी थी। 20 सितंबर 2023 को उन्होंने फिल्टर प्रेस मंगवाने के लिए आनंद कुमार से बात की। विपिन कुमार शर्मा के माध्यम से आनंद को एक लाख रुपये दिलाए। 7 अक्टूबर 2023 को भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा से कर्नाटक के जिला बिदर स्थित कोल्हार इंडस्ट्रीज एरिया स्थित श्रीलक्ष्मी एग्रो के कैनरा बैंक के खाते में दो लाख रुपये आरटीजीएस कराए। जिसके बाद 30 अक्टूबर 2023 को एसबीआइ की मुख्य शाखा से फिर से कर्नाटक के जिला बिदर के शिवाजी नगर स्थित डलिप्पा की पत्नी सिगम्मा बिनादर के खाते में आरटीजीएस द्वारा एक लाख 54 हजार रुपये भेजे। उन्होंने जिला मैसूर निवासी ग्रीश को अपने प्लांट की कुछ मशीनरी और अन्य सामान बेचा। ग्रीश ने कुछ रुपये दिए और कुछ रुपये उसपर बकाया था। ग्रीश के माध्यम से पूर्व मंत्री ने सिगम्मा बिनादर के खाते में दो बार में 74 हजार 500 रुपये और तीन बार में एक लाख 25 हजार रुपये आनंद को भिजवाए।

फिल्टर मशीन मैसूर से बदायूं पहुंचाने के लिए 30 हजार रुपये विपिन कुमार शर्मा को दिए। फिल्टर मशीन के लिए पूर्व मंत्री से आनंद कुमार ने 6 लाख 83 हजार 500 रुपये लिए। काफी समय इंतजार करने के बाद भी पूर्व मंत्री के प्लांट पर फिल्टर मशीन नहीं पहुंची। जानकारी करने पर पता चला कि फिल्टर प्रेस किसी और को बेच दी गई है। पूर्व मंत्री ने दो लोगों को आनंद कुमार के पास भेजा। जिसमें किराया और होटल समेत 60 हजार रुपये खर्च हुए। आनंद कुमार ने रुपये वापस करने से इंकार कर दिया। दोनों लोगों से अभद्रता की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# शाहनूरी मस्जिद को ढंकवाकर निकलवाया कांवड़ियों का जत्था

बरेली कार्यालय

- पिछले साल हुए उपद्रव की वजह से जत्थे की अनुमति की निरस्त, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा पुलिस फोर्स

> परंपरागत रास्ते से शांतिपूर्ण तरीके से कांवड़ियों का जत्था निकलवाया गया। किसी तरह की कोई खुराफात न हो इसके लिए एक कंपनी पीएसी के साथ तीन सौ पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। – अनीता चौहान, सीओ

**अमृत विचार :** जोगीनवादा में पिछले साल हुए उपद्रव की वजह प्रशासन ने इस बार भी कांवड़ यात्रा नहीं निकालने दी। ऐन मौके पर अनुमति निरस्त कर दी। उसकी जगह कांवड़ियों का दूसरा जत्था निकलवाया लेकिन शाहनूरी मस्जिद को प्लास्टिक शीट से पूरी तरह पैक करने के बाद। इ

पिछले साल सावन में जोगी नवादा में कांवड़ यात्रा के दौरान भारी बवाल हुआ था। कांवड़ियों के जत्थे की ओर से शाहनूरी मस्जिद के पास रंग-गुलाल उड़ाने और नारेबाजी पर सांप्रदायिक विवाद की शुरुआत हुई थी।

अगले सोमवार को और ज्यादा उपद्रव हुआ तो पुलिस को कांवड़ियों को लाठीचार्ज कर खदेड़ना पड़ा था। इस घटना ने इतना तूल पकड़ा कि उसी दिन शाम को तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभाकर चौधरी का तबादला कर दिया गया था। इंस्पेक्टर बारादरी अभिषेक सिंह समेत कई पुलिस वालों को भी निलंबित कर दिया गया था।

इस बार फिर बवाल की आशंका देखते हुए पुलिस-प्रशासन पहले से सतर्क था। जोगीनवादा से रविवार को गंगाजल लेने के लिए कछला जाने को दो जत्थों ने अनुमति मांगी थी। इनमें पूर्व पार्षद डॉ. बनवारीलाल शर्मा के जत्थे को तो शर्तों के साथ अनुमति दे दी गई लेकिन जबकि मौर्य गली से निकलने वाले महंत राकेश कश्यप के जत्थे को अवैध बताकर उसका आवेदन मौके पर ही निरस्त कर दिया गया। महंत राकेश कश्यप के जत्थे की कांवड़ यात्रा के दौरान पिछले साल बवाल हुआ था। रविवार दोपहर गोसाई गौंटिया से बनवारी लाल की अगुवाई में करीब तीन हजार कांवड़ियों का जत्था शांतिपूर्ण ढंग से शाहनूरी मस्जिद के सामने से डीजे के साथ निकल गया।


**कार्यालय नगर पंचायत कलीनगर, पीलीभीत**

पत्रांक: 218/न.पं.क./2024-25 दिनांक: 03.08.2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक स्थानीय निकाये गोमती नगर विस्तार- 7 लखनऊ के कार्यालय के पत्रांक 4/3061/स्व.शौ./22-23 लखनऊ, दिनांक 26.02.2024 के क्रम में मा. उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका संख्या 324 ऑफ 2020 डॉ. बलराम सिंह बनाम यूनियम ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक 20.10.2023 के अनुपालन में प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में मैनुअल स्केवेजरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण कर नगर पंचायत कलीनगर सीमान्तर्गत स्थित समस्त 10 वार्डो में किया जा रहा है। अतः कोई भी सर्वसाधारण दिनांक 10.08.2024 तक कार्यालय नगर पंचायत कलीनगर में उपस्थित होकर अस्वच्छ शौचालय तथा मैनुअल स्केवेंजरों की सूचना दे सकता है। जिससे इनका नियमानुसार सर्वेक्षण / चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण किया जा सके।

कृष्ण कुमार सोनकर
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कलीनगर, पीलीभीत

**कार्यालय निर्मल ग्राम पंचायत भरतौल वि.ख. बिथरीचैनपुर, बरेली**

सभी अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भरतौल में मनरेगा के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार उच्च कोटि की निर्माण सामग्री सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, ईट की रोड़ी, प्रथम ईट एवं नदी रेता आदि की सीलबन्द निविदायें दिनांक 9.8.2024 को सायं 4:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदायें निविदादाता व उनके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 10.8.2024 को सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत प्रधान जी की अध्यक्षता में सायं 4:00 बजे खोली जायेगी। कराये जाने वाले कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | वीरपाल के प्लाट से राठौर साहब के प्लाट तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 397358.00 |
| 2. | धर्म सिंह के मकान से मुकेश कुमार अग्निहोत्री के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य। | 318559.00 |

ग्राम प्रधान — श्रीमती प्रवेश
सचिव — श्री विवेक कुमार गंगवार

**कार्यालय ग्राम पंचायत नवदिया हरकिशन वि.ख. बिथरीचैनपुर, बरेली**

**निविदा सूचना**

सभी अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नवदिया हरकिशन में मनरेगा के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार उच्च कोटि की निर्माण सामग्री सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, प्रथम ईट, ईट की रोड़ी एवं नदी रेता आदि की सीलबन्द निविदायें दिनांक 9.8.2024 को सायं 4:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदायें निविदादाता व उनके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 10.8.2024 को सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत प्रधान जी की अध्यक्षता में सायं 4:00 बजे खोली जायेगी। कराये जाने वाले कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | मुख्य सड़क से देव स्थान तक सी.सी. निर्माण कार्य | 277387/- |
| 2. | मेन सी.सी. से नन्दन सिंह के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य | 341179/- |
| 3. | सार्वजनिक देवस्थान पर वृक्षारोपण व फौगिंग कार्य | |

ग्राम प्रधान — उपेन्द्र सिंह
सचिव — युधिष्ठिर सिंह

उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः॥

सिर्फ इच्छा करने से उसके काम पूरे नहीं होते, बल्कि व्यक्ति के मेहनत करने से ही उसके काम पूरे होते हैं। जैसे सोए हुए शेर के मुंह में हिरण स्वयं नहीं आता, उसके लिए शेर को परिश्रम करना पड़ता है।


## संपादकीय

# पड़ोस में अशांति

पड़ोसी देश बांग्लादेश में आरक्षण विवाद के चलते एक बार फिर से हिंसा ने तेजी पकड़ ली है। रविवार को हुई हिंसक झड़प में 32 से अधिक लोगों की मौत हो गई। बांग्लादेश में छात्र सरकारी नौकरियों के लिए कोटा प्रणाली को खत्म करने की मांग को लेकर एक महीने से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे है। जबकि बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने विरोध प्रदर्शनों के लिए जिम्मेदार विवादास्पद कोटा को काफी कम कर दिया। प्रदर्शनकारियों की मांग में हिंसा में फंसे पुलिस अधिकारियों के लिए सजा और गृहमंत्री का इस्तीफा भी शामिल है। एक ओर प्रदर्शनकारियों और दूसरी ओर सुरक्षा बलों और सत्तारूढ़ अवामी लीग की छात्र शाखा के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पों में अब तक देश भर में 200 लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच, प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद ने कहा कि विरोध के नाम पर बांग्लादेश में तोड़फोड़ करने वाले लोग छात्र, नहीं बल्कि आतंकवादी हैं। उधर प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री हसीना के वार्ता के निमंत्रण को खारिज कर दिया।

गौरतलब है कि आरक्षण के तहत 1971 में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वाले लड़ाकों के रिश्तेदारों को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था। सरकार का आरोप है कि घातक विरोध प्रदर्शन के पीछे जमात-ए-इस्लामी है और सरकार ने जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध लगाने की योजना की घोषणा की है। जमात, जो पहले से ही चुनाव नहीं लड़ सकती है, नए प्रतिबंध के तहत सार्वजनिक सभाएं आयोजित करने में भी सक्षम नहीं होगी। सरकार ने दावा किया कि इस कदम का उद्देश्य हाल के हफ्तों में बांग्लादेश में हुई हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित करना है। दरअसल हाल के विरोध प्रदर्शनों में जमात की कथित भूमिका की बारीकी से जांच की जानी चाहिए। हालांकि प्रधानमंत्री पहले ही हिंसा की न्यायिक जांच का वादा कर चुकी हैं। महत्वपूर्ण है कि जांच तेजी से, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से की जाए ताकि आम बांग्लादेशियों और भारत सहित अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की नजर में इसकी वैधता बनी रहे, जो देश में हाल की घटनाओं से चिंतित है। देश में हिंसा का जो भयावह दौर चल रहा है, उस पर रोक लगाने के लिए बांग्लादेश सरकार को देश के लिए महत्वपूर्ण क्षण में अपने दृष्टिकोण पर सावधानीपूर्वक विचार करने की आवश्यकता है। इसकी शुरुआत विशेषकर युवा प्रदर्शनकारियों की बात सुनकर हो सकती है।

# चुनौतीपूर्ण है सर्प विष प्रोटीन्स से बेहतर दवा का विकास



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**सर्पदंश से सर्वाधिक प्रभावित इलाकों की भारत में की गई मैपिंग से मालूम होता है कि नाग या कोबरा के अलावा वाइपर और करैत के दंश से अत्यंत तेज विष के प्रभाव से भारत में हर साल करीब 12 लाख जन पीड़ित होते हैं, जिनमें से 62 हजार की मौत होती हैं। अप्रैल से सितंबर के महीनों में सर्पदंश की वारदात अधिक रहती है।**

इस वर्ष अभी तक देश में करीब 12 हजार जनों को सर्पदंश होने के बाद से इनमें से 250 से अधिक मर चुके हैं। बेसिक और एप्लाइड रिसर्च के अनुसार विभिन्न प्रकार के जहरीले सांपों के विष या टॉक्सिक प्रोटीन्स की आणविक संरचना निराली होती है। सर्पदंश से सर्वाधिक पीड़ित और संभावना वाले भारत के भौगोलिक क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य और डाटा-पूलिंग किया गया है। सर्प विष में मौजूद टॉक्सिक प्रोटीन्स से डायग्नोस्टिक और थेराप्युटिक टूल्स का विकास हुआ है।

स्नेक टॉक्सिन्स पर बहुविध रिसर्च से अब भरपूर मात्रात्मक और गुणात्मक जानकारी मौजूद है। जैसा कि एनिमल्स जर्नल के 12 अगस्त सन 2022 में प्रकाशित और स्कोपस डाटाबेस से 2999 रिसर्च पेपर्स का संदर्भ लेकर किए गए अध्ययन बिब्लियोमीट्रिक एनालिसिस ऑफ लिटरेचर इन स्नेक वेनम-रिलेटेड रिसर्च वर्ल्डवाइड (1933-2022) से मालूम होता है। इन अध्ययनों से स्थापित निष्कर्षों की सटीकता या वेलिडेशन के लिए इन स्टडीज की डिजाइनिंग इस प्रकार से की गई थी, जिससे स्टेटिस्टिकल एनालिसिस करते समय डाटा संबंधी अक्षमता से न जूझना पड़े। सितंबर 1964 में नेचर जर्नल में इफेक्ट ऑफ स्नेक वेनोम एंड एंडोटॉक्सिन ऑन कॉर्टिकल इलेक्ट्रिकल एक्टिविटी पेपर का प्रकाशन किया था, जिससे मालूम हुआ कि मानव मस्तिष्क की रचना में बाह्य परत-सेरिब्रल कॉर्टेक्स, पर सर्प विष प्रभाव डालकर एन्द्रिक संचेतना, शरीर की मांसपेशियों में हलचल, अंग संचालन और विचार प्रक्रिया को नष्ट करता है।

29 जुलाई 2024 के बीएमसी बायोलॉजी के अंक में प्रकाशित एक रोचक अध्ययन फ्रॉम बर्थ बाईटः द एव्ल्युश्नरी इकोलॉजी ऑफ इंडियाज मेडिकली मोस्ट इम्पोर्टेन्ट स्नेक वेनम्स यह मालूम करने के लिए किया गया कि मल्टीवेलेंट एंटीवेनिन दवा की विषहारी क्षमता नाग और रसेल वाइपर (दबोया रसल्ली) के विषों की बनावट के कारण मनुष्य के शरीर पर असर डालने की प्रक्रिया को रोकने में किस स्तर तक प्रभावी है। उक्त दोनों किस्म के सर्प विषों के अलावा वाइपर की अन्य किस्मों के जहर का प्रभाव भी मनुष्य शरीर में अलग तरह से होता है। शोधकर्ताओं ने संकेत किया है कि एंटी वेनिन्ज को असरदार बनाने के लिए टीका निर्माण में मौलिक स्तर पर टेक्नोलॉजिकल संशोधन करने की जरूरत है। भारत में पुरानी और नई दोनों ही तकनीक से सर्प विष रोधी वैक्सीन बनाई जा रही हैं। पेप्टाइड थेराप्यूटिक्स असल में विषैली प्रोटीन्स को दवा के रूप में इस्तेमाल करने हेतु ज्ञान सृजन की एक प्रक्रिया है। सर्प विषों की टॉक्सिनोलॉजी और फार्माकोलॉजी में उन्नत शोधकार्य ने सन 1999 के बाद गति पकड़ी है। इतिहास देखें तो इसकी नींव उन्नीसवीं सदी के अंत में ही पड़ चुकी थी। भारत में जहरीले सांपों की नेचुरल हिस्ट्री के प्रलेखन और घातक टॉक्सिन्स की पहचान को लेकर अंग्रेज अधिकारियों ने जैसा काम किया था उससे संबंधित सभी दस्तावेज उपलब्ध हैं।

**बायो-एक्टिव मैटेरियल्स जर्नल में अमेरिका में कार्यरत चीन मूल के नौ वैज्ञानिकों ने संयुक्त रूप से रिकॉम्बिनेंट डीएनए तकनीक से नैनो-टॉक्साइड बनाया था, जो कॉमन करैत सांप के जहर की चार प्रोटीन्स को निष्क्रिय करने की क्षमता रखता है।**

कलकत्ता में रहने वाले प्रकृति अध्येता और जीव विज्ञानी जोसेफ फ्रेयर ने नेचर के सन 1883 के अंक में प्रकाशित एक नोट में बताया था कि उपलब्ध सूचना के आधार पर सन 1880 में ही भारत में सर्पदंश से 19060 लोगों ने प्राण गंवाए। भारत के 278 किस्म के सांपों की जानकारी यूरोपियन तरीके से सन 1793 से अंग्रेजों ने इकट्ठा करना शुरू कर दी थी। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के समय से सांपों के स्पेसिमेन और लोकल जानकारी को लंदन में कंपनी के हेडक्वार्टर, इंडिया हाउस में भेजा जाता था। लंदन में बैठे हुए डॉ. पैट्रिक रसेल, व्यवस्थित करके इसका प्रकाशन करते रहे। एनल्स ऑफ मेडिसिन (लंदन) के सन 1797 के अंक में कोरोमंडल तटीय प्रदेश के सांपों पर डॉ. रसेल का प्रकाशन है। इसे एक दस्तावेज के रूप में रंगीन चित्रों सहित सन 1801 में प्रकाशित किया गया। भारत में अंग्रेज डॉक्टर साधारण और प्रारंभिक तरीकों से अमोनिया, ब्रांडी और शोरे से सर्पदंश की चिकित्सा करते रहे थे। भारत अब सपेरों या स्नेक चार्मर्स के अपेक्षा स्नेक टॉक्सिन्स पर रिसर्च में कार्य करने में अव्वल देशों की श्रेणी में और और सर्प विष डायग्नोस्टिक सीरम-एंटीबाडीज और एंटी-वेनिन के निर्माण में अग्रणी भी है। देश में कसौली, बॉम्बे, गिंडी (चेन्नई), कोलकाता, पुणे और हैदराबाद में प्राइवेट और सरकारी क्षेत्र की आठ कपनियां एंटीवेनिन वैक्सीन की 10 एमएल मात्रा के करीब 70 लाख टीकों का उत्पादन हर साल करती हैं।

सर्पदंश से सर्वाधिक प्रभावित इलाकों की भारत में की गई मैपिंग से मालूम होता है कि नाग या कोबरा के अलावा वाइपर और करैत के दंश से अत्यंत तेज विष के प्रभाव से भारत में हर साल करीब 12 लाख जन पीड़ित होते हैं, जिनमें से 62 हजार की मौत होती हैं। अप्रैल से सितंबर के महीनों में सर्पदंश की वारदात अधिक रहती है। सर्प विष से नष्ट हुए ऊतकों के पुनर्निर्माण की रचना प्रक्रिया शुरू करने के लिए आयुर्वेद में वर्णित जड़ी-बूटियों से उपचार की संभावना की ओर ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड इंफेक्शस डिजीजेस के जून 2022 के अंक में प्रकाशित अध्ययन ए कंटेम्परری एक्सप्लोरेशन ऑफ ट्रेडिशनल इंडियन स्नेक एन्वीनोमेशन थेरापीज से उम्मीद जागृत होती है। पीड़ित व्यक्ति में टिश्यू डैमेज जैसी विकृतियों के समाधान के लिए वैकल्पिक चिकित्सा पद्धितयों में वर्णित थेरेपीज की वेलिडेशन स्टडीज की जरूरत अब महसूस होती है। कॉमन बैंडेड करैत प्रजाति के विष बुन्गारोटॉक्सिन की पांच प्रकार की विशिष्ट न्यूरोटॉक्सिक प्रोटीन्स शरीर में अलग स्थलों पर पहुंचकर घातक असर डालती हैं। सन 1963 में ताइवान नेशनल यूनिवर्सिटी में हुआन शियुंग चांग और शेन-हु-आन ली ने एलेक्ट्रोफोरेसिस तकनीक से इन पांच प्रोटीन्स में से चार टॉक्सिन्स और इनके एक्टिंग मैकेनिज्म के अलावा शरीर की कोशिकाओं पर मौजूद उन ग्राह्य-संवेदियों या रिसेप्टर्स की पहचान की थी, जो इस टॉक्सिन के अणु के साथ चिपक कर कोशिका के भीतर पहुंचने में मददगार है।

बायो-एक्टिव मैटेरियल्स जर्नल में अमेरिका में कार्यरत चीन मूल के नौ वैज्ञानिकों ने संयुक्त रूप से रिकॉम्बिनेंट डीएनए तकनीक से नैनो-टॉक्साइड बनाया था, जो कॉमन करैत सांप के जहर की चार प्रोटीन्स को निष्क्रिय करने की क्षमता रखता है। सर्पदंश के बाद यथाशीघ्र इसे प्रोफाइलेक्टिक या बचाव टीके के रूप में व्यक्ति के शरीर में इंजेक्ट किए जाने से प्राणरक्षा होने का परीक्षण किया गया था। मालूम हुआ कि ये नैनो-टॉक्साइड्स जरूरी स्तर तक शरीर में एंटीबाडीज का निर्माण करने में सक्षम हैं और करैत विष प्रोटीन्स के अणुओं को जकड़ कर निष्क्रिय करती हैं। भारत में बनी हुई एंटीवेनिन वैक्सीन की पोटेन्सी कम है, ऐसा संकेत कुछेक रिपोर्ट्स में दर्ज हुआ है जैसेकि नेचर जर्नल के 15 दिसंबर 2019 के अंक में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु में काम करने वाले एक युवा वैज्ञानिक कार्तिक सुनगर और साथियों द्वारा किया गया अध्ययन। पीजीआई, रोहतक (हरियाणा) के इंटरनल एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ. ध्रुव चौधरी का कहना है कि सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति में कोशिकाओं की मृत्यु की प्रक्रिया शुरू होने से सांस लेना दूभर होने लगता है, तब जीवित बचने के अवसर न्यूनतम हो जाते हैं।

वल्नरेबिलिटी टू स्नेकबाइट एनवीनोमिंग ए ग्लोबल मैपिंग ऑफ हॉटस्पॉट्स मैपिंग रिपोर्ट के लांसेट जर्नल में सन 2018 में प्रकाशन के बाद सर्पदंश से प्रभावित (हॉट स्पॉट्स) क्षेत्रों में एंटी-वेनिन वैक्सीन की समुचित मात्रा भारत में कम्युनिटी या प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स के स्तर तक रखने की हिदायत की गई थी। साइंस ट्रांसलेशनल मेडिसिन जर्नल के 21 फरवरी सन 2024 के अंक में संयुक्त रूप से 25 वैज्ञानिकों द्वारा प्रकाशित शोधपत्र सिंथेटिक डेवलपमेंट ऑफ ए ब्रॉडली न्यूट्रलायजिंग एंटीबाडी अगेंस्ट स्नेक वीनोम लॉन्ग चेन एल्फा न्यूरो-टॉक्ससिंस बायो-इंजीनियर्ड सर्प विष रोधी वैक्सीन के विकास की दिशा में बड़ा कदम इसलिए है कि यह अनेक प्रकार की प्रोटीन संरचना वाले सर्प विष के विरुद्ध उपलब्ध वैक्सीन्ज़ के मुकाबले में अधिक क्रॉस-रिएक्टिव या कारगर पाई गई। सर्प विष में एंटीजेनिक वैरिएबिलिटी होने के बावजूद उक्त रिसर्च के नतीजे से ड्रग इंडस्ट्री विशिष्ट किस्म की कारगर दवा का इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन कर सकती हैं। इससे पहले एकत्रित की गईं विभिन्न मॉलिक्यूलर संरचना वाली सर्पविष-प्रोटीन्स को प्युरिफाई करने के बाद इन्हें एनिमल मॉडल में टेस्ट करना, एंटी-जेनिक वैरिएबिलिटी को ध्यान में रखते हुए विषहरण एंटीबाडीज को डिजाइन करना और इनके असर को सटीक बनाना चुनौतीपूर्ण है।

## प्रसंगवश

# लाखों के स्वर थे जनेश्वर मिश्र

जनेश्वर मिश्र के विषय में राजनीति की समझ रखने वाले लोग बखूबी जानते हैं, लेकिन उनके व्यक्तित्व के कई पहलू अब भी आम जन मानस से अछूते ही रह गए। इलाहाबाद में छात्र आंदोलन से निकलकर जीवन पर्यंत लोहिया के समाजवाद को चिंतन चरित्र में आत्मसात करने वाला व्यक्तित्व आजादी के बाद देश के राजनैतिक इतिहास में दूसरा मिलना दुर्लभ ही है। जनता के साथ संवेदना से जुड़कर उनके जीवन को बेहतर बनाने में प्रतिबद्धतापूर्ण रवैये ने उन्हें समकालीन नेताओं से मीलों आगे कर दिया।



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

इलाहाबाद में दिलखुशा आवास कई दशकों तक हाशिए के लोगों के लिए उम्मीद का केंद्र हुआ करता था। शोषितों, पीड़ितों, गरीबों, मजलूमों सहित महिला और अल्पसंख्यकों के प्रति उनका खुला समर्थन था। संघर्ष के बल पर अपनी पहचान बनाने के लिए वो लगातार प्रेरित और प्रशिक्षित करते रहते थे। राजनैतिक कार्यकर्ताओं के टूटे मनोबल को जोड़ने और उन्हें हर हाल में डटे रहने का संबल प्रदान करने में उनका कोई जोड़ नहीं था। अपने संपर्क में रहने वाले पूंजीपतियों के धन संग्रहण की प्रवृत्ति को जानते हुए उनके द्वारा आमजन को सहयोग करने के लिए कड़ा स्टैंड लेने से कतई गुरेज नहीं करते थे। उनका स्वभाव खुले हाथ और खुले मन से जरूरतमंदों की मदद करने का था। साथ ही अपने संपर्क में रहने वाले लोगों में भी यह मानवीय गुण विकसित करने में प्रयासरत रहते थे। जनेश्वर जीवनभर अपने नाम के अनुरूप लाखों भारतीय के जन-स्वर थे। ताउम्र संसाधनों के अभाव में जिए, लेकिन जीवटता और जिजीविषा का व्यक्तित्व पर ऐसा आवरण बना रहा कि संसाधन भी उनके सम्मुख लाचार दिखाई दिए। यूं तो वे लोहिया की परंपरा के प्रतिबद्ध अनुगामी के तौर पर छोटे लोहिया के नाम से मशहूर हुए, लेकिन अंतिम सांस तक देश के अग्रिम पंक्ति के नेता होने के बाद भी सामान्य जीवन व्यतीत करते हुए सरकारी ऐशो आराम को ठुकराकर वास्तविक अर्थों में लोहिया की सोच से काफी आगे चले गए।

# संविधान पीठ का समतामूलक निर्णय

गत 1 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश चन्द्र चूड़ सहित सात सदस्यीय न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित सभी विधि विशेषज्ञों की समतामूलक समाज भावना को आगे बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक निर्णय दिया।

यह निर्विवाद सत्य है कि भारतीय संविधान की निर्मिति से पूर्व भारत में दलितों, महिलाओं, पिछड़े वर्ग के लोगों का शोषण किया गया। यहां तक कि भारतीय संविधान के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भी इतना शिक्षित कानूनविद् होने के पश्चात भी भारतीय समाज में अपमान/शोषण का अनुभव किया। इसी को देखते हुए आंबेडकर ने सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक न्याय तथा प्रतिष्ठा अवसर प्राप्ति प्रतिनिधित्व के लिए समाज की मुख्यधारा से दूर सामाजिक-शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के लिए संविधान के प्रथम संशोधन 1951 के तहत अनुच्छेद 15 (घ) तथा अनुच्छेद 16 (घ) के द्वारा सार्वजनिक सरकारी संस्थाओं में नियुक्ति हेतु आरक्षण का प्रावधान किया गया तथा आवेदन शुल्कादि में भी छूट प्रदान की गई, जो तत्कालीन भारत में समतामूलक समाज के लिए अनिवार्य भी था।

आंबेडकर ने कहा था कि आरक्षण का मतलब बैसाखी नहीं, सहारा है, उन्होंने स्वयं संविधान बनाते वक्त उसमें आरक्षण की स्थाई व्यवस्था नहीं की थी। उन्होंने कहा था '10 साल में यह समीक्षा हो कि जिन्हें आरक्षण दिया गया, क्या उनकी स्थिति में कोई सुधार हुआ या नहीं'? इसके पीछे उन्होंने कारण बताया था कि आरक्षण का मतलब बैसाखी नहीं है, जिसके सहारे पूरी जिंदगी काट दी जाए। यह विकसित होने का एक मात्र अधिकार है। इसी कारण संविधान में आरक्षण की स्थाई व्यवस्था नहीं की थी, उन्होंने अगले 10 वर्षों के बाद तत्कालीन विधायिका एवं सरकार के प्रति यह कार्य छोड़ दिया था, लेकिन फिर आरक्षण व्यवस्था वर्ग हित नहीं अपितु धीरे-धीरे राजनैतिक रूप लेती रही और प्रति दस वर्ष में इसमें जातिगत संविधान संशोधन होते रहे और 75 वर्ष व्यतीत होने पर परिणाम यह रहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति के लाखों गरीबों को एक बार भी आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाया और इतने वर्ष व्यतीत होने पर भी वे आज तक समाज की मुख्यधारा से नहीं जुड़ पाए। दूसरी तरफ इसी वर्ग के लाखों लोग पुनः-पुनः आरक्षण का लाभ लेकर करोड़ों संपत्तियों के स्वामी हैं और उच्च पदों में आसीन हैं, जो डॉ. भीमराव आंबेडकर के निर्मित संविधान की मूल भावना के प्रतिकूल ही लगता है।



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

**वास्तविकता ये है कि जातिगत आरक्षण का सारा लाभ ऐसे वर्ग को मिल रहा है, जिनके पास सब कुछ है और जिन्हें आरक्षण की कोई जरूरत नहीं है।**

आरक्षण की अवधारणा के विपरीत वास्तविकता ये है कि जातिगत आरक्षण का सारा लाभ ऐसे वर्ग को मिल रहा है, जिनके पास सब कुछ है और जिन्हें आरक्षण की कोई जरूरत नहीं है। आरक्षित वर्ग के बहुत से लोग उच्च पदों पर पहुंच चुके हैं। इनमें कुछ करोड़पति तो कुछ अरबपति भी हैं। बावजूद आरक्षित जाति का होने की वजह से उनके बच्चे भी आरक्षण सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। बुद्धजीवी अक्सर सवाल उठाते रहे हैं कि ऐसे लोगों के लिए आरक्षण क्यों? इसी तरह आरक्षित वर्ग के बहुत से लोग जो मुस्लिम या ईसाई धर्म अपनाकर सामान्य वर्ग में आ चुके हैं, वह भी गैरकानूनी तरीके से आरक्षण का लाभ उठा रहे हैं, जो स्वयं ही आत्मानुशीलन का विषय है।

इसी के साथ देश में समरूपता/ समानता लाने के लिए लोकसभा-विधानसभाओं में भी एससी-एसटी आरक्षित सीटों पर क्रीमीलेयर सिद्धांत का क्रियान्वयन करना वर्तमान की आवश्यकता है और महिला आरक्षण में भी क्रीमीलेयर महिला की पहचान किया जाना आवश्यक है तथा ईडब्ल्यूएस में भी पारिवारिक वार्षिक आय कम किया जाना सामान्य वर्ग के गरीबों के लिए वास्तविक कल्याण परक होगा। यह सुखद है कि भारत की सर्वोच्च सात सदस्यीय संविधान पीठ के द्वारा दिया हुआ निर्णय का विभिन्न क्षेत्रीय राज्यों के राजनैतिक दल समर्थन कर रहे हैं और देश के बुद्धिजीवी एवं समतामूलक समाज भी इसके समर्थन में खड़ा है। देश में आर्थिक समानता लाने और 1950 से अभी तक ऐसे एससी-एसटी वर्ग, जिसको एक बार भी संविधान के तहत दिए आरक्षण के अधिकार को वंचित किए जाने से मुख्यधारा से नहीं जोड़ा जा चुका है। ऐसे एससी-एसटी समाज के गरीबों के लिए यह निर्णय भविष्य में लाभप्रद होगा। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के विचार सार्थक होंगे और उसी समाज में जो उच्च-नीच की खाई बन चुकी है, वह निश्चित ही दूर होगी और इसमें क्रीमीलेयर एससी-एसटी वर्ग को भी राष्ट्र प्रथम की भावना से इस निर्णय का स्वागत किया करना चाहिए।

## सोशल फोरम

# चुप्पी साध लेने वालों से सवाल

एक बारह साल की बच्ची से गैंग रेप ने अनेक राजनीतिक दलों और राजनेताओं को पूरी तरह निर्वस्त्र कर दिया। जिस देश और समाज में रेपिस्ट की जाति होती हो, धर्म होता हो और जिसका रेप हुआ है उसकी भी जाति और धर्म होता हो। इसी आधार पर यह तय होता हो कि कौन किसका पक्ष लेगा। किसको चुप्पी साध लेनी है और किसको मुखर होना है?

इस तरह सारे दल कभी यह तो कभी वह निर्वस्त्र हो जाते हैं। इसी लोकतंत्र को बचाना है, इसी लोकतंत्र की रक्षा करनी है? राजनेताओं के अलावा बुद्धिजीवियों, प्रबुद्ध नागरिकों , पत्रकारों और लेखकों को भी चुनाव लड़ना है क्या? वे सारे क्यों चुप हैं? वह पीड़िता बारह साल की है वह न भाजपाई है, न कांग्रेसी, न अंबेडकरवादी और न समाजवादी। फिर भी चुप्पी? हाय रे लोकतंत्र! इस लोकतंत्र पर तो बलि-बलि जाऊं की इच्छा हो रही है। ये सब किस सोच में हैं कि इस जघन्य कांड में मुंह खोलना सांप्रदायिक हो जाना होगा या धर्मनिरपेक्ष? शर्म और बेहायेपन का भेद ही मिट गया है। ठेंगे पर राजनीति और विचार, सांप्रदायिकता और धर्मनिरपेक्षता। बतौर एक लेखक हर उस रेप पीड़िता के साथ हूं। हर सांप्रदायिक और धर्मनिरपेक्ष रेपिस्ट के विरुद्ध हूं। मैं निहिलिस्ट कहा जा रहा हूं, क्योंकि मैं इस या उस दल के साथ नहीं हूं।

**आश्चर्य इस बात का भी है कोई रेप केस भारत के बाहर दुनिया के तमाम अखबारों में चर्चित हो जाता है और कोई गुमनामी में डूब जाता है या डूबा दिया जाता है।**



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

सोल्जेनित्सिन ने कहा था एक लेखक युद्ध में हमेशा अकेला होता है और दूसरी तरफ सारी दुनिया। आश्चर्य इस बात का भी है कोई रेप केस भारत के बाहर दुनिया के तमाम अखबारों में चर्चित हो जाता है और कोई गुमनामी में डूब जाता है या डूबा दिया जाता है। आगे कवियों से सवाल पूछा जाएगा तुमने जिस रेप पीड़िता पर कविता लिखी थी, वह किस जाति और किस धर्म की थी? इसके अलावा यह भी बताना रेपिस्ट किस जाति और किस धर्म का था? अंत में यह सवाल हर चुप्पी साध लेने वाले से भी किया जाना चाहिए कि तुम्हारी जाति और तुम्हारा धर्म क्या है?

-फेसबुक वॉल से

# असमान जीनोटाइप की भिड़ंत का मुद्दा

मुक्केबाजी की पेरिस ओलंपिक प्रतियोगिता में दो असमान जीनोटाइप की भिड़ंत का मुद्दा तूल पकड़ता जा रहा है। एक्सवाई जीनोटाइप जो प्रायः पुरूष का ही जेनेटिक लैंगिक सेटअप है, में आमतौर पर मांसपेशियों की ताकत और गति जैसी शारीरिक विशेषताएं होती हैं, जो खेलों में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्रदान कर सकती हैं। इसलिए यह मुद्दा निष्पक्षता और खेलों में शामिल होने की खिलाड़ियों की समानता को लेकर एक विश्वव्यापी बहस की शुरुआत कर चुका है। कुछ लोगों का तर्क है कि एक्सवाई जीनोटाइप वाले एथलीटों को महिलाओं की श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देना महिलाओं के खेल के समान स्तर को कमजोर करता है, जबकि अन्य जैसे राष्ट्रीय ओलंपिक समिति अभी भी समावेशिता और मानवीय आधारों पर ऐसी प्रतिस्पर्द्धाओं की स्वीकृति की वकालत करते हैं।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हालांकि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति और इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फुटबॉल एसोसिएशन जैसे अधिकांश खेल संगठनों ने ट्रांसजेंडर एथलीटों के लिए अलग नियमों को लागू कर दिया है, जिनमें हार्मोन स्तर की विभिन्नताएं शामिल हैं। फिर भी ये नियम सार्वभौमिक रूप से स्वीकार नहीं किए गए हैं और इसी पर बहस मुबाहिसें चल रही हैं। एक सुझाव है कि एथलेटिक प्रदर्शन पर एक्सवाई जीनोटाइप के प्रभाव और इस मुद्दे को हल करने के लिए निष्पक्ष दिशा-निर्देशों के विकास पर एक वैज्ञानिक सहमति आवश्यक है और कतिपय संभावित समाधान सुझाए गए हैं। जैसे ट्रांसजेंडर एथलीटों के लिए अलग-अलग श्रेणियां बनाई जाएं। हार्मोन स्तर की सीमाओं पर संकेतक निर्धारित हों। अलग-अलग लिंग पहचान वाले एथलीटों के लिए स्पष्ट श्रेणियों का वर्गीकरण करना। सभी एथलीटों के लिए निष्पक्षता, समावेश और सम्मान के बीच संतुलन खोजना महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि संबंधित क्षेत्र के आनुवंशिकीविद् और वरिष्ठ डॉक्टरों से जुड़ी एक समिति का गठन किया जाए और उनकी सिफारिशों को दुनियाभर में विभिन्न प्रतिस्पर्धी खेलों से संबंधित सभी संघों द्वारा सम्मानित किया जाना चाहिए। आनुवंशिकीविदों, वरिष्ठ डॉक्टरों और खेल विशेषज्ञों की एक समिति इस जटिल मुद्दे पर सिफारिशें प्रदान करने के लिए गठित की जाएं। उनकी विशेषज्ञता लिंग पहचान और एथलेटिक प्रदर्शन के जैविक और चिकित्सा पहलुओं को संबोधित करने में और मानक निर्धारित करने में मदद करेगी।

ऐसी समिति निम्न प्रावधान सुझा सकती है। प्रतिस्पर्धी खेलों में ट्रांसजेंडर एथलीटों की भागीदारी के लिए साक्ष्य आधारित दिशानिर्देश संस्तुत करना। आनुवंशिक, हार्मोनल और शारीरिक कारकों पर विचार करते हुए लिंग पात्रता के लिए स्पष्ट मानदंड स्थापित करना। विभिन्न खेलों में निष्पक्ष और समावेशी नीतियों को लागू करने के लिए सिफारिशें तथा विभिन्न लिंग पहचान के मुद्दों वाले एथलीटों के लिए मार्गदर्शन। यदि ऐसी समिति की सिफारिशों को व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है और अंतर्राष्ट्रीय खेल संघों द्वारा अपनाया जाता है तो यह विभिन्न प्रतिस्पर्धी खेलों और क्षेत्रों में निरंतरता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने में मदद करेगा। यह दृष्टिकोण समावेशिता और निष्पक्षता को संतुलित करेगा, जिससे ट्रांसजेंडर एथलीटों के लिए भी वैश्विक प्रतिस्पर्धी खेलों में भाग लेने की अनुमति मिलेगी।

# स्वाभाविक है स्वामी करपात्री का स्मरण

साधु संत पंच सितारा आश्रमों में रह रहे हैं। उनके प्रवचनों, आसनों और सत्संगों ने आज उद्योग का रूप धारण कर लिया है। वे अरबाधीश हो चुके हैं, किन्तु उन्होंने अपने कर्तव्य के प्रति कितना न्याय किया है? कितने धर्मशास्त्र पढ़े हैं, क्या वे शास्त्रों की व्याख्या कर सकते हैं? उनके आडंबर और आचरण की कथा कहने-सुनने लायक ही नहीं है। ऐसी परिस्थिति में आज इस प्रसंग में स्वामी करपात्री जी का स्मरण आना स्वाभाविक ही है।

इस युग में भारत के धर्मशास्त्र को लेकर जिनका अध्ययन ऋषि-कोटि का था, उनमें एक मनीषी थे स्वामी करपात्री जी। वेदार्थ पारिजात, रामायण मीमांसा जैसे मानक ग्रंथ लिखे थे। वेद-उपनिषद तंत्रशास्त्र भागवत आदि पुराण उन्हें उपस्थित थे। बहुत दिनों तक व्रत निभाया था कि जितना हाथों की अंजलि (करपात्र) में समा जाए उतना ही भोजन ग्रहण करना। दिल्ली में होने वाले महायज्ञ के अवसर पर बिड़ला जी ने कहा आप आज्ञा दें, आपके यज्ञ का पूरा खर्च मैं करूंगा तो करपात्री जी ने कहा कि ठीक है, तुम एक रुपये की सेवा करो। बाकी तो प्रभु ही करने वाले हैं। वर्णाश्रम के प्रति उनके आग्रह की एक सीमा थी। हम उससे असहमत हो सकते हैं, किंतु वे छूआछूत नहीं मानते थे। मैंने और मेरे पिताजी ने देखा कि रामयादी जाटव उन्हें नहला रहा था। उनकी पीठ को रगड़ रहा था। यह तो निर्विवाद है कि भारत की चिंतन परंपरा को उन्होंने आत्मसात किया था। तपस्वी थे और निःस्पृह भी, थे तो संन्यासी किंतु युग के प्रति चैतन्य थे। जब उन्होंने जेल में रहते हुए मार्क्सवाद के उभरते हुए चिंतन को देखा तो उसका अध्ययन किया। ग्रंथ लिखा-रामराज्य और मार्क्सवाद। करपात्री जी की पुस्तक पढ़ी तो महापंडित राहुल सांकृत्यायन ने उसका उत्तर लिखा-मार्क्सवाद और रामराज्य। इसका पुनः उत्तर करपात्रीजी ने लिखा -राहुल की भ्रांति।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आचार्य रजनीश की पुस्तक उन दिनों बहुत चर्चित थी- संभोग से समाधि। करपात्री जी ने उसे पढ़कर ग्रंथ लिखा-क्या संभोग से समाधि? गुरु गोलवलकरजी ने एक ग्रंथ लिखा था- विचार नवनीत। उसके उत्तर में स्वामीजी ने ग्रंथ लिखा-विचारपीयूष। विचार नवनीत ने जब यह कहा कि समाजवाद परकीय विचार है तो विचार पीयूष ने पूछा था-मोटर, हवाईजहाज और दूसरे आविष्कार को स्वीकार कैसे कर लिया? करपात्री जी ने कहा कि मार्क्स भले ही अपने को आध्यात्मिक न माने, किंतु उसका आत्मसंयम, व्यक्ति और समाज के सामंजस्य का प्रयत्न किसी आध्यात्मिक से कम कहां है? ये बहस भारत को समझने में सहायक हो सकती है, यदि पूर्वाग्रह को त्याग कर पढ़े।

# बढ़ते काम के घंटे

कुछ माह पहले इंफोसिस के मालिक नारायण मूर्ति ने काम के घंटे बढ़ाने की जो बहस शुरू की थी, लगता है सरकारों ने इस पर अमल शुरू कर दिया है। अभी कुछ दिन पहले कर्नाटक सरकार ने आईटी सेक्टर में काम करने वालों के लिए काम के घंटे बढ़ाने का निर्णय लिया था, जिसका चौतरफा विरोध हुआ था। अब उत्तर प्रदेश में बीते दिनों विधानसभा में कारखाना अधिनियम संशोधन कानून और बोनस संदाय संशोधन कानून को पारित कर दिया गया। यह अधिनियम मालिकों को मजदूरों और श्रमिकों से दिन में 12 घंटे तक काम लेना का अधिकार देता है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इन दोनों ही कानूनों कारखाना अधिनियम संशोधन कानून और बोनस संदाय संशोधन कानून के पारित होने के बाद प्रदेश भर के मज़दूर संगठन और यूनियनें इसका कड़ा विरोध कर रही हैं। मजदूर संगठनों का मानना है कि इंटरनेशनल लेबर कन्वेशन में पारित नियमों का यह सरासर उल्लंघन है। नए लेबर कोड, जिनका संगठन शुरू से विरोध कर रहे है, के लागू होने से कामगारों की दुश्वारियां बढ़ने लगी हैं। संगठनों का मानना है कि कारखानों और फैक्ट्रियों में जहां तीन पालियों में काम कराया जाता है। अब 12-12 घंटे की दो पालियों में काम लिया जा सकेगा। प्रदेश में इस नए अधिनियम का विरोध शुरू हो गया है। विभिन्न संगठनों द्वारा 9 अगस्त से विरोध की शुरुआत की जा रही है। मांग रखी गई है कि मजदूर विरोधी और बेरोजगारी बढ़ाने वाले अधिनियम को वापस किया जाए।

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला आरक्षण को समाप्त करने जैसा: मायावती

## बसपा प्रमुख ने कहा, उनकी पार्टी आरक्षण में वर्गीकरण के खिलाफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि उनकी पार्टी अनुसूचित जातियों के उप-वर्गीकरण की अनुमति देने वाले सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले से बिल्कुल सहमत नहीं है। उन्होंने कहा कि शीष अदालत का यह फैसला आरक्षण खत्म करने जैसा है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक फैसले में कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जाति में कोटे के भीतर कोटा निर्धारित करने का संवैधानिक अधिकार है, ताकि उन जातियों को आरक्षण प्रदान किया जा सके, जो सामाजिक और शैक्षणिक रूप से अधिक पिछड़ी हैं।

बसपा प्रमुख मायावती ने कहा, "क्योंकि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों द्वारा अत्याचारों का सामना एक समूह के रूप में किया गया है और यह समूह समान है, इसलिए किसी भी तरह का उप-वर्गीकरण करना सही नहीं होगा।" पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, "हमने माननीय उच्चतम न्यायालय से अपील की है कि वह अपने फैसले पर पुनर्विचार करे, नहीं तो करोड़ों दलित और आदिवासी समाज के लोगों को पैरों पर खड़ा करने के लिए बाबा साहब आंबेडकर ने जो आरक्षण की सुविधा दी थी, अगर यह खत्म हो गई तो बड़ी मुश्किल हो जाएगी।"

मायावती ने कहा, "जो लोग कहते हैं कि एससी-एसटी हर मामले में आर्थिक रूप से मजबूत हो गए हैं, तो मैं समझती हूं कि 10 या 11 प्रतिशत लोग ही मजबूत हुए होंगे, बाकी 90 प्रतिशत लोगों की हालत तो बहुत ज्यादा खराब है।" उन्होंने कहा, "उच्चतम न्यायालय के इस फैसले से लगभग 90 प्रतिशत लोग जिनको आरक्षण की जरूरत है, वे तो बहुत ज्यादा पिछड़ जाएंगे। उनको इस फैसले के अनुसार अगर निकाल दिया जाएगा तो यह बहुत बुरा होगा।" मायावती ने राजनीतिक दलों की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा, "उच्चतम न्यायालय ने जो फैसला दिया है, हम उसको नहीं मानते, क्योंकि संसद को भी अधिकार है कि उसको पलटे। अगर फैसला नहीं पलटते हैं तो कांग्रेस हो, भाजपा हो या फिर दूसरे दल, उनकी एससी-एसटी और ओबीसी के आरक्षण के मामले में नीयत साफ नहीं है।" बसपा प्रमुख ने कहा, "जो जाटव या उनसे मिलती जुलती अन्य जातियां हैं, यदि वे आर्थिक तौर पर मजबूत हो भी गई हैं तो पूरा समाज तो नहीं हुआ। क्रीमीलेयर के जरिये जो मजबूत हो गया उसको फायदा मत दो, लेकिन 90 प्रतिशत लोगों की हालत बहुत ज्यादा खराब है, उनको तो आरक्षण मिलना चाहिए।"

### भाजपा ने सही तरीके से नहीं की पैरवी

मायावती ने सत्तारूढ़ दल भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, "कांग्रेस और भाजपा जो यह कहती हैं कि वह एससी-एसटी समाज की हिमायती हैं, उनको पहले इनकी पैरवी सही तरीके से करनी चाहिए, जो उन्होंने नहीं की। कांग्रेस ने भी इस मामले को लेकर ढुलमुल रवैया अपनाया।' उन्होंने कहा, "ऐसी स्थिति में केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार से हमें कहना है कि यदि आपकी नीयत साफ है तो यह जो भी फैसला आया है, उसे संसद के अंदर आप (कांग्रेस और भाजपा) लोग संविधान में संशोधन करें और संविधान की नौवीं सूची में लाएं।"

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य तेज करें अधिकारी: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/कुशीनगर

- मुख्यमंत्री ने कुशीनगर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अधिकारी राहत कार्य तेज करें। प्रभावित लोगों को समुचित सुविधाएं दी जाएं। मुख्यमंत्री ने रविवार को कुशीनगर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के दौरान अफसरों को यह निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों में राहत सामग्री का वितरण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित हर व्यक्ति की सुरक्षा व सहायता के लिए सरकार 24 घंटे खड़ी है। उन्होंने कहा है कि जिले में नारायणी व गंडक नदी के बाढ़ से बचाव के लिए बीते सात साल में बड़े स्तर पर प्रयास किए गए हैं। करीब 600 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च करते हुए बाढ़ से बचाव के विभिन्न प्रबंध करने का ही परिणाम है कि 83 गांव की 1,16,000 की आबादी और 20 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि सुरक्षित हुई है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि वह नारायणी नदी पर पक्का पुल बनाने के लिए सर्वे का काम जल्द से जल्द शुरू करें। उन्होंने कहा कि नारायणी के उस पार करीब 20 हजार की आबादी को इस पुल से बहुत फायदा मिलेगा, ऐसे में बाढ़ का पानी उतरते ही नदी पर कहां पुल बनाया जाना है, इसका सर्वे कराकर रिपोर्ट शासन को भेजी जाए। मुख्यमंत्री ने इससे पहले भैंसहां-छितौनी तटबंध का भी निरीक्षण किया।

**लाभार्थियों को वितरित किये टैबलेट:** मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व विद्यार्थियों में टैबलेट वितरित किया। साथ ही बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले को महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली के रूप में पूरी दुनिया इसे शांति की भूमि के रूप में देखती है।

## सार-संक्षेप

### रद की जा सकती है दुर्भावना से प्रेरित कार्यवाही: कोर्ट

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि एक ही तथ्य के आधार पर कई कार्यवाहियों को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है और अगर यह स्पष्ट हो कि दुर्भावना से प्रेरित होकर और केवल आरोपियों को परेशान करने के लिए कार्यवाहियां शुरू की गई हैं तो उन्हें रद भी किया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने प्रेमनाथ मिश्रा और दो अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए एसीजेएम, जौनपुर द्वारा आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत थाना जाफराबाद, जौनपुर में दर्ज मामले में पारित आदेश को रद कर दिया। मामला संबंधित ट्रायल कोर्ट को वापस भेज दिया, जिससे शिकायतकर्ता द्वारा गैर-संज्ञेय अपराध पर दर्ज एनसीआर में दाखिल चार्जशीट के बारे में तथ्य और सीआरपीसी की धारा 2(डी) के तहत आदेश को देखते हुए एक नया आदेश पारित किया जा सके।

### मेनका गांधी की याचिका पर आज होगी सुनवाई

**लखनऊ, विधि संवाददाता :** सुल्तानपुर से निर्वाचित सपा सांसद राम भुआल निषाद के निर्वाचन को चुनौती देने वाली भाजपा नेता मेनका गांधी की याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई होगी। मेनका गांधी की उक्त याचिका को न्यायमूर्ति राजन रॉय की एकल पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया गया है। मेनका के अधिवक्ता प्रशांत सिंह अटल व अमित जायसवाल ने बताया है कि याचिका में अन्य पहलुओं के साथ-साथ मुख्य रूप से यह आधार लिया गया है कि राम भुआल निषाद ने नामांकन के समय दाखिल शपथ पत्र में अपने आपराधिक इतिहास से सम्बन्धित जानकारियां छिपाई हैं। आरोप है कि राम भुआल पर 12 आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं, जबकि उन्होंने अपने शपथ पत्र में मात्र 8 मुकदमों की ही जानकारी दी है। याचिका में राम भुआल निषाद का निर्वाचन निरस्त कर याची मेनका गांधी को निर्वाचित घोषित किये जाने की मांग की गयी है।

### रिटायर्ड पीसीएस अफसर श्रीप्रकाश कांग्रेस में शामिल

**लखनऊ,अमृत विचार :** सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी श्रीप्रकाश समेत कई लोग रविवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की उपस्थिति में सदस्यता दिलाई गई। सदस्यता लेने वालों में बुलंदशहर से किसान नेता प्रमोद कुमार सिंह व उनके समर्थक शामिल रहे। इस मौके पर अजय राय ने कहा कि आज देश में भय व नफरत का माहौल है। हिन्दू-मुसलमान के नाम पर अमन-चैन व आपसी सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है, पर अब देश व प्रदेश की जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों को समझ चुकी है।

### रामलला के मुख्य पुजारी का वेतन हुआ 38500 रुपये

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामलला की सेवा कर रहे मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास सहित चार अन्य सहायक पुजारी, कोठारी व भंडारी का वेतन बढ़ा दिया गया है। अब सितम्बर माह से इन्हें बढ़े हुए वेतन मिलेंगे। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र ने कहा कि अभी राम मंदिर में हमारे साथ कार्यरत चार सहायक पुजारी सहित कोठारी और भंडारी का भी वेतन बढ़ाया गया है। इस तरह से पहले मिलने वाले वेतन में मुख्य पुजारी होने के नाते हमारा वेतन साढ़े तीन हजार रुपये बढ़ाया गया है। सत्येंद्र दास का वेतन अब 38500 हो गया है।

### सड़क पर जन्मदिन की पार्टी राहगीरों से की बदसलूकी

**लखनऊ,अमृत विचार :** गोमतीनगर विस्तार इलाके में सड़क पर जन्मदिन मना रहे 15 युवकों ने कार के बोनट पर केक काटा। इसके बाद हुड़दंग कर राहगीरों से बदसलूकी शुरू कर दी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी हुड़दंगियों को पकड़ लिया। मौके पर मिली एक कार और पांच स्पोर्ट्स बाइकें सीज कर दी गईं। पकड़े एक युवक स्नातक के छात्र हैं। उनके करियर को ध्यान में रखकर पुलिस ने माफीनामा लिखवाया और चेतावनी देकर छोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक गोमतीनगर विस्तार सुधीर अवस्थी के मुताबिक मरीन ड्राइव से जनेश्वर मिश्रा पार्क की तरफ जाने वाली सड़क पर 14-15 युवक जन्मदिन की पार्टी मना रहे थे। कार की बोनट पर केक रखकर काटा। इसके बाद हुड़दंग करने लगे। उधर से गुजरने वाले राहगीरों से बदसलूकी की।

# प्रॉपर्टी डीलर को कंपनी निदेशक बनाकर हड़प लिए ढाई करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विशेष सचिव गृह के आदेश पर सुशांत गोल्फ सिटी में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** सुशांत गोल्फ सिटी थाने में प्रॉपर्टी डीलर ने रियल एस्टेट के प्रबंध निदेशक के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी ने प्रॉपर्टी डीलर को कंपनी में निदेशक बना उनके माध्यम से निवेशकों के जमा किए ढाई करोड़ रुपये हड़प लिये। विशेष सचिव गृह के आदेश पर पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई शुरू की है।

पुलिस के मुताबिक, पीजीआई के वृंदावन कॉलोनी निवासी प्राप्टी डीलर सतवीर सिंह ने प्रार्थना-पत्र में बताया तीन साल पहले रविंद्र एस तिवारी ने खुद को अंसल स्थित शिव चित्रा रियल एस्टेट का प्रबंध निदेशक बताते हुए उन्हें कंपनी में निदेशक बना कर साथ में काम करने का प्रस्ताव दिया था। शर्तें तय होने पर आरोपी ने दो साल पहले उन्हें कंपनी का निदेशक बना दिया। इसके बाद आरोपी ने सतवीर से जमीन में निवेशकों को जोड़ने और मुनाफा का झांसा दिया।

# आईएएस ऋषिरेंद्र केंद्रीय वित्त मंत्री के बने पीएस

**लखनऊ,अमृत विचार:** आईएएस ऋषिरेंद्र कुमार को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया है। वे केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री के बने निजी सचिव होंगे। उधर, शासन में तैनात हो आईएएस को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। 2011 बैच के आईएएस ऋषिरेंद्र को केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी का निजी सचिव बनाया गया है, वे मौजूदा समय में विशेष सचिव कृषि, निदेशक कृषि मार्केटिंग और कृषि विदेशी बिजनेस थे। वहीं अपर आयुक्त उद्योग कानपुर आईएएस राजकमल यादव को प्रबंध निदेशक उप्र लघु उद्योग लिमिटेड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# उपचुनाव के लिए जल्द तय होंगी सीटें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इंडी गठबंधन की बैठक में होगा फैसला कांग्रेस को तीन सीटों की उम्मीद

**अमृत विचार:** प्रदेश में विधान उप चुनाव को लेकर इंडी गठबंधन जल्द सीटें तय करेगा। गठबंधन की बैठक जल्द होने की संभावना है। प्रदेश कांग्रेस को 10 सीटों में से तीन सीटें मिलने की उम्मीद है।

उप चुनाव को लेकर भाजपा के साथ ही विपक्षी दलों सपा व कांग्रेस ने तैयारी तेज कर दी है। बीते दिन कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक कर रणनीति बनाई और पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर पैठ बनाने पर जोर दिया। पार्टी सूत्रों का कहना है कि इन नेताओं-कार्यकर्ताओं को सभी सीटों पर तैयारी करने को कहा गया है। रणनीति के तहत लोकसभा चुनाव की तर्ज पर इस बार भी सपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय बनाकर प्रत्याशियों को जीत सुनिश्चित करने को कहा गया है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी का कहना है कि कांग्रेस तीन सीटें मांग रही है। सपा नेतृत्व को इससे अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बार भी इंडी गठबंधन शानदार प्रदर्शन करेगा।

### कोटे में कोटा संविधान विरोधी: कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने कहा कि एससी आरक्षण में बंटवारे का फैसला संविधान विरोधी है। उन्होंने कहा कि एससी-एसटी आरक्षण में वर्गीकरण का सुप्रीम कोर्ट का आदेश आरक्षण के सामाजिक आधार को खत्म कर उसे आर्थिक आधार करने की साज़िश का हिस्सा है, इसीलिए इसे न्यायिक फैसले के बजाए राजनीतिक फैसला कहा जाना चाहिए। यह बाबा साहब के सामाजिक न्याय के सपने पर आरएसएस का सबसे बड़ा हमला है।

# बिजलीघरों की बंद इकाइयां नहीं हुई चालू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्पादन बिजलीघरों की बंद हुईं इकाइयां रविवार को चालू नहीं हो सकीं। इकाइयों के बंद होने व स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश में ज्यादातर इलाकों में बिजली संकट बना रहा। गर्मी व उमस में लोग त्रस्त होते रहे।

उत्पादन बिजलीघरों की 8 इकाइयां बीते दिन ठप हो गई थीं। इनमें बारा व मेजा बिजलीघरों की 660-660 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां, ऊंचाहर की 210 मेगावाट, अनपरा की 210 मेगावाट, हरदुआगंज की 250 मेगावाट, ओबरा की 200 मेगावाट व पारीछा की 210 मेगावाट की दो इकाइयां शामिल रहीं। इन इकाइयों को चालू करने के प्रयास जारी रहे पर देर रात तक इकाइयां चालू नहीं हो सकीं। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि रविवार को अधिकतम बिजली मांग 27,353 मेगावाट दर्ज की गई। स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही।

### नई बिजली दरों के निर्धारण पर आयोग की बैठक आज

लखनऊ : नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर राज्य विद्युत नियामक आयोग की बैठक 5 अगस्त को होगी। बैठक में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत सहायक बिजली कंपनियों के अधिकारी व उपभोक्ता प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में नई दरों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि ज्यादा घाटा दिखाकर बिजली कंपनियां बिजली दरें बढ़ाने की कोशिश में हैं, पर दरें कतई बढ़ने नहीं दी जाएंगी।

# पॉलीथिन देने से मना करने पर दुकानदार की हत्या

**मेरठ, एजेंसी :** मवाना में रविवार दोपहर चार लोगों ने एक दुकानदार की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, घटना जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर मवाना थाना क्षेत्र में एक चाय की दुकान पर हुई। हमलावरों में से एक को पकड़ लिया गया और उससे पूछताछ की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कमलेश बहादुर ने बताया कि मवाना थाना क्षेत्र के किला अड्डे के पास ढिकोली के रहने वाले विनोद की चाय की दुकान है। रविवार दोपहर दुकान पर विनोद का बेटा रोहित (23) बैठा था। तीन-चार युवक चाय की दुकान पर पहुंचे और उन्होंने रोहित से पॉलीथिन मांगी।

रोहित ने यह कह कर पॉलीथिन देने से इंकार कर दिया कि हम पॉलीथिन नहीं रखते, जिस बात पर युवकों और रोहित के बीच विवाद हो गया। उन्होंने बताया कि देखते ही देखते आरोपियों में से एक युवक ने चाकू निकाला और रोहित पर हमला कर दिया।

# ताबड़तोड़ कार्रवाई से विजिलेंस का खौफ

विनय सिंह, लखनऊ



**अमृत विचार :** उप्र. सतर्कता अधिष्ठान अपनी कार्रवाइयों से चर्चा में है। इस वर्ष जिस तरह से अब तक कार्रवाइयां की गईं, उससे सरकारी विभागों में तैनात भ्रष्ट अधिकारियों, कर्मचारियों में विजिलेंस का खौफ है। सर्वाधिक खौफ राजस्व विभाग में दिख रहा है। बताया जा रहा है कि टोलफ्री नंबर जारी होने के बाद सैकड़ों मामले शासन में पहुंचे हैं। अनुमति मिलने के बाद विजिलेंस ने ट्रैपिंग भी शुरू कर दी है। प्रदेश में ईडी, सीबीआई के बाद अब विजिलेंस का खौफ दिखने लगा है। यह खौफ लगातार हो रहीं कार्रवाइयों के कारण है। विगत एक माह में विजिलेंस ने कई अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है, जिसमें कई तो रंगे हाथ पकड़े गए और कइयों के खिलाफ जांच में आय से अधिक संपत्ति पाई गई। सभी के खिलाफ विजिलेंस ने एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### जुलाई माह में हुईं बड़ी कार्रवाइयां

- वित्त एवं शुगर सेल के पूर्व जीएम दिनेश चंद्र गुप्ता के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में एफआईआर।
- अलीगंज एटा में चकबंदी अधिकारी गजेंद्र सिंह रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार।
- टूंडला के पूर्व नगर पालिका परिषद के चेयरमैन राम बहादुर चक के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मिलने पर एफआईआर।
- पूर्व मुख्य अभियंता सीएंडडीएस सुशील कुमार वर्मा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मिलने पर एफआईआर।
- पूर्व अधीक्षण अभियंता जल निगम जेपी मणि के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मिलने पर एफआईआर।
- प्रयागराज में तैनात राजस्व निरीक्षक वृजबली सिंह पैमाइश के लिए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार।
- बेसिक शिक्षा विभाग हाथरस में तैनात वरिष्ठ सहायक देवेंद्र सिंह रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार।
- पुंवारका सहारनपुर के स्वास्थ्य अधिकारी देशराज सिंह एवं ब्लॉक एकाउंटेंट संदीप शर्मा रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार।
- लखनऊ कमिश्नरेट के माल थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर अमीन खान रिश्वत लेते गिरफ्तार।

# पौधशालाओं पर अंकित करें दरें: मंत्री

**लखनऊ :** उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सभी जिला उद्यान अधिकारी, अधीक्षक राजकीय उद्यान और आलू व शाक भाजी विकास अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने अधीन संचालित राजकीय पौधशालाओं पर पौधों की दरें साइन बोर्ड पर अंकित कराएं। जिन जिलों की राजकीय पौधशालाओं पर पौधों की दरें बोर्ड पर अंकित नहीं मिलेंगी, उन अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश में कुल 139 राजकीय पौधशालाएं संचालित हैं, जहां पौध उत्पादन का कार्य होता है।


## वर्ग पहेली-152

**बाएं से दाएं**

1. 1. अपच के चलते होने वाला एक उदर-रोग जिससे ऐंठन और मरोड़ होती है और सफ़ेद लसलसा पदार्थ मल के साथ निकलता है 2. लसलसा मल।
5. चांदी के रंग का, चांदी-सा।
7. (पुराण) सात लोकों में से एक।
9. लंकेश, लंकापति, लंका का राजा, रावण।

**ऊपर से नीचे**

2. वन्य पशु, जंगली जानवर।
3. धुंधला या अस्पष्ट होने का भाव।
4. निर्धारित नियमों की सूचना देने वाला।
6. 1. धीवर नामक समाज की संतति 2. धीवर स्त्री की संतान, दाशेय।
8. 1. लालची; लोभी, 2. किसी चीज़ को पाने के लिए बहुत उत्सुक या अधीर 3. चटोरा।



### वर्ग पहेली -151 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 अ | ति | 2 प | ति | त |
| ■ | नु | ■ | ड़ | ■ | ■ |
| ■ | दे | ■ | 3 प | ल | थी |
| ■ | श | ■ | ड़ा | ■ | ■ |
| 4 तं | क | ■ | ना | ■ | 5 नौ |
| ड | ■ | 6 भें | ■ | ■ | घा |
| 7 क | र | स | पां | डें | ट |

## सुडोकू -65

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | 4 | 5 |
| | 9 | | | 6 | | | | 2 |
| | | | | | 8 | | 3 | |
| | | 8 | 3 | | | 9 | | |
| | | 2 | | | | 7 | | |
| | | 4 | | | 5 | 3 | | |
| | 8 | | 4 | | | | | |
| 7 | | | | 1 | | | 6 | |
| 3 | | | | 2 | | | 8 | |

### सुडोकू -64 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 3 | 1 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 2 | 6 | 8 | 7 | 4 | 3 | 1 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 3 | 6 | 8 | 2 | 7 |
| 4 | 5 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 1 |
| 6 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 | 2 | 7 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 7 | 4 | 2 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 7 | 5 | 2 | 4 | 3 | 1 | 9 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 अगस्त सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 18 .03 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**मेष** – आज अव्यवहारिक निर्णय लेने से नुकसान होगा। बहुप्रतीक्षित कार्यों में कुछ विलंब हो सकता है। आपको धन उधार देने से बचना चाहिए। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। परिजनों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

**वृष** – आज का दिन काफी शुभ रहने वाला है। नौकरी में परिवर्तन कर सकते हैं। व्यापारियों योजनाओं में सफलता मिलेगी। बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता मिलेगी। सेहत को लेकर समस्या दूर होगी। धार्मिक कर्मों के प्रति रुचि जागृत होगी।

**मिथुन** – आज व्यवसाय में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे,किंतु आप मेहनत से पीछे न हटें और अपना काम करते रहें। आपको कई नए लोगों से मिलना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से मतभिन्नता हो सकती है।

**कर्क** – आज यदि आप ऑनलाइन शॉपिंग कर रहे हैं तो उसमें आपको भारी छूट मिल सकती है। मित्र व संबंधी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। आपके सभी काम सफल होंगे। जीवनसाथी आपको अच्छा उपहार दे सकते हैं।

**सिंह** – आज क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। नजदीकी संबंधों में संवादहीनता उत्पन्न हो सकती है। शाम के समय आप काफी अच्छा महसूस करेंगे। यात्रा के असुविधाजनक स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या** – आज आर्थिक मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद उठाएंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में मनोनुकूल परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। मनोरंजन के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी। किसी शुभ कार्य को लेकर मन में शंका उत्पन्न हो सकती है। दोपहर के बाद सभी काम बिना बाधा के पूर्ण होंगे। जमापूंजी को किसी पॉलिसी में निवेश की योजना बनाएंगे।

**वृश्चिक** – आज परिजनों के साथ किसी गंभीर मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। विदेशों में व्यापार करने के अवसर मिलेंगे। व्यापारियों को बड़े व्यापारिक अनुबंध मिल सकते हैं।


**धनु** – आज मन में अनिष्ट का भाव रहेगा। किसी तरह की बहसबाजी से आपको बचना चाहिए। गलत लोगों की सलाह के कारण व्यवसाय में नुकसान हो सकता है। अपनी पुरानी गलतियों को स्वीकारें व उसे दूर करने का प्रयास करें।

**मकर** – आज घर में हास्य व मनोरंजन का माहौल रहेगा। जीवनसाथी के साथ पर्यटन पर जाने के लिए दिन उत्तम है। संतान की उन्नति से उत्साहित रहेंगे। नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है।

**कुंभ** – आज परिवार में किसी बात को लेकर मतभेद हो सकते हैं। जहां आवश्यक न हो वहां बोलने से बचें। व्यर्थ के खर्चों के कारण बजट गड़बड़ा सकता है। आवश्यक न हो तो दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**मीन** – आज व्यवसाय की किसी तकनीक त्रुटि के दूर होने से राहत मिलेगी। उच्च शिक्षा में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। धार्मिक क्रियाओं में मन लगेगा। मतभेदों को दूर करने में सफलता मिलेगी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- अश्लेषा 15 .21 तक तत्पश्चात मघा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- दरार – सुबह : 10 .45
- कोहराम – रात : 07 .00

&pictures
- ब्रूस ली-द फाइटर – सुबह : 11 .01
- वांटेड – रात : 07 .30

SONY PIX
- घोस्ट राइडर – सुबह : 10 .15
- अनचार्टेड – रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- नाग भूमि – सुबह : 11 .14
- डी ब्लॉक – रात : 08 .00

colors CINEPLEX
- कुछ कुछ होता है – दोपहर : 12 .32
- सैंधव – रात : 08 .02

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस-हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चल कर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति- पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी-अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

## एक नजर

### दिल्ली में सुनवाई के बाद सलेम नासिक जेल में बंद

**नासिक।** मुंबई में 1993 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के मुख्य आरोपी अबू सलेम को महाराष्ट्र के मनमाड शहर से कड़ी सुरक्षा के बीच नासिक रोड सेंट्रल जेल भेज दिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सलेम को शनिवार को नयी दिल्ली-बैंगलोर-कर्नाटक एक्सप्रेस द्वारा नयी दिल्ली से मनमाड लाया गया और कड़ी सुरक्षा के बीच सड़क मार्ग से नासिक रोड स्थित सेंट्रल जेल ले जाया गया।

### कार और ट्रक की भिडंत चार की मौत, छह घायल

**जयपुर।** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के सूरवाल थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह कार के ट्रक से टकरा जाने से उसमें सवार भाई-बहन सहित चार लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर त्रिलोकपुरा गांव के पास हुए इस भीषण हादसे में कार में सवार राजन (22), उसकी बहन मोनिका (24), रेखा (42) और धापू देवी (65) की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, कार में सवार सभी लोग मध्य प्रदेश के विक्रमगढ़ के रहने वाले थे।

### डॉक्टर दंपति पर 1.27 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**ठाणे।** नवी मुंबई के डॉक्टर दंपति डॉ. धवल खनयालाल देराश्री और उनकी पत्नी डॉ. लता देराश्री पर दवा विक्रेता से 1.27 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सीवुड्स क्षेत्र में डॉक्टर दंपति ने 2013 में अस्पताल में मेडिकल स्टोर खुलवाने के नाम पर उससे 49 लाख लिए थे। दंपति ने शिकायतकर्ता से 48 लाख की दवाएं भी खरीदी थीं और भुगतान नहीं किया।

# 2029 में फिर सरकार बनाएगा राजग : शाह

## स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी सरकार की पहलों से देश विनिर्माण का केंद्र बना

चंडीगढ़, एजेंसी



चंडीगढ़ की सभा में गृहमंत्री अमित शाह।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को लेकर सवाल उठाने पर रविवार को विपक्षी दलों को आड़े हाथ लेते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह गठबंधन न केवल अपना कार्यकाल पूरा करेगा बल्कि 2029 में भी सरकार बनायेगा। शाह ने चंडीगढ़ के मनीमाजरा में 24 घंटे जलापूर्ति वाली परियोजना का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि 2014 से 2024 तक का कालखंड देश के विकास के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित होगा। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक, अनुच्छेद 370 हटाने, राममंदिर के निर्माण, रोड नेटवर्क की स्थापना तथा ब्रिटिश कालीन रेलवे स्टेशनों के स्वरूप परिवर्तन की चर्चा की। शाह ने कहा कि हर क्षेत्र में देश के लोगों ने विकास का अनुभव किया है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी मोदी सरकार की पहलों से देश विनिर्माण का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से लोगों ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है।

### केंद्रीय मंत्री ने जलापूर्ति परियोजना का किया उद्घाटन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चंडीगढ़ के मनी माजरा में जलापूर्ति वाली परियोजना का उद्घाटन किया। पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया भी उपस्थित थे। कुल 75 करोड़ की लागत से स्थापित परियोजना से एक लाख से अधिक लोगों को लाभ होगा, स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शुरू हुई परियोजना का उद्देश्य निरंतर उच्च दबाव आपूर्ति के माध्यम से इसके भंडारण को कम करके पानी की बर्बादी को रोकना है।

### तीन नए आपराधिक कानून 21वीं सदी का सबसे बड़ा सुधार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्र द्वारा लाए तीन नए आपराधिक कानूनों को 21वीं सदी का सबसे बड़ा सुधार करार दिया। उन्होंने कहा कि इन कानूनों - भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के पूर्ण क्रियान्वयन के बाद दुनिया में आधुनिक और तकनीक युक्त आपराधिक न्याय प्रणाली भारत की होगी। शाह तीन नये आपराधिक कानूनों के लिए ई-साक्ष्य, ई-समन, न्याय सेतु और न्याय श्रुति ऐप का लोकार्पण करने के बाद सभा को संबोधित किया। 1 जुलाई को प्रभावी हुए बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए ने क्रमश: ब्रिटिशकालीन भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है। शाह ने कहा कि चंडीगढ़ पहली प्रशासनिक इकाई होगी, जहां दो माह में तीनों कानूनों का क्रियान्वयन होगा।

# काजा में बादल फटने से आई बाढ़

केलांग, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के काजा के चिचम नाला में बादल फटने की घटना हुई है। एसडीएम काजा अमरिंदर सिंह ने बताया कि रविवार शाम 5.30 बजे चिचम गांव के नाले में अचानक बाढ़ आ गई। प्रारंभिक संकेत मिले कि घटना में एक या दो वाहन बह गए होंगे। राजस्व और पुलिस की टीमें घटनास्थल की और रवाना हो गई है जांच चल रही है। लोगों से पुष्टि की कि गांव के बीच नाले में बाढ़ आने से कार के बहने की आशंका है नाले के किनारे बने मकानों को खाली करने का निर्देश दिया गया। एसडीएम ने बताया कि उपमंडल स्पीति में शिचिलिंग के पास माने डांग में अचानक बाढ़ आ गई, जिससे सड़क अवरुद्ध हो गई।

### बारिश से 87 सड़कें बंद, पांच दिन के लिए येलो अलर्ट

**शिमला।** पांच दिनों में बादल फटने, बाढ़ आने और भूस्खलन से हिमाचल प्रदेश में 87 सड़कें बंद हैं। मौसम विभाग ने आठ अगस्त तक भारी बारिश और आंधी का येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य आपातकालीन अभियान केंद्र के अनुसार, वाहनों के आवागमन के लिए बंद की गईं सड़कों में से कुल्लू में 30, मंडी में 25, लाहौल और स्पीति में 14, शिमला में नौ, कांगड़ा में सात और किन्नौर जिले में दो सड़कें शामिल हैं। हिमाचल के कई हिस्सों में रुक-रुककर बारिश हुई है।

### बादल फटने की घटनाओं में मृतक की संख्या हुई 13

**शिमला।** हिमाचल के मंडी और शिमला जिलों से चार शव मिलने के साथ तीन जिलों में बादल फटने से आई बाढ़ में मरने वालों की संख्या 13 हो गई है। 21 जुलाई की रात में कुल्लू के निरमंड, सैंज व मलाणा, मंडी जिले के पधर और शिमला के रामपुर उपखंड में बादल फटने की कई घटनाओं ने भारी तबाही मचायी थी। इन घटनाओं के बाद अब भी 40 से अधिक लोग लापता हैं।

# कोरबा एक्सप्रेस में आग से 3 एसी बोगियां जलीं

- डिब्बे खाली होने से हादसे में नहीं हुआ कोई हताहत

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के कोरबा से विशाखापत्तनम पहुंची कोरबा एक्सप्रेस (18517) की बोगियों में रविवार को भीषण आग लग गई। राहत की बात यह है कि हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यह ट्रेन कोरबा से तिरुमाला जा रही थी। जब ट्रेन स्टेशन पर रूकी तब आग की घटना प्लेटफॉर्म नंबर-4 पर हुई। इसमें तीन एसी बोगियां पूरी तरह जल गई हैं। बोगियों में किसी यात्री के न होने से बड़ा हादसा टल गया।

### सहारनपुर में यात्री गाड़ी का एक डिब्बा बेपटरी

सहारनपुर। रेलवे स्टेशन के पास माल गोदाम पर रविवार दोपहर 01619 दिल्ली-शामली यात्री गाड़ी पटरी से उतर गई। कार्यवाहक स्टेशन अधीक्षक और आरपीएफ के निरीक्षक मोहित त्यागी ने बताया कि हादसे के दौरान ट्रेन खाली थी और धुलाई के लिए जा रही थी इसी दौरान उसका एक डिब्बा पटरी से उतर गया। किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

## रिटायर्ड आईआरएस अधिकारी पर चाकू से किया हमला

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में रविवार तड़के चोर ने घर में घुसकर भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 61 वर्षीय सेवानिवृत्त अधिकारी और उनकी पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि पीड़ित अभय सिंह के अलावा उनकी पत्नी अनुपमा को भी मामूली चोट लगी है, दोनों को इलाज के बाद एम्स से छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने मेरठ निवासी शातिर चोर जितेन्द्र (38) को गिरफ्तार कर लिया है।

# पुणे के जलभराव वाले क्षेत्र में सेना तैनात

पुणे/मुंबई, एजेंसी



पुणे के जलमग्न इलाके में रविवार को बचाव अभियान में जुटे कर्मचारी।

पुणे में बारिश और खड़कवासला बांध से पानी छोड़े जाने के बाद शहर के जलभराव वाले इलाकों में सेना तैनात है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुणे के खड़कवासला, मुलशी, पवना और अन्य बांधों से पानी छोड़े जाने के मद्देनजर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अधिकारियों को सतर्कता बरतने को कहा है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जरूरत पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना की मदद से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए। शिंदे ने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पुणे शहर और अन्य क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। पुणे महानगर पालिका के आयुक्त और जिलाधिकारियों को भी निर्देश दिए गए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खड़कवासला, मुलशी, पवना और अन्य बांधों से पानी छोड़ने के बाद खतरे वाले क्षेत्रों के लोगों और बांध तथा बाढ़ रेखा में रहने वालों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए।

### मध्यप्रदेश में वर्षाजनित हादसों में 13 की मौत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में लगातार हो रही बारिश से बाढ़ जैसे हालात हैं। बारिश से सभी नदी नाले उफान पर हैं। वहीं, वर्षाजनित दो हादसों में तेरह बच्चों की जान चली गई। मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया कि प्रदेश के उत्तर पूर्वी हिस्से में बना गहरा अवसाद और ट्रफ लाइन से बुंदेलखंड अंचल के सागर, दमोह, पन्ना सहित अन्य स्थानों पर बारिश हुई। साथ ही विंध्य अंचल के रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली सहित अन्य स्थानों पर बारिश का दौर जारी है।

## जीवित बचे लोगों के पुनर्वास के लिए मॉडल परियोजना होगी तैयार

**वायनाड भूस्खलन**

**वायनाड (केरल)।** केरल के वायनाड जिले में हुई भूस्खलन से विस्थापित लोगों के पुनर्वास के लिए टाउनशिप बनाने संबंधी मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की घोषणा के बाद, राज्य के उद्योग मंत्री पी राजीव ने रविवार को कहा कि इसके लिए मॉडल परियोजना तैयार होगी।

वायनाड समाहरणालय में बागान मालिकों और प्रतिनिधियों की बैठक में राजीव ने कहा कि सरकार का लक्ष्य सभी के सहयोग से सुरक्षित टाउनशिप बनाना है। मंत्री ने कहा कि पुनर्वास परियोजना संकट राहत कोष से क्रियान्वित होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष (सीएमडीआरएफ) के खिलाफ सोशल मीडिया पर चलाए अभियान को भी निराधार बताया। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग के सचिव इस कोष के प्रभारी हैं और एक-एक रुपये का हिसाब रखा जाता है।

# 30 साल बाद फर्जी मुठभेड़ मामला मुआवजा देने के बाद हुआ बंद

- असम में पांच युवकों के हत्या में कोर्ट के निर्देश पर परिजनों को मिले 20-20 लाख रुपये
- मामले में एक मेजर जनरल और दो कर्नल सहित सात आरोपी सैन्यकर्मी सजा से बच गए

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में फर्जी मुठभेड़ में पांच युवकों के मारे जाने की घटना में अदालत के निर्देश पर उनके परिजनों को 20-20 लाख रुपये मुआवजे के तौर पर देने के बाद 30 साल तक जारी रही कानूनी लड़ाई का अंत हो गया। इस मामले में एक मेजर जनरल और दो कर्नल सहित सात आरोपी सैन्यकर्मी सजा से बच गए।

सैन्य अदालत और सीबीआई की जांच में पाया गया था कि वे कथित अपराध में शामिल थे। बाद में कोर्ट मार्शल अधिकारियों ने मामले की समीक्षा की और कुछ और सबूत जुटाए, जिसके बाद घोषणा की गई कि सेना के जवान दोषी नहीं हैं। ये सभी सैनिक अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उग्रवादी समूह उल्फा ने फरवरी 1994 में चाय बागान के प्रबंधक की हत्या की थी, जिसके बाद 18वीं पंजाब रेजिमेंट की टीम ने 17 और 19 फरवरी 1994 को तिनसुकिया में प्रबीन, अखिल, देबजीत, प्रदीप और भूपेन को पकड़ा था। 23 फरवरी को पांचों के शव पुलिस को सौंपे गए थे और सेना का दावा था कि ये मुठभेड़ में मारे गए।

## असम सरकार लव जिहाद में उम्रकैद के लिए जल्द कानून लाएगी : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार जल्द लव जिहाद के मामलों में उम्रकैद के लिए नया कानून लाएगी। राज्य भाजपा कार्यकारिणी की बैठक में उन्होंने कहा कि हमने चुनाव के दौरान लव जिहाद के बारे में बात की थी। हम जल्द कानून लाएंगे, जिसमें ऐसे मामलों में उम्रकैद की सजा होगी।

शर्मा ने कहा कि जल्द नई अधिवास नीति पेश की जाएगी, जिसके तहत केवल असम में जन्में लोग ही राज्य सरकार की नौकरियों के पात्र होंगे। चुनाव पूर्व वादे के अनुसार दी गई एक लाख सरकारी नौकरियों में स्वदेशी लोगों को प्राथमिकता मिली है, जो पूरी सूची प्रकाशित होने पर स्पष्ट होगी। सरकार ने हिंदुओं और मुसलमानों के बीच जमीन की बिक्री पर भी फैसला किया है। राज्य सरकार ऐसे लेनदेन को रोक नहीं सकती है, लेकिन मुख्यमंत्री की सहमति अनिवार्य किया गया है।

# एल्डरमैन की नियुक्ति पर फैसला आज

नई दिल्ली, एजेंसी



- उपराज्यपाल के फैसले को चुनौती वाली याचिका पर सुप्रीट कोर्ट कर रहा सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट दिल्ली की आप सरकार की याचिका पर आज (पांच अगस्त) अपना फैसला सुनाएगा, जिसमें मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के बिना दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में एल्डरमैन नामित करने के उपराज्यपाल के फैसले को चुनौती दी गई है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ ने पिछले साल 17 मई को फैसला सुरक्षित रखा था। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के अनुसार, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ फैसला सुनाएगी। पिछले साल शीर्ष अदालत ने कहा था कि उपराज्यपाल को एमसीडी में पार्षदों को नामित करने का अधिकार देने का मतलब होगा कि वह निर्वाचित नगर निकाय को अस्थिर कर सकते हैं। एमसीडी में 250 निर्वाचित और 10 नामित सदस्य हैं। दिसंबर 2022 में आप ने नगर निगम चुनाव में 134 वार्ड में जीत के साथ एमसीडी पर भाजपा के 15 साल के शासन को समाप्त कर दिया था। भाजपा ने 104 सीट जीतीं और कांग्रेस नौ सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। शीर्ष अदालत ने कहा था कि उपराज्यपाल को यह शक्ति देने का मतलब होगा कि वह निर्वाचित नगर समितियों को अस्थिर कर सकते हैं, क्योंकि उनके पास (एल्डरमैन) मतदान का अधिकार भी होगा।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### एफपीआई ने शेयरों में 32,365 करोड़ डाले

**नई दिल्ली।** नीतिगत सुधार जारी रहने की उम्मीद, सतत आर्थिक वृद्धि तथा कंपनियों के उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजों की वजह से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने जुलाई में भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 32,365 करोड़ रुपये का निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, इस महीने के पहले दो कारोबारी सत्रों (1-2 अगस्त) को एफपीआई ने शेयरों से 1,027 करोड़ रुपये निकाले हैं। बजट में इक्विटी निवेश पर पूंजीगत लाभ कर में बढ़ोतरी की घोषणा के बाद से एफपीआई प्रवाह में मिला-जुला रुख देखने को मिला है।

### चाय बोर्ड ने उत्तर बंगाल के बागानों का किया दौरा

**कोलकाता।** चाय बोर्ड के अधिकारियों की विशेष टीम ने उत्तर बंगाल के कई चाय बागानों का निरीक्षण किया ताकि वहां पैदा होने वाली चाय की फसल की पत्तियों की गुणवत्ता का पता लगाया जा सके। चाय बोर्ड के अधिकारी ने बताया कि इन बागानों से कई नमूने एकत्र किए गए हैं और उनकी गुणवत्ता निर्धारित की जाएगी। पिछले कई दिनों से उत्तर बंगाल के विभिन्न चाय बागानों में बड़े पैमाने पर यह अभियान चलाया जा रहा है। चाय बोर्ड ने इन बागानों से नमूने जुटाए हैं और चाय विपणन नियंत्रण आदेश (टीएमसीओ) के प्रावधानों के अनुसार भविष्य की कार्रवाई तय की जाएगी।

### देश में सीमेंट की मांग 7-8% बढ़ेगी : अल्ट्राटेक

**नई दिल्ली।** देश में चालू वित्त वर्ष में सीमेंट की मांग 7 से 8 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अल्ट्राटेक सीमेंट ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस वृद्धि को देशभर में निर्माण गतिविधियों में बढ़ोतरी से मदद मिलेगी। आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी ने कहा कि इस बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए सीमेंट उद्योग में अगले वित्त वर्ष (2025-26) में 3.5 से चार करोड़ टन क्षमता बढ़ने का अनुमान है।

# रिजर्व बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, आर्थिक आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

## विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और कंपनियों के नतीजे बाजार के लिए रहेंगे महत्वपूर्ण

नई दिल्ली, एजेंसी



- लंबे समय की स्थिरता के बाद बाजार में दिखने लगे कमजोरी का संकेत

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर पर निर्णय, वृहद आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक बाजारों के रुख से इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और कंपनियों के पहली तिमाही के नतीजे बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। सेवा क्षेत्र के एचएसबीसी पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) आंकड़ों की घोषणा आज होगी।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि इस सप्ताह सभी की निगाह वैश्विक बाजारों पर रहेगी। लंबे समय की स्थिरता के बाद बाजार में कमजोरी का संकेत दिखने लगा है। इससे भारतीय बाजार की मजबूती की परख होगी, जो तरलता की बेहतर स्थिति की वजह से अभी तक जुझारू बना हुआ है।

मीणा ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर आठ अगस्त को आने वाली रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक महत्वपूर्ण रहेगी। इस सप्ताह के दौरान भारती एयरटेल, बीईएमएल, ओएनजीसी, एनएचपीसी, भारतीय जीवन बीमा निगम और एमआरएफ जैसी बड़ी कंपनियां अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि ऊंचे मूल्यांकन से बाजार में कुछ कमजोरी आ सकती है। आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक से ब्याज दरों के परिदृश्य पर कुछ संकेत मिलेगा।

### शीर्ष आठ कंपनियों की पूंजी 1.29 लाख करोड़ घटी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन में 1,28,913.5 करोड़ की गिरावट आई। आईटी की प्रमुख कंपनियां टीसीएस और इन्फोसिस नुकसान में रहीं। टीसीएस की पूंजी घटकर 15,49,626.88 करोड़, इन्फोसिस की घटकर 7,56,250.47 करोड़, आईटीसी की घटकर 6,11,423.11 करोड़ और एसबीआई की पूंजी घटकर 7,56,717.85 करोड़, रिलायंस इंडस्ट्रीज की घटकर 20,28,695.57 करोड़, भारती एयरटेल की घटकर 8,50,389.88 करोड़, आईसीआईसीआई बैंक की 8,42,176.78 करोड़ और हिंदुस्तान यूनिलीवर घटकर 6,32,862.41 करोड़ रुपये रह गई। वहीं एचडीएफसी बैंक की पूंजी बढ़कर 12,63,601.40 करोड़ और एलआईसी की बढ़कर 7,47,677.98 करोड़ रुपये रहा।

## विदेश पर्यटन पर खर्च 2034 तक 55 अरब डॉलर होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत से विदेश जाने वाले पर्यटन पर खर्च 2024 के 18.82 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2034 में 55.39 अरब डॉलर होने का अनुमान है। नांगिया एनएक्सटी और फिक्की की संयुक्त रिपोर्ट नेविगेटिंग होराइजन्स में कहा गया कि पैकेज्ड टूर अब भी भारत के विदेशी पर्यटन पर हावी हैं। 2024 में इसकी हिस्सेदारी 39.20% होगी। पर्यटक अधिक सुविधा और अनुकूलन के कारण पूर्व नियोजित टूर पैकेज को प्राथमिकता देते हैं। भारतीय या शाकाहारी भोजन के विकल्पों की उपलब्धता के साथ विशिष्ट पर्यटन के बारे में जागरूकता से आने वाले वर्षों में भारत से विदेश जाने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। खर्च में बढ़ोतरी, बढ़ते मध्यम वर्ग, वीजा में आसानी और अंतर्राष्ट्रीय अनुभवों से बाजार में मजबूत वृद्धि देखी गई है।

# आईआईएचएल ने एनसीएलटी के आदेश का नहीं किया पालन

- एनसीएलटी दाखिल कर रिलायंस कैपिटल प्रशासक ने लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल (आरकैप) के प्रशासक ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में हलफनामा दायर किया है। आरकैप ने इसमें आईआईएचएल पर गैर-अनुपालन का आरोप लगाते हुए कहा है कि हिंदुजा समूह की कंपनी न्यायाधिकरण के 23 जुलाई के आदेश में निर्धारित शर्तों को पूरा करने में विफल रही है। हालांकि, बाद में आईआईएचएल ने एक बयान में आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि एनसीएलटी के आदेश की कोई अवमानना नहीं हुई है।

प्रशासक ने अपने हलफनामे में एनसीएलटी को सूचित किया कि भारत और विदेश में ऋणदाताओं की समिति (सीओ सी) के निर्दिष्ट एस्क्रो (किसी तीसरे पक्ष के) खातों में 2,750 करोड़ जमा करने के बजाय इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) ने अपने खातों के साथ प्रवर्तकों के खातों में भी धन जमा कर दिया है। आरोपों का खंडन करते हुए आईआईएचएल ने कहा कि एनसीएलटी के निर्देशानुसार आईआईएचएल ने दायित्वों का पालन करने में न तो कोई चूक की है और न कोई अवमानना की है। आईआईएचएल ने एक अलग हलफनामे में कहा था कि उसके पास राशि है और एस्क्रो खाता खुलने के बाद उसे स्थानांतरित कर दिया जाएगा, जिसके लिए शर्तें भी बताई गई हैं।

# चीन की कंपनियों को निवेश के लिए बुलाना बेहतर विकल्प : विरमानी

- भारत के सामने दो विकल्प- एक चीन की आपूर्ति शृंखला में एकीकृत या एफडीआई को बढ़ावा देना : नीति आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने कहा है भारत के लिए यह बेहतर होगा कि वह चीन से आयात के बजाय वहां की कंपनियों को निवेश और उत्पादन के लिए आकर्षित करे। उन्होंने कहा कि इस तरह के कदम से उत्पादों के स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन मिलेगा।

आम बजट से एक दिन पहले 22 जुलाई को पेश आर्थिक समीक्षा में विनिर्माण को बढ़ावा देने और निर्यात बाजार का लाभ उठाने के लिए चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की वकालत की गई है। विरमानी से इसी बारे में पूछा गया था। विरमानी ने आर्थिक समीक्षा में कहा था, चूंकि अमेरिका और यूरोप अपनी तत्काल सोर्सिंग चीन से हटा रहे हैं, इसलिए चीनी कंपनियों का भारत में निवेश करना अधिक प्रभावी है। समीक्षा में कहा गया था कि 'चीन प्लस वन रणनीति' से लाभ उठाने के लिए भारत के सामने दो विकल्प हैं - वह चीन की आपूर्ति शृंखला में एकीकृत हो सकता है या चीन से एफडीआई को बढ़ावा दे सकता है। विरमानी ने कहा कि हमें चीन से आयात जारी रखने के बजाय इसकी अनुमति देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन विकल्पों में चीन से एफडीआई पर ध्यान देना अमेरिका को भारत का निर्यात बढ़ाने के लिए अधिक आशाजनक लगता है।

## जोमैटो ने ग्राहकों से मंच शुल्क के रूप में 83 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर पर खान-पान का सामान पहुंचाने वाले मंच जोमैटो ने इस साल मार्च तक ग्राहकों से मंच शुल्क के रूप में 83 करोड़ रुपये जुटाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार जोमैटो ने पिछले साल अगस्त में हर ऑर्डर पर मंच शुल्क लेना शुरू किया था। मंच शुल्क को समायोजित राजस्व को बढ़ाने वाले तीन प्रमुख कारकों में से एक बताया है। कंपनी की आमदनी 2023-24 में 27% बढ़कर 7,792 करोड़ हो गई। जीओवी (सकल ऑर्डर मूल्य) के प्रतिशत के रूप में समायोजित राजस्व में वृद्धि जारी रही।

# बैंकिंग प्रणाली में वापस आ सकते हैं निवेशक

- डेरिवेटिव में 90% निवेशकों को उठाना पड़ रहा नुकसान : एसबीआई चेयरमैन

मुंबई, एजेंसी

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा है कि खुदरा निवेशकों को डेरिवेटिव बाजार में दांव से हतोत्साहित करने वाले नियामकीय कदमों से बैंकिंग प्रणाली को जमा जुटाने में मदद मिल सकती है। खारा ने कहा कि अल्पकालिक और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर बदलाव जैसी बजट घोषणाओं से जमा वृद्धि के नजरिये से ज्यादा फायदा नहीं होगा।

खारा ने कहा कि नियामक द्वारा खुदरा निवेशकों के लिए एफएंडओ (वायदा और विकल्प) जैसी चीजों को हतोत्साहित किया जा रहा है। जो लोग इस तरह के साधन का सहारा ले रहे हैं, वे बैंकिंग प्रणाली में वापस आ सकते हैं। यह ध्यान देने योग्य है कि डेरिवेटिव कारोबार में 90% निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में यह आशंका पैदा हो रही है कि परिवारों की बचत उत्पादक उद्देश्यों में लगने के बजाय 'सट्टेबाजी' में उड़ रही है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अनुसार, अकेले वित्त वर्ष 2023-24 में खुदरा निवेशकों को ऐसी गतिविधियों में 52,000 करोड़ का नुकसान हुआ, जिसपर अंकुश लगाने की जरूरत है। सेबी ऐसे दांव पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से 7 सूत्रीय योजना लेकर आया है, जबकि बजट में इस पर अंकुश के लिए कुछ कदम उठाए गए हैं। तीन वर्षों से जमा वृद्धि ऋण में बढ़ोतरी से साथ तालमेल बैठाने में असमर्थ है।

### बैंक परिवारों की बचत को जमा करने का प्रमुख साधन

खारा ने कहा कि यह पैसा वैकल्पिक साधनों मसलन पूंजी बाजार में जा रहा है। बैंक खाता परिवारों की बचत को जमा करने का प्रमुख साधन है और इस पर ब्याज मिलता है। उन्होंने याद दिलाया कि 2011 में भी ऋण वृद्धि जमा वृद्धि से अधिक थी। वर्तमान में जमा और ऋण वृद्धि के बीच के अंतर के बारे में चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, जिससे बैंक कर्ज देने में धीमी गति से आगे बढ़ रहे हैं, जो समग्र आर्थिक वृद्धि के लिए नुकसानदायक हो सकता है। एसबीआई के पास 20% की बाजार हिस्सेदारी है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में एसबीआई ऋण में 15& और जमा में आठ प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रहा है।




# पेरिस ओलंपिक 2024



## आज भारत के मुकाबले

- **निशानेबाजी :** स्कीट मिश्रित टीम (क्वालीफिकेशन) : महेश्वरी चौहान और अनंतजीत सिंह नरुका – दोपहर 12.30 बजे
- **टेबल टेनिस :** महिला टीम (प्री क्वार्टर फाइनल) : भारत बनाम रोमानिया – दोपहर 1.30 बजे
- **नौकायन :** महिला डिंगी (ओपनिंग सीरीज) : रेस 9 दोपहर 3.45 बजे। महिला डिंगी (ओपनिंग सीरीज) : रेस 10 शाम 4.53 बजे। पुरुष डिंगी (ओपनिंग सीरीज) : रेस 9 शाम 6.10 बजे। पुरुष डिंगी (ओपनिंग सीरीज) : रेस 10 शाम 7.15 बजे
- **एथलेटिक्स :** महिला 400 मीटर **(पहला दौर) :** किरण पहल (हीट पांच) दोपहर 3.57 बजे, पुरुष 3,000 मीटर स्टीपलचेज (पहला दौर) : अविनाश साबले (हीट दो) रात 10.50 बजे
- **बैडमिंटन :** पुरुष एकल (कांस्य पदक प्लेऑफ) : लक्ष्य सेन बनाम ली जी जिया (मलेशिया) – शाम 6.00 से शुरू होगा।

## खेल डायरी

### विजयवीर 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल क्वालिफिकेशन के शीर्ष पांच में



**पेरिस।** भारतीय निशानेबाज विजयवीर सिद्धू पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल क्वालिफिकेशन स्टेज में पहले चरण के बाद 293-14x के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहे। विजयवीर ने आज चेटेउरौक्स में 9.767 के औसत से 98, 98 और 97 का स्कोर बनाया। इस बीच अनीश भानवाला पहले चरण के बाद सातवें स्थान पर हैं। उन्होंने विजयवीर के समान औसत से 293-11x का स्कोर बनाया।

### सबालेंका को हराकर बौजकोवा फाइनल में

**वाशिंगटन।** चेक गणराज्य की मैरी बौज़कोवा ने शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को हराकर मुबाडाला सिटी डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। बौजकोवा ने बारिश से प्रभावित इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सबालेंका को 6-4, 3-6, 6-3 से हराया। फाइनल में उनका मुकाबला स्पेन की पाउला बडोसा से होगा जिन्होंने अमेरिका की कैरोलिन डोलेहाइड को 6-3, 6-3 से पराजित किया। पुरुषों के फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त सेबेस्टियन कोर्डा का सामना इटली के 10वीं वरीयता प्राप्त फ्लेवियो कोबोली से होगा। कोर्डा ने पांचवीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो को 6-4, 6-4 से जबकि कोबोली ने दूसरे वरीय बेन शेल्टन को 4-6, 7-5, 6-3 से हराया।

### लंबी कूद फाइनल में जगह नहीं बना सके एल्ड्रिन

**पेरिस।** भारतीय एथलीट जेसविन एल्ड्रिन ने रविवार को पेरिस ओलंपिक में स्टेड डी फ्रांस में पुरुषों की लंबी कूद में 26वें स्थान पर रहे और फाइनल में जगह नहीं बना सके। जेसविन ने क्वालिफिकेशन ग्रुप बी में 7.61 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जेसविन अपने समूह में 16 खिलाड़ियों में से 13वें स्थान पर रहे। वह क्वालीफिकेशन स्टैंडर्ड (8.15 मीटर) को पार करने में विफल रहे और दोनों समूहों के शीर्ष 12 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में भी शामिल नहीं हो सके। 22 वर्षीय लॉन्ग जंपर कुल मिलाकर स्टैंडिंग में 26वें स्थान पर रहे और फाइनल में जगह नहीं बना सके।

### जूलियन बनी ओलंपिक की फर्राटा क्वीन

**सेंट डेनिस (फ्रांस)।** सेंट लूसिया की जूलियन अल्फ्रेड ने प्रबल दावेदार शाकैरी रिचर्डसन को पीछे छोड़कर महिलाओं की 100 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता और इस तरह से पेरिस ओलंपिक खेलों की फर्राटा क्वीन बनने का गौरव हासिल किया। अल्फ्रेड ने 10.72 सेकंड में दौड़ पूरी करके देश को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। अमेरिका की रिचर्डसन 10.87 सेकंड का समय लेकर दूसरे जबकि अभ्यास में उनकी साथी मेलिसा 10.92 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। सेंट लूसिया की एथलीट को जमैका की शेली एन फ्रेज़र प्राइस हट जाने का भी फायदा मिला।

### स्कीट फाइनल में चूकीं माहेश्वरी चौहान



**पेरिस।** भारतीय निशानेबाज महेश्वरी चौहान और रायजा ढिल्लों रविवार को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में महिलाओं की स्कीट फाइनल के लिए कट-ऑफ से चूक गईं और क्वालिफिकेशन स्पर्धा में इनका अभियान समाप्त हो गया। मौजूदा एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता माहेश्वरी चौथे दौर के अंत तक पदक की दावेदारी थीं। हालांकि अंतिम राउंड में तीन चूक के बाद 22/25 का स्कोर बनाकर वह कुल 118/125 के साथ 14वें स्थान पर रहीं। हालांकि रायजा ने पहले दिन की कमी की भरपाई कर ली लेकिन यह उन्हें क्वालिफिकेशन स्टैंडिंग में शीर्ष 20 में पहुंचाने के लिए काफी नहीं था। वह 113/125 के स्कोर के साथ 23वें स्थान पर रहीं। केवल शीर्ष छह निशानेबाज ही फाइनल में पहुंचे। भारत के अनंत जीत सिंह नरूका भी शनिवार को पुरुष स्कीट फाइनल में जगह नहीं बना सके। इससे पहले भारतीय निशानेबाज विजयवीर सिद्धू पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल क्वालिफिकेशन स्टेज में पहले चरण के बाद 293-14x के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहे। विजयवीर ने आज चेटेउरौक्स में 9.767 के औसत से 98, 98 और 97 का स्कोर बनाया।

## एल्ड्रिन और पारुल ओलंपिक से बाहर

पेरिस, एजेंसी




भारत का पेरिस ओलंपिक खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में निराशाजनक प्रदर्शन रविवार को भी जारी रहा जब राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक पारुल चौधरी और जेसविन एल्ड्रिन क्रमशः महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ और पुरुषों की लंबी कूद में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे। पारुल ने अपनी हीट रेस में आठवें और कुल मिलाकर 21वें स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपना अभियान समाप्त किया।

ओलंपिक से पहले अमेरिका में पेरिस की अनुकूल परिस्थितियों में अभ्यास करने वाली 29 वर्षीय पारुल ने 9:23.39 सेकेंड में दूरी तय की, जो उनके इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह हालांकि अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड 9:15.31 सेकंड से पीछे रही। तीन हीट रेस में से प्रत्येक में शीर्ष पांच में जगह बनाने वाले एथलीट फाइनल में प्रवेश करते हैं। पारुल की हीट रेस में युगांडा की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन पेरुथ चेमुताई ने 9:10.51 के साथ पहले नंबर पर रही। कीनिया की फेथ चेरोटिच 9:10.57 और जर्मनी के गेसा फेलिसिटास क्रूस (9:10.68) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रही।

## पदक जीतने तक संन्यास नहीं लूंगी: दीपिका कुमारी

**पेरिस।** लगातार चार ओलंपिक में विफल रही कई बार की विश्व कप पदक विजेता तीरंदाज दीपिका कुमारी ने कहा है कि वह पोडियम पर पहुंचने तक खेल को अलविदा नहीं कहेंगी और उन्हें लगता है कि चार साल बाद लॉस एंजिलिस में वह ऐसा करने में कामयाब रहेंगी।दीपिका खेलों के सबसे बड़े मंच पर दबाव भरे हालात में विफल रही हैं।

उन्होंने यहां इंडिया हाउस में कहा निश्चित रूप से मैं भविष्य में और खेलना चाहती हूं और अपना खेल जारी रखूंगी। मैं ओलंपिक पदक जीतना चाहती हूं और जब तक मैं इसे हासिल नहीं कर लेती, तब तक मैं खेल नह छोड़ूंगी। मैं कड़ी मेहनत करूंगी और मजबूती से वापसी करूंगी। दीपिका कहा मैं और मजबूती से पेश करूंगी।

## नोवाक जोकोविच ने जीता पहला ओलंपिक स्वर्ण



पेरिस, एजेंसी

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने रविवार को पुरुष टेनिस एकल फाइनल में कार्लोस अल्काराज को सीधे सेट में हराकर अपना पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता।

37 साल के सर्बिया के जोकोविच ने स्पेन के अल्काराज के खिलाफ 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की और अपने 24 ग्रैंडस्लैम खिताब में एक और उपलब्धि जोड़ दी। जोकोविच इसके अलावा पुरुष और महिला दोनों वर्ग में सबसे अधिक हफ्तों तक नंबर एक रैंकिंग पर काबिज रहने वाले खिलाड़ी हैं। मौजूदा खेलों में सेमीफाइनल में इटली के कांस्य पदक विजेता लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ जीत से पहले जोकोविच ने अपने तीनों ओलंपिक सेमीफाइनल गंवाए थे। जोकोविच 2008 में बीजिंग में रफेल नडाल, 2012 में लंदन में एंडी मरे और तीन साल पहले तोक्यो में एलेक्जेंडर ज्वेरेव से हार गए थे। इन सभी ने बाद में स्वर्ण पदक जीता। जोकोविच 1908 के बाद से टेनिस में एकल स्वर्ण जीतने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति हैं और उन्होंने स्पेन के 21 वर्षीय अल्काराज को सबसे कम उम्र का स्वर्ण पदक विजेता बनने से रोक दिया।

# भारतीय डिफेंस की दीवार ने ब्रिटेन को रोका

## दस खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए ब्रिटेन को रोमांचक शूटआउट में हराकर भारत सेमीफाइनल में पहुंचा

शूटआउट में गोल दागने के बाद कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कुछ यूं मनाया जश्न। ● एजेंसी »





शूटआउट में दमदार प्रदर्शन कर जीतने के बाद जश्न मनाती भारतीय हॉकी टीम। ● एजेंसी

पेरिस, एजेंसी

अपना आखिरी टूर्नामेंट खेल रहे पी आर श्रीजेश एक बार फिर भारतीय हॉकी की दीवार साबित हुए और 42 मिनट तक दस खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद भारत ने ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

तारीफ करनी होगी भारतीय डिफेंस की जिसने 36 वर्ष के श्रीजेश की अगुवाई में ब्रिटेन के हर हमले का बचाव करते हुए उसे बढत नहीं बनाने दी। ब्रिटेन ने 28 बार भारतीय गोल पर हमला बोला और महज एक कामयाबी मिली। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर रहने पर मुकाबला शूटआउट में गया। शूटआउट में भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल ने गोल दागे जबकि इंग्लैंड के जेम्स अलबेरी और जाक वालांस ही गोल कर सके। कोनोर विलियमसन का निशाना चूका और फिलिप रोपर का शॉट श्रीजेश ने बचाया। भारत को छह अगस्त के सेमीफाइनल में जर्मनी-अर्जेंटीना के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से खेलना है।

तोक्यो ओलंपिक में ब्रिटेन को ही हराकर भारतीय टीम अंतिम चार में पहुंची थी। श्रीजेश तोक्यो में कांस्य पदक के मुकाबले में जर्मनी के खिलाफ भी भारत की दीवार साबित हुए थे और उन्होंने पेरिस ओलंपिक के अब तक के सबसे कठिन मुकाबले में भी अपेक्षाओं पर खरे उतरकर दिखाया। निर्धारित समय में भारत के लिए हरमनप्रीत ने 22वें और ली मोर्टन ने 27वें मिनट में गोल दागा था। भारत को जवाबी हमले में 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे हरमनप्रीत ने गोल में बदला। यह उनका सातवां गोल था। तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम फिर गेंद पर नियंत्रण के लिए जूझती नजर आई। ब्रिटेन ने पहले ही मिनट से आक्रामक खेल दिखाया और 36वें मिनट में उसे पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर फर्लोंग का शॉट श्रीजेश ने बचाया। भारत की तारीफ करनी होगी कि दस खिलाड़ियों के साथ उसने गोल नहीं गंवाया। इससे पहले शुरूआती क्वार्टर में भारतीय डिफेंस ने जबर्दस्त मुस्तैदी दिखाते हुए ब्रिटेन के कई हमलों को नेस्तनाबूद किया।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 19 | 15 | 11 | 45 |
| अमेरिका | 18 | 26 | 25 | 69 |
| फ्रांस | 12 | 14 | 17 | 43 |
| ऑस्ट्रेलिया | 12 | 10 | 7 | 29 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 10 | 12 | 15 | 37 |
| द. कोरिया | 10 | 7 | 7 | 24 |
| जापान | 8 | 5 | 10 | 23 |
| इटली | 7 | 9 | 5 | 21 |
| नीदरलैंड | 6 | 5 | 4 | 15 |
| जर्मनी | 5 | 5 | 2 | 12 |
| भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |

## सेमीफाइनल में हारे लक्ष्य खेलेंगे कांस्य मुकाबला

पेरिस, एजेंसी



भारत के लक्ष्य सेन दोनों गेम में बढ़त बनाने के बावजूद पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन पुरुष एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में डेनमार्क के दूसरे वरीय और गत चैंपियन विक्टर एक्सेलसन से सीधे गेम में हार गए और अब कांस्य के मुकाबले में खेलेंगे।

ओलंपिक सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष और दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को रियो ओलंपिक के कांस्य और तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता एक्सेलसन के खिलाफ 54 मिनट में 20-22, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। दो बार के पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी एक्सेलसन के खिलाफ लक्ष्य की नौ मैचों में यह आठवीं हार है। लक्ष्य अब कांस्य पदक के मुकाबले में मलेशिया के सातवें वरीय ली जी जिया से भिड़ेंगे जिन्हें थाईलैंड के आठवें वरीय कुनलावुत वितिदसार्न के खिलाफ एक अन्य सेमीफाइनल में 14-121, 15-21 से हार झेलनी पड़ी। फाइनल एक्सेलसन और वितिदसार्न के बीच होगा।



### स्पेन से हारकर बेल्जियम पदक की दौड़ से बाहर

**पेरिस।** मौजूदा चैंपियन बेल्जियम पेरिस ओलंपिक की पुरुष हॉकी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में स्पेन से 2-3 से हारकर पदक की दौड़ से बाहर हो गया। बेल्जियम की एकमात्र टीम है जिसने पूल बी में भारत को हराया था। इसके अलावा भारतीय टीम एक भी मैच अभी तक नहीं हारी है। स्पेन के लिये जोस मारिया बस्टेरा ने 40वें, मार्क रेनी ने 55वें और मार्क मिरालेस ने 57वें मिनट में गोल किए। वहीं बेल्जियम के लिये आर्थर डि स्लूवेर ने 41वें और अलेक्जेंडर हेंडरिक्स ने 58वें मिनट में गोल दागा।

# वैंडरसे की फिरकी में फंसा भारत

कोलंबो, एजेंसी



जीत के बाद जश्न मनाते श्रीलंका के खिलाड़ी।

- भारत को 32 रनों से मिली हार रोहित का अर्धशतक
- तीन मैचों की शृंखला में बनाई 1-0 की बढ़त

जेफ्री वैंडरसे (छह विकेट) चरित असलंका (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका ने रविवार को खेले गए दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारत को 32 रनों से हरा दिया है। यह 2021 के बाद भारत के खिलाफ श्रीलंका की पहली एकदिवसीय जीत है।

214 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल की जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 97 रनों की साझेदारी की। जेफ्री वैंडरसे ने 14वें ओवर में कप्तान रोहित (64) को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद 18 ओवर में वैंडर ने शुभमन गिल (35) को आउट किया। विराट (14), शिवम (0), श्रेयस (7) और के एल राहुल (0) को भी वैंडर ने आउट किया। अक्षर पटेल ने वॉशिंगटन के साथ 38 रनों की साझेदारी कर जीत की उम्मीद को बनाए रखा। चरित असलंका ने अक्षर पटेल (44) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। असलंका ने वॉशिंगटन सुंदर (15) को भी पगबाधा आउट कर भारत को आठवां झटका दिया। सिराज (4) भी असलंका का शिकार बने। दसवें विकेट के रूप में अर्शदीप सिंह (3) रनआउट हुए। भारतीय टीम 42.2 ओवर में 208 रन पर सिमट गई। श्रीलंका की ओर से जेफ्री वैंडरसे ने 33 रन देकर छह विकेट लिए। चरित असलंका को चार विकेट मिले।

इससे पहले आज यहां श्रीलंका के कप्तान चरित असलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।अविष्का फर्नांडों (40) कामिंडु मेंडिस (40) तथा दुनित वेल्लालगे (39) की उपयोगी पारियों की बदौलत श्रीलंका ने भारत को जीत के लिए 241 रनों का लक्ष्य दिया। श्रीलंका की शुरुआत खराब रहीं। दूसरे विकेट के लिए अविष्का फर्नाडों और कुसल मेंडिस ने 74 रनों की साझेदारी की। सुंदर ने 17वें ओवर में अविष्का को अपनी ही गेंद पर कैच कर भारत को दूसरा विकेट दिलाया। इसके बाद कुसल मेंडिस और सदीरा समरविक्रमा ने तीसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़े।

### स्कोर बोर्ड

**श्रीलंका 240/9 (50 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पाथुम निसांका का राहुल बो सिराज | 0 | 1 | 0/0 |
| अविष्का फर्नांडो का एवं बो सुंदर | 40 | 62 | 5/0 |
| कुसल मेंडिस पगबाधा बो सुंदर | 30 | 42 | 3/0 |
| सदीरा समरविक्रमा का कोहली बो पटेल | 14 | 31 | 1/0 |
| चरिथ असालंका का पटेल बो सुंदर | 25 | 42 | 3/0 |
| जनिथ लियानागे का एवं बो कुलदीप | 12 | 29 | 0/0 |
| दुनिथ वेलालागे का दुबे बो कुलदीप | 39 | 35 | 1/2 |
| कामिंदु मेंडिस रन आउट | 40 | 44 | 4/0 |
| अकिला धनंजय रन आउट | 15 | 13 | 2/0 |
| जेफ्रे वैंडरसे नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

गेंदबाजी : सिराज 8-1-43-1, अर्शदीप 9-0-58-0, अक्षर 9-0-38-1, सुंदर 10-1-30-3, कुलदीप 10-1-33-2, रोहित 2-0-11-0

**भारत 208/10 (42.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित कैच पाथुम निसांका बो वैंडरसे | 64 | 44 | 5/4 |
| शुभमन कैच कामिंदु मेंडिस बो वैंडरसे | 35 | 44 | 3/0 |
| विराट कोहली पगबाधा बो वैंडरसे | 14 | 19 | 2/0 |
| शिबम दुबे पगबाधा बो वैंडरसे | 44 | 44 | 4/2 |
| अक्षर पटेल कैच/बो असलंका | 25 | 42 | 3/0 |
| श्रेयस अय्यर पगबाधा बो वैंडरसे | 7 | 9 | 1/0 |
| केएल राहुल बो वैंडरसे | 0 | 2 | 0/0 |
| वाशिंगटन पगबाध असलंका | 15 | 40 | 0/0 |
| कुलदीप नाबाद | 7 | 27 | 0/0 |
| सिराज पगबाधा असलंका | 4 | 18 | 0/0 |
| अर्शदीप सिंह | 3 | 4 | 0/0 |

गेंदबाजी : फर्नेडो 7-0-31-0, वेलालागे 6-0-41-0, धनंजय 10-1-54-0, कामिंदु 3-0-19-0, वैंडरसे 10-0-33-6, असलंका 6.2-2-20-4

## केटी ने 800 फ्रीस्टाइल जीतकर इतिहास रचा



**नानटेरे (फ्रांस)।** केटी लेडेस्की पेरिस ओलंपिक खेलों में महिलाओं की 800 मीटर फ्री स्टाइल में स्वर्ण पदक जीत कर लगातार चार ओलंपिक खेलों में एक प्रतियोगिता को जीतने वाली दूसरी तैराक बन गई है।

लेडेस्की का पेरिस ओलंपिक में यह दूसरा जबकि ओलंपिक खेलों में नौवां स्वर्ण पदक है। वह ओलंपिक में नौ या इससे अधिक स्वर्ण पदक जीतने वाली केवल छठी खिलाड़ी है। लेडेस्की सर्वाधिक पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में तैराक मार्क स्पिट्ज, ट्रैक स्टार कार्ल लुईस, सोवियत जिमनास्ट लैटिनिना और फिनलैंड के धावक पावो नूरमी के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

## क्वार्टर फाइनल में लवलीना भी हारीं मुक्केबाजी में भारतीय चुनौती खत्म

पेरिस, एजेंसी

तोक्यो ओलंपिक की कांस्य विजेता भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) रविवार को यहां चीन की ली कियान से क्वार्टर फाइनल में हारकर मौजूदा पेरिस खेलों से बाहर हो गईं।

लवलीना को इस कड़े मुकाबले में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान दोनों मुक्केबाजों को बार-बार क्लिंचिंग और होल्ड करने के लिए चेतावनी दी गई। लवलीना की हार के साथ ही भारत की मुक्केबाजी में चुनौती भी समाप्त हो गई। निशांत देव के शनिवार रात पुरुषों के 71 किग्रा क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए थे। भारत ने पेरिस ओलंपिक में छह मुक्केबाज उतारे थे। इनमें चार महिला और दो पुरुष मुक्केबाज शामिल हैं।



मुकाबले के दौरान लवलीना (नीली जर्सी) और ली कियान।

### ताइवान की लिन ने पक्का किया पदक

विलेपिंटे (फ्रांस)। ताइवान की मुक्केबाज लिन यू-टिंग ने रविवार को पेरिस खेलों में उनके नाम के नारे लगाने वाली भीड़ के सामने अपना पहला ओलंपिक पदक जीता। इससे एक दिन पहले अल्जीरिया की मुक्केबाज इमान खेलीफ ने भी कई दिनों तक ऑनलाइन दुर्व्यवहार और उनकी भागीदारी को लेकर कड़ी जांच के बाद पदक हासिल किया था। लिन ने महिलाओं के 57 किलोग्राम भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में बुल्गारिया की स्वेतलाना कामेनोवा स्टेनेवा को सर्वसम्मत फैसले में हराया। सेमीफाइनल दौर में पहुंचकर उन्होंने यह सुनिश्चित कर लिया कि वह कम से कम कांस्य पदक जीतेंगी। लिन और खेलीफ लैंगिक पहचान और खेलों में नियमों को लेकर टकराव के केंद्र में रही हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

